वर्ष 69 ▸ अंक 168 ▸ पृष्ठ 12
भोपाल, बुधवार 18 मार्च, 2026
चैत्र कृष्ण पक्ष 14, विक्रम संवत् 2082
महानगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

अक्सर लोग उस नकारात्मक पक्ष पर ध्यान देते हैं कि वे क्या नहीं कर सकते। मैं हमेशा उस सकारात्मक पक्ष को देखता हूं कि मैं क्या कर सकता हूं।
– चक नॉरिस

## ऑफ बीट

### पति 'किराए' पर दिया मामला कोर्ट में पहुंचा




*थाईलैंड से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक महिला ने अपने पति को दूसरी महिला के साथ रहने के लिए 'किराए' पर देने का समझौता कर लिया। यह अनोखा मामला अब कानूनी विवाद में बदल गया है और कोर्ट तक पहुंच चुका है। खुन क्वांग नाम की महिला को शक था कि उसका पति किसी दूसरी महिला के साथ रिश्ते में है। शक के आधार पर उसने अपने पति की जासूसी की और जांच में पति के अफेयर की पुष्टि हुई। इस खुलासे के बाद जहां आमतौर पर तलाक की स्थिति बनती, वहीं इस महिला ने अलग रास्ता चुना। महिला ने तलाक लेने के बजाय एक अनोखा प्रस्ताव रखा। पति को उसकी प्रेमिका के साथ रहने की अनुमति दी जाएगी। इसके बदले पति को हर महीने पत्नी को 85 हजार रुपए देने होंगे।*

# केंद्रीय स्कूलों में ईडब्ल्यूएस बच्चों को प्रवेश, नवोदय में क्यों नहीं: हाईकोर्ट

## मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा जवाब; 2019 से अब तक लाखों छात्र रहे वंचित

**जबलपुर, जेएनएन।** देशभर के 650 से अधिक नवोदय विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के छात्रों को प्रवेश नहीं दिए जाने के मुद्दे पर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब तलब किया है। कोर्ट ने इस मामले में एक सप्ताह के भीतर जवाब देने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को इस मामले की सुनवाई जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ में हुई। अदालत ने सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से डिप्टी सॉलिसिटर जनरल भी उपस्थित रहे। याचिका में अथर्व चतुर्वेदी बनाम राज्य मामले का उल्लेख किया है, जिसमें ईडब्ल्यूएस छात्रों को अवसर न मिलना गंभीर मुद्दा माना गया था। देश में नवोदय विद्यालयों में करीब 2.9 लाख छात्र अध्ययनरत हैं। ऐसे में 2019 से अब तक बड़ी संख्या में ईडब्ल्यूएस छात्र प्रवेश से वंचित रहे हैं।

### यह है मामला

जबलपुर निवासी छात्रा नव्या तिवारी की ओर से उनके अभिभावक धीरज तिवारी ने याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि नवोदय विद्यालयों की स्थापना का उद्देश्य ग्रामीण और वंचित वर्ग के प्रतिभाशाली छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना था, लेकिन वर्तमान प्रवेश नीति में ईडब्ल्यूएस वर्ग को शामिल नहीं किया गया है।




### मुख्य आपत्तिः नवोदय में ईडब्ल्यूएस क्यों नहीं?

याचिका में कहा गया है कि नवोदय विद्यालयों में प्रवेश के दौरान एससी, एसटी, ओबीसी, ग्रामीण छात्र, बालिकाएं और दिव्यांग छात्रों के लिए आरक्षण मौजूद है, लेकिन ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए कोई प्रावधान नहीं है।

### संवैधानिक आधार का दिया गया हवाला

103वें संविधान संशोधन के तहत ईडब्ल्यूएस वर्ग को शैक्षणिक संस्थानों में 10 फीसदी आरक्षण दिया जाना अनिवार्य है। इसके बावजूद नवोदय विद्यालयों में इसे लागू न करना संवैधानिक प्रावधानों की अनदेखी है।

### एक ही मंत्रालय, अलग नियम क्यों?

शिक्षा मंत्रालय के केंद्रीय विद्यालयों में ईडब्ल्यूएस वर्ग को प्रवेश का लाभ मिलता है, लेकिन उसी मंत्रालय के तहत संचालित नवोदय विद्यालयों में यह सुविधा नहीं है। इसे भेदभावपूर्ण बताया गया है।

### क्या है ईडब्ल्यूएस

- ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए बनाया जाता है।
- इसके तहत सामान्य श्रेणी के आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थियों को शिक्षा व सरकारी नौकरियों में 10 फीसदी आरक्षण मिलता है।
- यह लाभ केवल उन्हीं लोगों को मिलता है, जिन्हें एससी, एसटी या ओबीसी जैसे किसी अन्य आरक्षण का फायदा नहीं मिलता।
- वर्ष 2019 में केंद्र सरकार ने संविधान संशोधन के जरिए ईडब्ल्यूएस आरक्षण का प्रावधान लागू किया।

### ईडब्ल्यूएस आरक्षण कब क्या हुआ

- **8 जनवरी 2019:** लोकसभा में बिल पास हुआ, 323 सांसदों ने समर्थन किया।
- **10 जनवरी 2019:** राज्यसभा में 165 वोट समर्थन में और 7 विरोध में पड़े।
- **31 जनवरी 2019:** ईडब्ल्यूएस आरक्षण को लेकर नोटिफिकेशन जारी हुआ।
- **103वां संविधान संशोधन:** इसके लिए अनुच्छेद 15(6) व 16(6) में संशोधन किया।




98वाँ अकेडमी अवॉर्ड्स

# अमेरिका का एक व यूक्रेन के छह नागरिक गिरफ्तार

## भारत के खिलाफ आतंकी साजिश का आरोप

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 7 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें 6 यूक्रेनी और 1 अमेरिकी नागरिक शामिल हैं। एजेंसी का आरोप है कि ये लोग भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों की साजिश रच रहे थे। अमेरिकी नागरिक को कोलकाता एयरपोर्ट पर, जबकि 6 यूक्रेनी नागरिकों में से 3 को लखनऊ एयरपोर्ट और 3 को दिल्ली एयरपोर्ट से पकड़ा गया। यूक्रेन ने भारत के सामने आधिकारिक विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि ऐसा कोई पुख्ता सबूत नहीं है जो उनके नागरिकों की आतंकी संलिप्तता साबित करे उन्हें तुरंत रिहा किया जाए।

जांच एजेंसियों के अनुसार, करीब 14 यूक्रेनी नागरिक टूरिस्ट वीजा पर भारत आए थे। ये पहले गुवाहाटी पहुंचे, फिर मिजोरम गए। वहां से अवैध तरीके से सीमा पार कर म्यांमार पहुंच गए। इससे नेटवर्क के और बड़े होने की आशंका जताई जा रही है।



### यह है आरोप

एनआई के मुताबिक, आरोपी भारत के खिलाफ आतंकी हमलों की साजिश रच रहे थे। इनकी गतिविधियों से सीमा पार खतरे की आशंका बढ़ गई थी। इनके खिलाफ यूएपीए की धारा 18 समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। जांच में यह भी सामने आया है कि ये लोग यूरोप से ड्रोन की बड़ी खेप भारत के रास्ते म्यांमार भेज रहे थे।

# इजरायल का दावा: अली लारीजानी मारे गए, ईरान ने किया खंडन

**तेल अवीव/तेहरान, जेएनएन।** इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच एक बड़ा दावा सामने आया है। इजरायल ने कहा है कि ईरान के वरिष्ठ नेता और सुरक्षा रणनीति से जुड़े प्रमुख चेहरे अली लारीजानी इजरायली हवाई हमलों में मारे गए हैं। हालांकि ईरान ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा है कि लारीजानी सुरक्षित हैं और जल्द ही उनका वीडियो संदेश जारी किया जाएगा।

इजरायल के रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने कहा कि हालिया सैन्य कार्रवाई में ईरान के कई शीर्ष नेता निशाने पर आए। उन्होंने दावा किया कि इन हमलों में अली लारीजानी की मौत हो गई। उनके अनुसार, इन हमलों के बाद ईरानी नेतृत्व कमजोर हुआ है। हालांकि, इन दावों की अभी तक स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

### ईरान का जवाब: जल्द जारी होगा वीडियो संदेश



इजरायल के दावे के तुरंत बाद लारीजानी के कार्यालय ने प्रतिक्रिया दी और मौत की खबर को गलत और भ्रामक बताया। ईरान ने कहा, जल्द ही वीडियो संदेश जारी किया जाएगा, जिससे स्थिति स्पष्ट होगी। ईरानी अधिकारियों ने यह भी कहा कि इस तरह की खबरें युद्धकालीन प्रचार (प्रोपेगेंडा) का हिस्सा हो सकती हैं।

### एक और कमांडर की मौत का दावा

इजरायल ने यह भी दावा किया है कि ईरान के वरिष्ठ कमांडर गुलामरेजा सुलेमानी हालिया हवाई हमलों में मारे गए। इस दावे की भी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो पाई है।

## युद्ध के विरोध में शीर्ष अमेरिकी आतंकरोधी अफसर का इस्तीफा

**वॉशिंगटन/नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिका के नेशनल काउंटरटेररिज्म सेंटर (एनसीटीसी) के निदेशक जो केंट ने ईरान के खिलाफ युद्ध के फैसले का विरोध करते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। केंट, जिन्हें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में नियुक्त किया गया था, ने इस फैसले को अपनी अंतरात्मा के खिलाफ बताया। जो केंट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'मैं अच्छे विवेक के साथ ईरान में जारी युद्ध का समर्थन नहीं कर सकता। ईरान से हमारे देश को कोई तात्कालिक खतरा नहीं था।' जो केंट ने यह भी आरोप लगाया कि यह युद्ध इजराइल और उसके अमेरिकी लॉबी के दबाव में शुरू किया गया। अपने इस्तीफे के आधिकारिक पत्र में केंट ने कहा कि लंबे विचार-विमर्श के बाद उन्होंने पद छोड़ने का फैसला लिया। ईरान युद्ध को लेकर सरकार की नीति से वे सहमत नहीं हैं। यह निर्णय उनके सिद्धांतों और नैतिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने ट्रंप प्रशासन और एनसीटीसी के साथ काम करना अपने लिए सम्मान की बात माना।



संबंधित खबरें पेज-11 पर

MARUTI SUZUKI ARENA

ज़ीरो रोड टैक्स। शानदार जश्न।
उज्जैन मेला 2026 के दौरान रोड टैक्स# में 100% की छूट।



EFFECTIVE PRICE OF ₹3.22* LAKH
EFFECTIVE PRICE OF ₹3.12* LAKH
EFFECTIVE PRICE OF ₹4.46* LAKH
EFFECTIVE PRICE OF ₹4.17* LAKH

#मध्य प्रदेश सरकार द्वारा रोड टैक्स में 50% की छूट और बाकी के 50% रोड टैक्स की छूट कंज्यूमर ऑफर्स के तौर पर (यह छूट ALTO K10, S-PRESSO, WAGONR, CELERIO पर मान्य)

ALTO K10 S-PRESSO WAGONR CELERIO

E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI DEALERSHIP.

**BHOPAL: SRISATYASAI AUTOMOBILES:** 9399022210, 9399022212. **JEEWAN MOTORS:** 9826700574, 9826420748. **SATYAM MOTORS:** 9522422022, 180012311011. **RAJRUP MOTOR JUNCTION:** 0755-4063501, 9926100501. **DAGA MOTORS:** 9109900394, 9109900303.

T&C apply. Please contact your nearest dealership for details. Features, accessories, and specifications may vary by variant and are subject to change without prior notice. Images are for illustration purposes only. Offers and prices may differ by variant, model, location, and city, and are subject to change or withdrawal without notice. Offer values represent the maximum applicable benefits and include consumer, exchange/scrappage, and institutional/fleet offers (where applicable) on select models. The effective price for Alto K10 (Standard) of ₹ 3.22 Lakh has been calculated after deducting the applicable consumer offer of ₹ 20 000, exchange/scrappage bonus of ₹ 25 000, and rural/ISL offer of ₹ 2 500 from the ex-showroom price of ₹ 3.69 Lakh. The effective price for S-presso (Standard) of ₹ 3.12 Lakh has been calculated after deducting the applicable consumer offer of ₹ 10 000, exchange/scrappage bonus of ₹ 25 000, and rural/ISL offer of ₹ 2 500 from the ex-showroom price of ₹ 3.49 Lakh. The effective price for WagonR (LXI) of ₹ 4.46 Lakh has been calculated after deducting the applicable consumer offer of ₹ 25 000, exchange/scrappage bonus of ₹ 25 000, and rural/ISL offer of ₹ 2 500 from the ex-showroom price of ₹ 4.98 Lakh. The effective price for Celerio (LXI) of ₹ 4.17 Lakh has been calculated after deducting the applicable consumer offer of ₹ 25 000, exchange/scrappage bonus of ₹ 25 000, and rural/ISL offer of ₹ 2 500 from the ex-showroom price of ₹ 4.69 Lakh. Finance is at the sole discretion of the financier. #One time 50% rebate in Motor Vehicle tax in payment of lifetime tax of vehicles by Madhya Pradesh Govt. The remaining 50% tax waiver is in the form of consumer offers applicable on AltoK10, Spresso, WagonR, Celerio and Eeco models only. Above offers valid till stock lasts in Madhya Pradesh only.

# केंद्र से प्रदेश सरकार ने किया करार ग्रामीण परिवारों को मिलेगा शुद्ध जल

## राज्यपाल के साथ उज्जैन में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए सीएम

**विशेष संवाददाता,भोपाल।** नई दिल्ली में मंगलवार को केंद्र और राज्य सरकार के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के साथ अनुबध किया गया जिसके तहत अब प्रदेश के ग्रामीण परिवारों को पूरी तरह से नलों के जरिए शुद्ध पानी उपलब्ध कराने का रास्ता साफ हो गया है। गौरतलब है कि नई दिल्ली में केन्द्रीय कैबिनेट ने जल जीवन मिशन की अवधि दिसंबर 2028 तक बढ़ाने और इसे जल जीवन मिशन 2.0 के रूप में पुनर्गठित कर लागू करने को मंजूरी दी है। मिशन के लिए कुल व्यय बढ़ाकर 8.69 लाख करोड़ रुपये किया गया है, जिसमें केंद्र सरकार की सहायता 3.59 लाख करोड़ रुपये होगी। योजना के पहले ही दिन मध्य प्रदेश सरकार ने केंद्रीय जल शक्ति और पेयजल मंत्रालय से इस संबंध में एमओयू किया, जिसके तहत केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय पेयजल योजना के लिए पाइपलाइन बिछाने से लेकर पूरी अधोसंरचना का निर्माण करना जिससे पेयजल हर ग्रामीण तक पहुंच सके। इस योजना का मुख्य उद्देश्य पंचायत की साझेदारी से जलापूर्ति और जल संचयन छोटे-छोटे गांव तक पहुँचाना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों की सक्रिय



### सिंहस्थ का वैभव होगा अद्वितीय : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 का वैभव इस बार भूतो न भविष्यति को साकार करते हुए अद्वितीय होगा। इसके लिए सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में पशुपालन विभाग ने सवा साल में श्रेष्ठ कार्य करते हुए 25 प्रतिशत दूध उत्पादन बढ़ाया है। किसानों को 5 से 8 रुपए लीटर अधिक मूल्य का लाभ मिला है। मुख्यमंत्री मंगलवार को उज्जैन में राज्यपाल डॉ.मंगूभाई पटेल के साथ विकास कार्यो के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ-2028 सनातन संस्कृति का वैश्विक-समागम है। हमारा कर्तव्य, दायित्व और जवाबदारी सिंहस्थ में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को गरिमापूर्वक सुविधाजनक दर्शन करने के प्रति है। सिंहस्थ-2028 में उज्जैन आने वाला प्रत्येक व्यक्ति हमारा अतिथि होगा।

### अभियान में सक्रिय हों स्थानीय निकाय

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को अपने मंत्रियों के साथ अनौपचारिक चर्चा की,जिसमें उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में स्थानीय निकायों को सक्रिय कराना होगा। उन्होंने मंत्रियों से कहा कि कुओं, बावड़ियों, नदियों के पुनरुद्धार के अभियान से सभी वर्गों को जोड़ने के लिए नगरीय निकाय और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय निकाय सक्रिय भूमिका का निर्वहन करें। डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान से जन-जन को जोड़कर इसे जन आंदोलन का रूप दिया जाए। समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ सामाजिक संस्थाओं को अभियान से जोड़ा जाए। युवाओं को विशेष भागीदारी का अवसर दिया जाए।

### हम सबका लक्ष्य और संकल्प विकसित भारत ही होना चाहिए

राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के माध्यम से समर्थ, समृद्ध और सशक्त विकसित भारत के दिव्य संकल्प की सिद्धि का प्रतीक भी है। आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और वैचारिक परिवर्तन का नया दौर शुरू हो गया है, अब हम सबका लक्ष्य और संकल्प विकसित भारत ही होना चाहिए। इसी तरह राज्यपाल ने विक्रम विश्वविद्यालय के 30वें दीक्षांत समारोह को भी संबोधित किया। जहां उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि दीक्षांत के साथ आप सभी ने समाज के उत्थान और देश की एकता के लिए शपथ ली है। विश्वविद्यालय से जो संस्कार आपको मिले है उन्हें जीवन भर स्मरण रखकर कार्य करें। इस मौके पर राज्यपाल ने विद्यार्थियों से मुलाकात की और उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकानाएं भी दी।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रदेश में 12 ईकाईयां देगी 12 हजार रोजगार

**विसं भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पिछले वर्ष किए गए प्रयासों की वजह से मध्यप्रदेश का वातावरण औद्योगिक विकास के अनुकूल निर्मित हुआ है। उन्होंने कहा कि 12 ईकाईयों द्वारा 12 हजार जरुरतमंदो को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। मंत्रालय में हुई निवेश संवर्धन संबंधी मंत्रि-परिषद समिति सीसीआईपी की बैठक में सीएम की मौजूदगी में विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा हुई। बैठक में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रस्ताव पर उद्योग संवर्धन नीतियों के प्रावधानों के साथ ही नीति से अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान करने पर भी सैद्धांतिक अनुमोदन किया गया। बैठक में जिन इकाइयों के निवेश प्रस्तावों पर चर्चा हुई। उनमें मेसर्स पेप्सिको इंडिया होल्डिंग्स प्रा.लि., मेसर्स पिनेकल मोबिलिटी सॉल्यूशन्स प्रा.लि., मेसर्स ट्राइडेंट लि., अंबुजा कंक्रीट नॉर्थ प्रा.लि., अदाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजी लि., बालाजी वेफर्स प्रा.लि., बारमॉल्ट मॉल्टिंग इंडिया प्रा.लि., एसीसी लि., एलेंबिक फार्मास्युटिकल्स लि., रॉलसर टायर लि. एवं दौलतराम एन.आर.ई.सी. लोकोमोटिव्स शामिल हैं। इन इकाइयों की स्थापना से लगभग 12 हजार व्यक्तियों को रोजगार सुलभ होगा।बैठक में जानकारी दी गई कि मेसर्स ट्राइडेंट लि. द्वारा सीहोर जिले में टेरी टॉवेल निर्माण की नई इकाई की स्थापना प्रस्तावित है। करीब 1190 करोड़ के निवेश प्रस्ताव से 3 हजार व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा।

### दिल्ली में दूसरे दिन भी हुआ कांग्रेस का मंथन

**विसं भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस की आगमी रणनीति को लेकर नईदिल्ली में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी मंथन किया गया। इस मौके पर प्रभारी सचिवों से ने अपनी -अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। जानकारी के अनुसार बैठक में प्रदेश के अलग-अलग संभागों की जिम्मेदारी संभाल रहे प्रभारी सचिवों ने वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसमें मध्यप्रदेश कांग्रेस की मौजूदा स्थिति के बारे में बताया गया। वरिष्ठ नेताओं ने प्रभारियों से संगठन की स्थिति, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और क्षेत्रीय मुद्दों पर फीडबैक लिया गया। बैठक में यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस, किसान कांग्रेस और सेवादल, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष भी मौजूद रहे। जिनसे अलग अलग संगठनों की गतिविधियों, जमीनी पकड़ और विस्तार को लेकर चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार,सीडब्ल्यूसी सदस्य मीनाक्षी नटराजन एवं कमलेश्वर पटेल के अलावा दूसरे नेता भी मौजूद रहे।

### हर बूथ तक पहुंचे पदाधिकारी: जामवाल

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने अनुसूचित जनजाति मोर्चे के पदाधिकारियों से कहा है कि उन्हें हर बूथ पर पहुंचकर पार्टी को और मजबूत बनाने के लिए काम करना होगा। जामवाल मंगलवार को पार्टी दफ्तर में मोर्चे की बैठक को संबोधित कर रहे थे। नई टीम बनने के बाद पहली बार हुई बैठक में प्रदेशाध्यक्ष पंकज टेकाम ने संगठन की आगामी रणनीति के बारे में वरिष्ठ नेतृत्व को अवगत कराया। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह,प्रदेश के सह प्रभारी सतीश उपाध्याय,प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. निशात खरे,मोर्चा प्रभारी मनोरंजन मिश्रा के अलावा मोर्चे के प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे।



# प्रशासनिक रफ्तार पड़ेगी धीमी चालीस अफसर कराएंगे चुनाव



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** देश के 5 राज्यों के चुनावों में जहां सूबे के नेता व्यस्त होंगे, तो वहीं राज्य के कई प्रमुख विभागों का कामकाज की रफ्तार भी धीमी पड़ सकती है। दरअसल इन राज्यों ने लिए भारत निर्वाचन आयोग ने मध्यप्रदेश के 40 भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को प्रेक्षक नियुक्त किया है। गौरतलब है कि राज्यों के विधानसभा चुनावों में मध्यप्रदेश के आईएएस अधिकारियों की भी सेवाएं ली गई है। इसके लिए 40 अधिकारियों का चयन किया गया और उन्हें अलग-अलग राज्यों के लिए ऑब्जर्वर बनाया गया है। इनमें से अधिकांश अधिकारी पहले भी दूसरों राज्यों के चुनाव करा चुके है, जिससे उनके पास चुनावी अनुभव भी है। जिन अधिकारियों को चुनावी प्रेक्षक के तौर पर चिन्हित किया गया है,उनमें से कई महत्वपूर्ण विभागों को प्रमुख अधिकारी है। ऐसे में उनके चुनावी ड्यूटी पर जाने से विभागीय कार्यगति में असर पड़ेगा।

### प्रेक्षक की ये होती है जिम्मेदारी

जानकारी के अनुसार दूसरे राज्यों के आईएएस अधिकारी बतौर प्रेक्षक निर्वाचन कार्यो के दायित्वों को निभाते है। उनके द्वारा अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में चुनाव व्यवस्थाओं की जहां समीक्षा की जाती है, तो उनके द्वारा निष्पक्ष मतदान कराने में भी अपनी भूमिका का निर्वाहन किया जाता है।यह अधिकारी चुनाव के दौरान स्थानीय प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर भी नजर रखते है और सीधे भारत निर्वाचन आयोग को रिपोर्ट करते है।

### इन अधिकारियों को बनाया गया प्रेक्षक

जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल,आसाम,तमिलनाडु,केरल और पुडुचेरी राज्यों के लिए ऑब्जर्वर बनाए गए अधिकारियों में संदीप यादव( प्रमुख सचिव वन विभाग), जॉन किंग्सले (सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण), श्रीमन शुक्ला (सचिव योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग), स्वतंत्र कुमार सिंह सचिव मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण,शिल्पा गुप्ता(संचालक लोक शिक्षण संचालनालय),सिबी चक्रवर्ती,अजय कटेसरिया,निधि निवेदिता,रोहित सिंह,अनुराग वर्मा,राहुल फटिंग हरिदास,दीपक आर्य,हरहिका सिंह,आशीष भार्गव,अभिजीत अग्रवाल,दिलीप कुमार, वंदना वैद्य, सपना निगम, अभिजीत अग्रवाल , आशीष भार्गव, केवीएस चौधरी, मनीष सिंह,प्रबल सिपाहा,सौरव सुमन, अवि प्रसाद, सतेंद्र सिंह और बुद्धेश वैध को नामांकित किया गया है।

# सरकार की नीतियां किसानों के शोषण का सबसे बड़ा माध्यम

## कृषि मंत्री सिंह पर लगाया आरोप, किसानों के हित में नहीं किया काम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी ने कहा है कि भाजपा सरकारों की नीतियां किसानों के हित में नहीं है, बल्कि उनके शोषण का माध्यम बन चुकी है। सरकार ने किसानों को राहत देने के नाम पर गेहूं पर 575 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देने का वायदा किया था,लेकिन मात्र 40 रुपए बोनस देकर सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है। पीसीसी में पत्रकारों से चर्चा करते हुए चौधरी ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान किसानों को गेहूं व अन्य फसलों पर लगातार 10 वर्षो तक एमएसपी 33 से लेकर 45 प्रतिशत तक बढ़ाई गई। इतना ही नहीं किसानों का तकरीबन 70 हजार करोड़ का कर्जा भी माफ किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पहले 16 मार्च से गेहूं खरीदी शुरु करने की बात कही थी,जिसे अब 1 अप्रैल कर दिया। यह कैसा किसान कल्याण वर्ष है,जहां किसानों को राहत देने की बजाय उन्हें लूटा जा रहा है। चौधरी ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों से सूदखोरी कर रही है और कर्ज के नाम पर उन्हें फंसाने का काम किया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा किसानों के हित में काम नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों जिस तरह से अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड डील की गई है,उससे देश प्रदेश का किसान पूरी तरह से संकट में आएगा। यदि देश विदेशी उत्पादों का आयात बढ़ाता,तो इसका सीधा असर हमारे किसानों को मिलने वाले दामों पर पड़ेगा। मक्का, सोयबीन और कपास से जुड़े उत्पादों के आयात से किसानों की आमदनी प्रभावित होगी।



# कांग्रेसियों ने दुकानदारों को बांटा कोयला



**विसं भोपाल।** प्रदेश में रसोई गैस एवं कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की लगातार हो रही किल्लत के विरोध में मंगलवार को कांग्रेसियों ने दुकानदारों को कोयला बांटकर अपना विरोध जताया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की अव्यवस्थित नीतियों के कारण आमजन और छोटे व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेता रविन्द्र साहू झूमरवाला की अगुवाई में कार्यकर्ता बरखोड़ा पठानी क्षेत्र पहुंचे। जहां उन्होंने दुकानदारों को कोयला वितरित किया। साहू कोयले की बोरी कंधे पर रखकर वहां पहुंचे और फिर उसे हाथ ठेले पर रखकर वितरण किया। इस मौके पर साहू ने बताया कि उनका यह प्रयास क्षेत्र के दुकानदारों एवं आम नागरिकों गैस की अनुपलब्धता के बीच किसी तरह की परेशानी से बचाने के लिए किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि गैस सिलेंडरों की कमी ने गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के साथ-साथ छोटे व्यापारियों की रोजी-रोटी पर भी संकट खड़ा कर दिया है। सरकार इस गंभीर समस्या पर ध्यान देने के बजाय केवल दावे और घोषणाएं कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है।

# संतुलित मन सीखने की आधारशिला: मंत्री सिंह

**विसं भोपाल।** स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि आज के विद्यार्थी पढ़ाई के साथ सामाजिक अपेक्षाओं, प्रतिस्पर्धा और डिजिटल प्रभाव का सामना कर रहे हैं, इसलिए मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। संतुलित मन ही प्रभावी सीखने की आधारशिला है। मंत्री सिंह मंगलवार को अरेरा कालोनी स्थित राजा भोज स्कूल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में डीपीआई शिल्पा गुप्ता ने कहा कि यह पहल मध्य प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत किशोर विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन और समग्र कल्याण को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर डीपीआई के साथ 5 वर्षों के लिए औपचारिक एमओयू किया गया है। कार्यक्रम में अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन की टीम द्वारा परियोजना का संक्षिप्त परिचय और एप का लाइव डेमो भी प्रस्तुत किया गया। कृति प्रधान, वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक ने बताया कि यह पहल चयनित शासकीय विद्यालयों में चरणबद्ध तरीके से लागू की जा रही है।

# दिव्यांग बच्चों को गोद लेने के प्रति जागरुकता बढ़ाना जरुरी: मंत्री भूरिया

**विसं भोपाल।** महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा है कि देश में दिव्यांग बच्चों के दत्तक ग्रहण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। जिस प्रकार से आईवीएफ जैसी तकनीक का प्रचार हो रहा है वैसा ही प्रभावी प्रचार दत्तक ग्रहण के लिये होना चाहिए। मंत्री भूरिया मंगलवार को रविन्द्र भवन में क्षेत्रीय परामर्श बैठक को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि समाज की संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच से ही इन बच्चों को परिवार और बेहतर जीवन मिल सकता है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिव्यांग शब्द देकर समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में गैर-संस्थागत पुनर्वास को प्राथमिकता दी जा रही है और मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के माध्यम से स्पॉन्सरशिप तथा ऑफ्टर-केयर की व्यवस्था कर बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। मंत्री ने कहा दिव्यांग बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए परिवार का स्नेह अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि कोई भी संस्था परिवार का स्थान नहीं ले सकती। वर्ष 2024-25 के आंकड़ों के अनुसार देश में 4,155 बच्चों को गोद लिया गया, जिनमें केवल 7 प्रतिशत विशेष आवश्यकता वाले बच्चे थे और इनमें से भी अधिकांश बच्चों को विदेशी दम्पत्तियों ने अपनाया। इस मौके पर विभाग की सचिव श्रीमती जी. वी. रश्मि ने कहा कि भारतीय समाज में संस्कारों का अत्यधिक महत्व है, लेकिन जब बात विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को गोद लेने की आती है तो सामाजिक रूढ़ियां अक्सर निर्णय में बाधा बनती हैं।

**दिव्यांग बच्चों को लेकर हुई क्षेत्रीय परामर्श बैठक**

# आरटीओ के काम में एआई पहचानेगा चेहरा, टैक्स वसूली पर विभाग की नजर

**आयुक्त परिवहन ने बैठक कर अधीनस्थों को दिए निर्देश**

**नगर संवाददाता, भोपाल।** परिवहन विभाग के जुड़े अब ज्यादातर काम में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग होगा। यह निर्णय मंगलवार को हुई एक बैठक में लिया गया। बैठक में मौजूद परिवहन आयुक्त उमेश जोगा ने अपने सभी अधीनस्थ अधिकारियों को यह निर्देश दिए। बैठक में राजस्व बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार अब यदि कोई व्यक्ति एक साल बाद अपना लाइसेंस रिन्यू कराता है या उसमें कमर्शियल गाड़ी (जैसे टैक्सी या ट्रक) चलाने की कैटेगरी जुड़वाते है तो अब एआई के जरिए उसका चेहरा पहचाना जाएगा। इससे पुराने फोटो की जगह बिल्कुल नई फोटो अपडेट होगी और फर्जीवाड़ा (किसी और के नाम पर लाइसेंस) पूरी तरह रुक जाएगा।



### गाड़ी नाम करवाते समय टैक्स पर नजर

राजस्व बढ़ाने के लिए टैक्स पर नजर रखने की बात कही गई। बैठक में तय किया गया कि यदि कोई पुरानी गाड़ी खरीदता या बेचता है तो अक्सर पता नहीं चलता कि कितना टैक्स बाकी है। अब सिस्टम ऐसा बनाया जा रहा है कि फाइल पास करते समय स्क्रीन पर ही दिख जाएगा कि कितना ट्रांसफर टैक्स जमा करना है। इससे दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

### ई-चालान की मशीनों में नया कानून

सड़क पर पुलिस या आरटीओ जो पीओएस मशीन (स्वाइप मशीन जैसी) लेकर चालान काटते हैं, उनमें अब नए नियम अपडेट किए जाएंगे। मोटर यान कराधान अधिनियम 1991 की धारा 13 (2) में जो बदलाव हुए हैं, अब मशीनें उसी के हिसाब से जुर्माना वसूलेंगी। इससे यह फायदा होगा कि नियम पुराने नहीं रहेंगे, जो नया कानून है उसी के हिसाब से पारदर्शी तरीके से कार्रवाई होगी।

**बदलाव** — प्रदेश में स्थित तीनों प्रांत व्यवस्था होगी खत्म, 9 संभाग होंगे सक्रिय

# एक साल बाद बदल जाएगा संघ का स्वरूप: पांडेय

## हर संभाग की कमान प्रचारक के पास, समन्वय का काम देखेगी राज्य स्तरीय समिति



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का स्वरुप मार्च 2027 में बदल जाएगा। जिसमें प्रांत व्यवस्था समाप्त कर संभाग व्यवस्था लागू की जाएगी। नई व्यवस्था में मध्यप्रदेश में 9 संभाग सक्रिय होंगे, जबकि प्रदेश स्तर पर राज्य समिति होगी, जिसके द्वारा संभाग ईकाईयों में समन्वय बनाने का कार्य किया जाएगा।

यह जानकारी मंगलवार को संघ के मध्यभारत प्रांत के संघचालक अशोक पाण्डेय ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए है, जिसमें संघ की केन्द्रीयकृत व्यवस्था को विकेन्द्रीकरण किया गया, जिससे संघ का छोटे-छोटे क्षेत्रों में विस्तार किया जा सके। उन्होंने बताया कि पूरे देश में मार्च 2027 में प्रांत व्यवस्था पूरी तरह से समाप्त कर दी जाएगी। उसके स्थान पर पूरे भारत को 9 क्षेत्रों और 85 संभाग बनाएं जाएंगे। इसमें देश के 45 प्रांतों को पुनर्गठित कर संभाग प्रचारकों को अधिक अधिकार दिए जाएंगे। मध्यप्रदेश के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए,तो यहां के तीन प्रांत (मालवा, मध्यभारत और महाकौशल) व्यवस्था को समाप्त कर उनके स्थान पर 9 संभाग सक्रिय होंगे। इसमें मौजूदा प्रांत व्यवस्था के अनुसार मध्य भारत और मालवा प्रांत के दो-दो संभाग और महाकौशल प्रांत के तीन संभाग शामिल होंगे। इनके अलावा छत्तीसगढ़ के दो संभाग इसमें शामिल होंगे।

### संगठन विस्तार और दूसरा समाज की सज्जन शक्ति को सद्भाव, समरसता का उद्देश्य

प्रांतसंघचालक ने बताया कि प्रतिनिधि सभा की बैठक में इस निर्णय पर मुहर लगाई गई है।दरअसल मौजूदा व्यवस्था तीन साल के लिए होती है और वर्ष 2024 में प्रांत पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई थी, जिनका कार्यकाल वर्ष 2027 में पूरा होगा,ऐसे में नई व्यवस्था मार्च 2027 से प्रारम्भ की जाएगी। उन्होंने बताया कि संपूर्ण देश में संघ कार्य का विस्तार किया जा रहा है। प्रतिनिधि सभा की बैठक में इन विस्तार कार्यो की जानकारी से अवगत कराया गया है। पूरे देश में शाखाओं की संख्या में वृद्धि हुई है, जो 51,740 से बढ़कर 55,683 हो चुकी है। अंडमान, अरुणाचल प्रदेश, लेह और दुर्गम जनजातीय क्षेत्रों में भी संघ की शाखाएं संचालित होने लगी है। पांडेय ने बताया कि शताब्दी वर्ष के दौरान दो तरह के कार्यक्रमों की योजना की गई,जिनमें एक संगठन विस्तार और दूसरा समाज की सज्जन शक्ति को सद्भाव,समरसता के लिए संगठित करने का उद्देश्य रखा गया था। इसी दृष्टि से अभी तक देश के कुछ प्रांतों में 10 करोड़ घरों तथा 3 लाख 90 हजार गांवों में संपर्क किया जा चुका है,यह अन्य प्रांतों में अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि केरल राज्य में 55 हजार से ज्यादा मुस्लिम घरों मं तथा 54 हजार से ज्यादा ईसाई परिवारों में संपर्क किया गया है, जहां सभी परिवारों ने स्वयं सेवकों का स्वागत किया है।

# नापतौल कार्यालय को बम से उड़ाने की फिर से मिली धमकी

## दोपहर दो बजे बम फटने का आया था ई-मेल



**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** राजधानी में धमकी भरे ई-मेल का आने का सिलसिला जारी है। एमपी नगर स्थित नापतौल विभाग के कार्यालय को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ई-मेल में दावा किया गया किकार्यालय में ड्रोन के जरिए चार छोटे आरडीएक्स बम लगाए गए हैं, जो मंगलवार दोपहर 2 बजे फटेंगे। ई-मेल में सभी कर्मचारियों को तुरंत बाहर निकालने की बात भी लिखी गई थी। सूचना मिलते ही एमपी नगर पुलिस मौके पर पहुंची। विभाग के कार्यालय में सर्चिंग कराई गई। सुरक्षा के लिहाज से कर्मचारियों को आफिस से बाहर कर दिया गया। हालांकि जांच में यह अफवाह निकला। एमपी नगर थाना प्रभारी जय हिंद शर्मा के मुताबिक, धमकी भरे ई-मेल की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने पूरे कार्यालय की जांच कराई, लेकिन मौके पर कोई संदिग्ध वस्तु या बम नहीं मिला। फिलहाल पुलिस ई-मेल भेजने वाले की पहचान करने में जुटी हुई है। कार्यालय में एक दिन पहले भी इसी तरह का एक ई-मेल आया था, जिसमें पुलिस की तलाशी तकनीकों की जांच करने की बात कही गई थी। पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए तकनीकी जांच कर रही है। दो महीने के अंदर पीपुल्स यूनिवर्सिटी, एम्स अस्पताल, पोस्ट आफिस को बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल आ चुके हैं। जोकि अफवाह व फर्जी निकले। ई-मेल करने वालों की तकनीकी जांच जारी है।

वर्ष 69 अंक 168 पृष्ठ 12
भोपाल, बुधवार 18 मार्च, 2026
चैत्र कृष्ण पक्ष 14, विक्रम संवत् 2082
महानगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

जब आप अपने काम के प्रति उत्साही होते हैं, तो आप सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करते हैं। यह बहुत सरल है।
–पाउलो कोएलो

## संक्षिप्त खबरें

**संजय-नोरा के गाने पर केंद्र सख्त**


### अश्लील सामग्री पर कार्रवाई करे सेंसर बोर्ड



**नई दिल्ली, जेएनएन।** संजय दत्त और नोरा फतेही के एक गाने को लेकर बढ़ते विवाद के बीच केंद्र सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड को निर्देश दिए हैं कि अश्लील सामग्री पर तुरंत कार्रवाई की जाए और जरूरत पड़ने पर ऐसे गानों को सभी मीडिया प्लेटफॉर्म से हटाया जाए। सरकार ने यह भी संकेत दिए हैं कि यदि आवश्यक हुआ तो फिल्म सर्टिफिकेशन से जुड़े नियमों में बदलाव भी किया जा सकता है। मंत्रालय अब डिजिटल और फिल्मी कंटेंट पर निगरानी और कड़ी करने की तैयारी में है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'कौन सभ्य परिवार साथ बैठकर यह देख सकता है?'

### 5 दशक नीतीश के साथ रहे त्यागी ने जेडीयू छोड़ी

**पटना, जेएनएन।** जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता, सलाहकार और पूर्व राज्यसभा सांसद केसी त्यागी ने मंगलवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया।



करीब पांच दशक तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ समाजवादी राजनीति में सक्रिय रहे त्यागी अब नई राजनीतिक पारी की तैयारी में हैं। सूत्रों के मुताबिक, त्यागी जल्द ही किसी अन्य पार्टी में शामिल हो सकते हैं और उत्तर प्रदेश की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने की योजना बना रहे हैं। वे अपने अगले राजनीतिक कदम का खुलासा 22 मार्च को नई दिल्ली में होने वाली एक बैठक में कर सकते हैं। केसी त्यागी ने कहा, 'मैं जेडीयू की सदस्यता नवीनीकृत नहीं कर रहा हूं। नीतीश कुमार के प्रति मेरा सम्मान हमेशा रहेगा। हम 50 साल से साथ रहे हैं और हमारा संबंध आगे भी बना रहेगा।'

**करूर भगदड़ मामला**

### द्रमुक विधायक सेंथिल सीबीआई के समक्ष पेश

**नई दिल्ली, जेएनएन।** तमिलनाडु के करूर से द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) विधायक वी सेंथिल बालाजी, तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) प्रमुख विजय की पिछले साल हुई एक रैली के दौरान



भगदड़ के संबंध में मंगलवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के समक्ष पेश हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीबीआई ने इस संबंध में उनसे पूछताछ की। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद एसआईटी से सीबीआई को यह मामला सौंपा गया। टीवीके प्रमुख एवं अभिनेता विजय की करूर रैली के दौरान भगदड़ मच गई थी जिसमें 41 लोगों की मौत हो गई थी। पिछले साल अक्टूबर में सीबीआई निदेशक को जांच का जिम्मा संभालने के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी को नियुक्त करने के साथ-साथ जांच की निगरानी के लिए उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अजय रस्तोगी की अध्यक्षता में एक पर्यवेक्षी समिति गठित करने का निर्देश दिया था।

### रिहाई के बाद सोनम बोले- 'यह विन-विन स्थिति'

**नई दिल्ली, जेएनएन।** जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने जेल से रिहा होने के बाद पहली बार सार्वजनिक तौर



पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे 'विन-विन' स्थिति बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने लद्दाख के लोगों के साथ विश्वास बहाल करने और सार्थक संवाद शुरू करने के लिए हाथ बढ़ाया है। दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में वांगचुक अपनी पत्नी गीतांजलि जे. आंगमो के साथ मौजूद थे। वांगचुक ने कहा, 'हमें कोर्ट में जीत का भरोसा था, लेकिन सिर्फ जीत काफी नहीं थी। मैं चाहता था कि यह 'विन-विन' स्थिति बने।' उन्होंने सरकार के फैसले को संवाद की दिशा में सकारात्मक कदम बताया। वांगचुक ने कहा कि आंदोलन का उद्देश्य केवल संवाद की प्रक्रिया शुरू करना है। उन्होंने कहा, 'हमने दिल्ली तक पदयात्रा की, अनशन किया, सिर्फ इसलिए कि बातचीत शुरू हो।'

**एलपीजी संकटः पाइप्ड गैस नेटवर्क बढ़ाने की तैयारी, केंद्र ने राज्यों को लिखा पत्र**

# पीएनजी विस्तार तेज करें राज्य विकल्प भी अपनाएंः केंद्र सरकार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण देश में रसोई गैस की सप्लाई प्रभावित होने के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) नेटवर्क के विस्तार को तेज करने को कहा है, ताकि लोगों को वैकल्पिक गैस आपूर्ति उपलब्ध कराई जा सके। सरकार ने सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों को पाइपलाइन बिछाने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए हैं।

होर्मुज के लगभग बंद होने से भारत की गैस सप्लाई पर बड़ा असर पड़ा है। भारत अपनी 60 फीसदी एलपीजी जरूरत आयात से पूरी करता है इनमें से 90 फीसदी सप्लाई होर्मुज मार्ग से आती है। इससे करीब 55 फीसदी सप्लाई प्रभावित हो गई है। सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी है, लेकिन कमर्शियल और इंडस्ट्रियल सेक्टर में भारी कमी देखी जा रही है।

सरकार के अनुसार, करीब 60 लाख घर ऐसे हैं, जहां पीएनजी नेटवर्क पहले से उपलब्ध है। देश में एलपीजी कनेक्शन 33.3 करोड़ है और पीएनजी कनेक्शन करीब 1.5 करोड़ हैं।

**राज्यों को दिए गए यह निर्देश**

- पाइपलाइन बिछाने की मंजूरी जल्द दी जाए।
- लंबित आवेदनों को तुरंत निपटाया जाए।
- नई मंजूरियां 24 घंटे के भीतर दी जाएं।
- रोड कटिंग और परमिशन शुल्क में छूट दी जाए।
- काम के समय और नियमों में ढील दी जाए।
- समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं।

**लोगों से अपील–पीएनजी और इंडक्शन अपनाएं**

- सरकार ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि जहां संभव हो, पीएनजी कनेक्शन लें।
- वैकल्पिक उपकरण इंडक्शन कुकटॉप का इस्तेमाल करें।
- एलपीजी का उपयोग सावधानी और बचत के साथ करें।
- कुछ कंपनियां पीएनजी कनेक्शन के लिए फ्री गैस और कनेक्शन शुल्क में छूट जैसे ऑफर भी दे रही हैं।

## अधूरे रिकॉर्ड वाले ग्राहक ही कराएं ई-केवॉयसी

देशभर में गैस कनेक्शन बंद होने की आशंका से जुड़ी खबरों के बीच केंद्र सरकार ने स्थिति स्पष्ट की है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा है कि ई-केवॉयसी सभी उपभोक्ताओं के लिए अनिवार्य नहीं है, बल्कि यह केवल उन ग्राहकों के लिए जरूरी है जिनका वेरिफिकेशन अब तक पूरा नहीं हुआ है। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि यह कोई नया नियम नहीं है, बल्कि पहले से चल रहे अभियान का हिस्सा है। इसका उद्देश्य महज इतना है कि अधिक से अधिक उपभोक्ता अपना बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन करवा लें।

**ई-केवॉयसी के लिए यह हैं नियम**




- जिन एलपीजी ग्राहकों ने पहले ही ई-केवॉयसी करवा लिया है, उन्हें दोबारा इसकी जरूरत नहीं है।
- यह प्रक्रिया केवल उन उपभोक्ताओं के लिए जरूरी है जिनका डेटा या वेरिफिकेशन अधूरा है।
- उज्जवला योजना के लाभार्थियों के लिए नियम अलग हैं। उन्हें हर वित्तीय वर्ष में कम से कम एक बार बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन कराना होता है।
- हालांकि, यह भी सिर्फ उन ग्राहकों के लिए आवश्यक है जो साल में 7 सिलेंडर लेने के बाद 8वें और 9वें रिफिल पर मिलने वाली टारगेटेड डीबीटी सब्सिडी का लाभ लेना चाहते हैं।

- ई-केवॉयसी का मुख्य उद्देश्य सिस्टम को पारदर्शी बनाना है।
- इससे 'घोस्ट कंज्यूमर्स' यानी फर्जी कनेक्शनों की पहचान होगी।
- साथ ही एलपीजी की कालाबाजारी,जमाखोरी पर भी अंकुश लगेगा।

# सुप्रीम कोर्ट में 'उद्योग' की परिभाषा पर सुनवाई शुरू

### 9 सदस्यीय संविधान पीठ आज दे सकती है फैसला

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार से एक अहम संवैधानिक सुनवाई शुरू हुई है। इसमें 'उद्योग' शब्द की परिभाषा तय की जाएगी। यह सुनवाई 9 जजों की संविधान पीठ कर रही है, जिसकी अध्यक्षता भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत कर रहे हैं। यह मामला औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत 'उद्योग' की परिभाषा को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद से जुड़ा है। इस फैसले से यह तय होगा कि किन संस्थाओं पर श्रम कानून लागू होंगे और कर्मचारियों के अधिकार किस हद तक प्रभावित होंगे। 17 मार्च को शुरू हुई सुनवाई में शुरुआती दलीलें रखी गईं। आज 18 मार्च को इसमें फैसला आने की संभावना है।

**इसलिए अहम है मामला**

- इस फैसले का सीधा असर लाखों कर्मचारियों और संस्थाओं पर पड़ेगा।
- यह तय करेगा कि किन संस्थानों पर लेबर लॉ (श्रम कानून) लागू होंगे
- कर्मचारियों के अधिकार जैसे छंटनी, वेतन, यूनियन बनाने का अधिकार प्रभावित हो सकते हैं

**विवाद की जड़ः 1978 का फैसला**

1978 में सुप्रीम कोर्ट ने बेंगलुरु वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड केस में 'उद्योग' की व्यापक परिभाषा दी थी। बेंच ने कहा था कि जहां नियोक्ता-कर्मचारी संबंध है और कोई सेवा/कार्य हो रहा है, उसे उद्योग माना जा सकता है। इसके बाद सरकारी विभाग, अस्पताल, स्कूल एनजीओ आदि 'उद्योग' की श्रेणी में आए और उन पर श्रम कानून लागू हो गए।

**इन सवालों पर फैसला करेगा सुप्रीम कोर्ट**

- **उद्योग की सही परिभाषाः** क्या हर संगठित गतिविधि उद्योग है, या परिभाषा को सीमित किया जाए?
- **क्या सरकारी विभाग उद्योग हैं?:** नगरपालिका, अस्पताल, शिक्षा संस्थान–क्या ये भी उद्योग माने जाएंगे?
- **एनजीओ और चैरिटी संस्थाओं की स्थितिः** क्या गैर-लाभकारी संस्थाएं भी उद्योग की श्रेणी में आएंगी?
- **श्रमिक-नियोक्ता संबंधः** क्या केवल स्पष्ट नियोक्ता-कर्मचारी संबंध वाले संस्थान ही उद्योग होंगे?
- **सॉवरेन फंक्शन का दायराः** क्या पुलिस, रक्षा जैसे सरकारी कार्य उद्योग से बाहर रहेंगे?
- **1978 के फैसले की समीक्षाः** क्या 'बेंगलुरु वाटर सप्लाई' केस की व्यापक परिभाषा सही है या इसे बदला जाए?

# कैबिनेट का फैसलाः समर्थन मूल्य पर किसानों को दिया जाएगा बोनस

### मध्यप्रदेश कार्य आवंटन नियम में संशोधन प्रस्ताव पर बनी सहमति

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** डॉ. मोहन यादव मंत्रि परिषद ने मंगलवार को मध्यप्रदेश कार्य (आवंटन) नियम में संशोधन के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी। कैबिनेट ने रबी फसलों को समर्थन मूल्य पर उपार्जन करने वाले किसानों के लिए बोनस देने के प्रस्ताव पर भी सहमति जता दी। इनके अलावा उज्जैन में 945 करोड़ के कॉरिडोर के प्रस्ताव पर भी कैबिनेट की हरी झंडी मिल गई है।



मंत्रालय में शाम पांच बजे हुई कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। बैठक के उपरांत एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप ने निर्णयों से अवगत कराते हुए बताया कि कैबिनेट ने मध्यप्रदेश कार्य (आवंटन) नियम में संशोधन के प्रस्ताव पर मंजूर करते हुए मध्यप्रदेश भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम को वित्त विभाग के अंतर्गत किए जाने का अनुमोदन कर दिया। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश भंडार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम को एमएसएमई से वित्त विभाग को आवंटित किये जाने से राज्य पर कोई वित्तीय भार नहीं आयेगा।

**विभाग का बदला नाम**

कैबिनेट ने सर्वसम्मति से पशुपालन विभाग का नाम गौपालन एवं पशुपालन किये जाने पर सहमति जता दी। मंत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश कार्य (आवंटन) नियमों की अनुसूची में संशोधन की स्वीकृति दी है।

**माइक्रो परियोजना पर लगी मुहर**

जल संसाधन विभाग की पनावर माइक्रो सिंचाई परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति भी दी गई है। मंत्रिपरिषद ने इस बात पर सहमति जताई कि उपार्जित गेहूं में से भारत सरकार द्वारा स्वीकार न की जाने वाली सरप्लस मात्रा का निस्तारण मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन द्वारा खुली निविदा के माध्यम से किया जाएगा। किसानों को बोनस का भुगतान विभागीय मद में तथा सरप्लस मात्रा के निस्तारण व्यय की प्रतिपूर्ति कृषक फसल उपार्जन सहायता योजनांतर्गत से होगी।

**पीडब्ल्यूडी को मिलेंगे 4,525 करोड़**

मंत्रि-परिषद ने लोक निर्माण विभाग के लिए 4 हजार 525 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गई है। उज्जैन में ऐलिवेटेड कॉरीडोर के निर्माण के लिए 945 करोड़ 20 लाख की स्वीकृति दी है। इसी तरह मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट प्रोग्राम की 2028 और जन भागीदारी अंतर्गत विकास की 2031 तक की योजनाओं के लिए 7 करोड़ 38 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई है। एनडीबी से वित्त पोषण पुल और सड़क निर्माण की योजना की निरंतरता के लिए 50 करोड़ 10 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई है।

**एपस्टीन फाइल कांडः हरदीप पुरी की बेटी को राहत**

# हाईकोर्ट बोला- 24 घंटे में विवादित कंटेंट को हटाएं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी हिमायनी पुरी को बड़ी राहत देते हुए सोशल मीडिया पर प्रसारित विवादित कंटेंट पर रोक लगा दी है। अदालत ने गूगल, मेटा और लिंक्डइन समेत सभी प्लेटफॉर्म्स को निर्देश दिया है कि वे 24 घंटे के भीतर आपत्तिजनक सामग्री हटाएं।

हाईकोर्ट की एकल पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि प्रथम दृष्टया यह मामला मानहानि का बनता है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि इस कंटेंट को तुरंत नहीं हटाया गया, तो याचिकाकर्ता को अपूरणीय क्षति हो सकती है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि कई आरोपों को गलत तरीके से उनके नाम से जोड़ा गया आपत्ति दर्ज कराने के बावजूद कुछ प्लेटफॉर्म्स ने कंटेंट नहीं हटाया। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष पत्रकारिता जरूरी है, लेकिन बिना प्रमाण किसी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना मानहानि है।



**यह है मामला**

हिमायनी पुरी ने अपनी याचिका में कहा कि उन्हें जैफ्री एपस्टीन से जुड़े आरोपों से गलत तरीके से जोड़ा गया। इससे उनकी व्यक्तिगत और पेशेवर छवि को गंभीर नुकसान पहुंचा। याचिका में उन्होंने 10 करोड़ रुपये के हर्जाने की मांग की। साथ ही सभी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स से विवादित सामग्री हटाने की अपील की।

**कोर्ट का आदेश**

अदालत ने कहा कि हिमायनी से जुड़ा विवादित कंटेंट जिसमें एपस्टीन फाइल्स का उल्लेख हो, उसे 24 घंटे के भीतर हटाएं। आरोपों की जांच एजेंसियों का काम है, लेकिन फिलहाल याचिकाकर्ता की प्रतिष्ठा की रक्षा जरूरी है।

### गैर-सनातनियों को चार धाम में एफिडेविट से एंट्री

**देहरादून, जेएनएन।** उत्तराखंड के बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम में गैर-सनातनियों के प्रवेश को लेकर नई व्यवस्था की तैयारी शुरू हो गई है। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने इसके लिए एक सब-कमेटी गठित की है, जो जल्द ही मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करेगी। समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि एसओपी के आधार पर केवल उन्हीं लोगों को प्रवेश दिया जाएगा, जो सनातन धर्म में आस्था रखते हैं। मंदिर समिति के अनुसार, सनातन धर्म में आस्था न रखने वाले लोगों के प्रवेश को प्रतिबंधित किया जा सकता है। इसके लिए परंपराओं और शंकराचार्य काल की व्यवस्थाओं का अध्ययन किया गया है। केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के 50-60 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित होगा। धाम में फोटोग्राफी के लिए विशेष स्थान तय किए जाएंगे। श्रद्धालुओं को केवल उन्हीं निर्धारित स्थानों पर मोबाइल ले जाने की अनुमति होगी, जिन्हें कमेटी की ओर से तय किया जाएगा।

**फोटोग्राफी के लिए तय होंगे अलग स्थान**

**सीजेआई का सुझावः जज-वकील, पुलिस न आएं यूनिफार्म में, बच्चे डरते हैं**

# फैमिली कोर्ट में न हो काले चोंगे-वर्दी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने फैमिली कोर्ट के माहौल को लेकर अहम सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि फैमिली कोर्ट में जज, वकील और पुलिस को पारंपरिक वर्दी या काले चोंगे में नहीं आना चाहिए, क्योंकि इससे बच्चों के मन में डर पैदा होता है।



सोमवार को दिल्ली में एक फैमिली कोर्ट के आधारशिला कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि फैमिली कोर्ट का उद्देश्य केवल कानूनी फैसला देना नहीं, बल्कि पारिवारिक रिश्तों को समझना और सुधारना भी है। सीजेआई सूर्यकांत ने सवाल उठाया, 'जब हम फैमिली कोर्ट की नई अवधारणा बना रहे हैं, तो क्या काले चोंगे बच्चों में मनोवैज्ञानिक डर नहीं पैदा करते?' उन्होंने सुझाव दिया कि जज कोर्ट ड्रेस में न बैठें और वकील काले-सफेद चोंगे में न आएं। पुलिस भी वर्दी में न पहुंचे। उनका कहना है कि खासकर बच्चे, जो इन मामलों में सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं।

**फैमिली कोर्ट बनें 'समाधान केंद्र'**

सीजेआई ने कहा कि फैमिली कोर्ट को सिर्फ विवाद सुलझाने की जगह नहीं, बल्कि एक 'पारिवारिक समाधान केंद्र' के रूप में देखा जाना चाहिए। हर व्यक्ति कोर्ट नहीं जाना चाहता। ये मामले संपत्ति विवादों जैसे नहीं होते। इनमें भावनात्मक और सामाजिक पहलू ज्यादा अहम होते हैं।

# वाराणसीः गंगा में नाव पर इफ्तार, 14 गिरफ्तार

### वीडियो वायरल होने के बाद कार्रवाई; धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप

**लखनऊ/वाराणसी, जेएनएन।** वाराणसी में गंगा नदी में नाव पर इफ्तार पार्टी आयोजित करने के मामले में पुलिस ने 14 युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इफ्तार के दौरान बिरयानी के अवशेष गंगा में फेंके गए, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुईं।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विवाद खड़ा हो गया। इसके बाद भारतीय जनता युवा मोर्चा के शहर अध्यक्ष रजत जायसवाल ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत में कहा गया कि गंगा सनातन धर्म के लोगों की आस्था से जुड़ी है और इस तरह की गतिविधि निंदनीय है। कोतवाली पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद तुरंत केस दर्ज किया और 8 घंटे के भीतर 14 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी कोतवाली विजय प्रताप सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई और दो पुलिस टीमें बनाकर छापेमारी की गई। आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की गई। मामले की जांच अभी जारी है।

शिकायतकर्ता ने घटना को 'निंदनीय' बताया। इसमें शामिल सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। नाव चालक का लाइसेंस रद्द करने की भी मांग की।

**नाव पर नमाज और इफ्तार**



जानकारी के मुताबिक रोजा रखने वाले लोगों को घाट पर बुलाया गया था। एक बड़ी नाव पहले से बुक की गई थी। नाव अस्सी घाट से नमो घाट तक गई। यात्रा के दौरान नाव पर नमाज अदा की गई। इसके बाद खजूर और फलों से इफ्तार किया गया एक अन्य वीडियो में लोगों को बड़े बर्तन से खाना खाते हुए भी देखा गया।

**न्याय**

**सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, केंद्र से पितृत्व अवकाश कानून बनाने को कहा**

# हर उम्र के बच्चे को गोद लेने पर मिलेगा मातृत्व अवकाश

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि अब किसी भी उम्र के बच्चे को गोद लेने वाली महिला को 12 हफ्ते का मातृत्व अवकाश मिलेगा। कोर्ट ने साफ किया कि सिर्फ 3 महीने से कम उम्र के बच्चे को गोद लेने पर ही छुट्टी देने का नियम असंवैधानिक है।

जस्टिस जेबी परदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच सोशल सिक्योरिटी कोड, 2020 से जुड़े मामले की सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने धारा 60(4) को असंवैधानिक घोषित करते हुए 3 महीने की आयु सीमा को रद्द कर दिया। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा है कि अब समय आ गया है कि पितृत्व अवकाश को भी कानूनी मान्यता दी जाए। कोर्ट के मुताबिक, बच्चे की परवरिश में पिता की भूमिका भी उतनी ही अहम है जितनी मां की।




**सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियां**

- गोद लेने वाली मां को बच्चे की उम्र के आधार पर छुट्टी देना भेदभावपूर्ण है।
- यह नियम संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का उल्लंघन करता है।
- अब किसी भी उम्र के बच्चे को गोद लेने पर मातृत्व अवकाश मिलेगा।
- कोर्ट ने केंद्र सरकार से पितृत्व अवकाश को भी कानून में शामिल करने को कहा।
- छुट्टी की अवधि माता-पिता और बच्चे की जरूरतों के अनुसार तय की जानी चाहिए।

**कोर्ट रूम में दलीलें**

**याचिकाकर्ता पक्ष**

- बच्चे की देखभाल केवल मां की जिम्मेदारी नहीं है, इसलिए पितृत्व अवकाश जरूरी है।
- 3 महीने की उम्र की शर्त भेदभावपूर्ण और गलत है।

**सुप्रीम कोर्ट का जवाब**

- बच्चे के शुरुआती विकास में मां और पिता दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण है।
- पितृत्व अवकाश को सामाजिक सुरक्षा लाभ के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए।

**यह है मामला**

हमसानंदिनी नंदूरी ने इस मुद्दे पर जनहित याचिका दायर की थी। 2017 में उन्होंने दो बच्चों को गोद लिया (4.5 साल और 2 साल)। उन्हें सिर्फ 6-6 हफ्ते की छुट्टी मिली क्योंकि बच्चे 3 महीने से बड़े थे। 2021 में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की और आयु सीमा को असंवैधानिक बताया। 29 जनवरी 2025 को कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा।

**मौजूदा नियमः** भारत में अभी पितृत्व अवकाश को कानूनी रूप से मान्यता नहीं मिली है। वहीं महिलाओं के लिए मेटरनिटी लीव का प्रावधान है। पहले दो बच्चों तक 26 हफ्ते का वेतन सहित अवकाश और तीसरे पर पर 12 हफ्ते के अवकाश का नियम है। इसमें से 8 हफ्ते डिलीवरी से पहले ले सकते हैं।

### लोकसभा से आठ विपक्षी सांसदों का निलंबन हटा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** लोकसभा में मंगलवार को बजट सत्र के पहले चरण में निलंबित किए गए 8 विपक्षी सांसदों का सस्पेंशन वापस ले लिया गया। इनमें कांग्रेस के 7 और लेफ्ट का एक सांसद शामिल है। इन सभी सांसदों को 4 फरवरी को पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित किया गया था।

सांसदों पर आरोप था कि हंगामे के दौरान उन्होंने पीठासीन अधिकारी कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी की कुर्सी की ओर कागज फेंके थे। यह विवाद उस समय हुआ था जब राहुल गांधी सदन में पूर्वी लद्दाख में 2020 के भारत-चीन सीमा विवाद का मुद्दा उठा रहे थे। कांग्रेस सांसद के. सुरेश समेत तीन सांसदों ने निलंबन वापस लेने का प्रस्ताव रखा, जिसे ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव ने भी इसका समर्थन किया। हंगामे के बीच लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सदस्यों को सख्त निर्देश देते हुए कहा, 'सदन में प्लेकार्ड और एआई से बनाई गई तस्वीरें प्रदर्शित न करें।'

## संक्षिप्त खबरें

### एनएचडीसी निगम मुख्यालय द्वारा हिंदी कार्यशाला का आयोजन



**जागरण, भोपाल।** एनएचडीसी निगम मुख्यालय, भोपाल द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए कार्यालयीन कामकाज में आधुनिक तकनीकी उपकरणों के माध्यम से हिंदी के प्रयोग को सरल और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से डिजिटल कार्य संस्कृति और राजभाषा हिंदी विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस हिंदी कार्यशाला का शुभारंभ मां शारदे की वंदना एवं दीप प्रज्वलन से किया गया, तत्पश्चात रेशमा संजीव, उप महाप्रबंधक (मा.संसा.) द्वारा मध्यप्रदेश माध्यम में कार्यरत डॉ. आत्माराम शर्मा, प्रबंधक (आईटी) बतौर अतिथि व्याख्याता का अभिनंदन पुष्पगुच्छ से किया गया । इस कार्यशाला के दौरान अतिथि व्याख्याता ने अपने संबोधन में कहा कि, डिजिटल युग में हिंदी में काम करना अब कोई चुनौती नहीं, बल्कि एक बड़ी सुविधा बन चुकी है । उन्होंने जोर दिया कि ई-ऑफिस और पेपरलेस कार्य संस्कृति के इस दौर में यूनिकोड और एआई जैसे टूल्स हिंदी को वैश्विक पहचान दिला रहे हैं ।

### अति विशिष्ट साहित्य विभूषण सम्मान-2026 से सम्मानित हुए संतोष चौबे



**जागरण, भोपाल।** बीपीए फाउंडेशन एवं इंडिया नेटबुक्स द्वारा नई दिल्ली में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में वरिष्ठ कवि- कथाकार, विश्व रंग के निदेशक एवं रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे जी को अति विशिष्ट साहित्य विभूषण सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। यह महत्वपूर्ण सम्मान प्रतिष्ठित कथाकार ममता कालिया, सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार प्रेम जनमेजय जी, बीपीए फाउंडेशन एवं इंडिया नेटबुक्स के अध्यक्ष संजीव कुमार जी द्वारा प्रदान किया गया। संतोष चौबे को वैश्विक स्तर पर साहित्य, कला, संस्कृति, हिंदी भाषा और शिक्षा के क्षेत्र में रचनात्मक और सृजनात्मक कार्यों के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि कवि-कथाकार, उपन्यासकार, संपादक और अनुवादक संतोष चौबे अपने अभिनव रचनात्मक प्रकल्पों और नवाचारों के लिए वैश्विक स्तर पर एक विशिष्ट पहचान रखते हैं। उन्होंने हिन्दी भाषा और भारतीय साहित्य, कला एवं संस्कृति के प्रसार के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय विश्वरंग महोत्सव की वर्ष 2019 में भोपाल से शुरुआत की जिसके आज 70 से अधिक सदस्य देश हैं।

### हज कमेटी के कर्मचारियों को फिर से सातवें वेतनमान का लाभ देने की मांग

जासं, भोपाल। हज कमेटी के कर्मचारियों को सातवें वेतनमान का लाभ देकर वापिस लिए जाने से हज कमेटी के कर्मचारियों में भारी रोष है। शासन द्वारा हज कमेटी के कर्मचारियों को तीन साल पहले सातवें वेतनमान का लाभ दिया गया था, लेकिन बिना किसी उचित कारण के ही सातवां वेतनमान वापिस ले लिया गया, जिससे कर्मचारियों के मन में रोष है। महंगाई और कर्मचारियों की इस समस्या को लेकर सेमी गवर्नमेंट एंप्लॉय फेडरेशन के संयोजक अनिल वाजपेई ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पत्र लिखकर मांग की है। कर्मचारियों को फिर से सातवें वेतनमान का लाभ दिया जाए।

# राजधानी में जुआ जारी, भीमनगर में संचालित जुए की फड़ से हफ्ता मांग रहा था लल्लू रईस

## दिसंबर में एसीपी ने की थी रेड, 'मुखबिरी' होने पर मिला था सन्नाटा, ईंटखेड़ी में हुआ था गैंगवार

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** राजधानी में एकबार फिर से जुआ की फड़ संचालित की जा रही हैं। इसे लेकर जहां जुआरियों को गुंडे-बदमाश द्वारा ब्लैकमेल किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर हफ्ता न देने पर गैंगवार की घटनाएं सामने आ रहीं हैं। अशोका गार्डन इलाके में हिस्ट्रीशीटर लल्लू रईस के घर, बेटे और उस पर हमीदिया अस्पताल में चली गोली भी जुएं की फड़ का कारण है। सूत्रों की मानें तो लल्लू रईस भीमनगर में संचालित जुए की फड़ से हफ्ता मांग रहा था। हफ्ता न मिलने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था। इसके चलते शादाब कुरैशी उर्फ शादाब गेट व उसके गुर्गों ने गोलीकांड किया था। इससे पहले दिसंबर माह में थाना ईंटखेड़ी में रूसी खान ने गुंडे दानिश खान और उसके परिवार पर अंधाधुंध गोलियां चलाई थीं। इस वारदात को भी जुएं की फड़ को लेकर अंजाम दिया था। रूसी खान स्टेशन बजरिया इलाके में जुआ खिलवा रहा था।



### फिर से शुरू हुआ जुआ, अफसर की डांट के बाद बंद

सूत्रों की माने तो इस घटना के बाद फरवरी 2026 में स्टेशन बजरिया इलाके में फिर से जुआ शुरू हुआ। जुए को लेकर एक तीन मंजिला मकान तय किया गया था। इसमें जुएं की फड़ जमती थी। थाना पुलिस से भी सेटिंग की गई। बताया गया है कि 20 हजार रुपए का हफ्ता तय हुआ था। यह जुआ कुछ दिन संचालित हुआ। कुछ पुलिसकर्मियों को इस ओर रूख करने से मना किया गया। यह जानकारी एक अफसर तक पहुंची। उन्होंने थाना पुलिस को डांट लगाई और जुआ बंद न होने पर सख्त कार्रवाई समेत निलंबन के निर्देश दिए। इसके बाद आनन-फानन में यह जुआ बंद हो गया।

### जलगांव पुलिस ने शादाब गेट को भेजा जेल

इधर, आरोपी शादाब गेट को महाराष्ट्र के जलगांव पुलिस ने पिस्टल समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ जलगांव में आर्म्स एक्ट का केस दर्ज हुआ है। सूचना मिलते ही भोपाल पुलिस की एक टीम उसे लेने जलगांव पहुंची। जब तक पुलिस पहुंची आरोपी शादाब का जेल वारंट बन चुका था। बुधवार को भोपाल पुलिस कोर्ट से पत्र लिखकर आरोपी का वारंट मांगेगी। वारंट जारी होने के बाद आरोपी शादाब को महाराष्ट्र से प्रोडक्शन वारंट पर भोपाल लाया जाएगा। इसके बाद भोपाल पुलिस उसे गिरफ्तार कर पूछताछ करेगी। सूत्रों की माने तो पुलिस मामले में आरोपी गुड्डू स्टेशन, शाहबर मौलाना को पकड़ चुकी है। शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

### 10 हजार रुपए हफ्ता मांगा था

नए शहर के कुछ बदमाश पार्टनरशिप में अरेरा हिल्स थाना स्थित भीमनगर में जुआ संचालित करवा रहे हैं। इसमें शादाब कुरैशी उर्फ गेट, उसका भाई शहीद समेत आसिफ कौआ, टिंकू डाटा, सन्ना आदि के नाम शामिल हैं। इस जुएं की भनक जनवरी महीने में एसीपी एमपी नगर को लगी थी। एक रात एसीपी ने अपनी टीम के साथ यहां दबिश भी दी थी, लेकिन मुखबिरी होने पर यहां सन्नाटा मिला था। जबकि सूचना थी कि छह महीने से जुआ संचालित हो रहा था। जुआ रात में शुरू होता था जोकि अलसुबह तक चलता था। इसी जुआ पर हिस्ट्रीशीटर लल्लू रईस की नजर थी। लल्लू ने शादाब गेट से 10 हजार रुपए हफ्ता मांगा था। लेकिन शादाब को यह मंजूर नहीं था। बदले में उसने गोली मारना ही उचित समझा। इसके चलते शनिवार तड़के 4.45 बजे शादाब और उसके गुर्गों ने लल्लू रईस के बेटे इमरान पर गोली चलाई। वह जान बचाकर भागा तो घर में घुसकर गोलियां चलाईं।

### गुंडे ने रंगदारी मांगी तो मारी थी पांच गोलियां

इसके पूर्व 12 दिसंबर 2025 में ईंटखेड़ी इलाके में स्टेशन बजरिया के निगरानी बदमाश रूसी खान और उसके तीन साथियों ने गुंडे दानिश खान और उसके परिवार पर गोलियां चलाई थीं। दानिश ने जुए की फड़ को लेकर रूसी खान से रंगदारी मांगी थी। चार-दिन दिन से उनके बीच गहमा-गहमी चल रही थी। 12 दिसंबर की रात साढ़े 11 बजे दानिश अपने परिवार के साथ ईंटखेड़ी से कार से लौट रहा था। उसकी कार को ओवरटेक कर आरोपियों ने पांच गोलियां चलाई थीं। तीन गोलियां दानिश के पेट, पैर में लगी थीं। दानिश को बचाने आई पत्नी रिमशा और उसकी बहन पर आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया था। इसके बाद आरोपी मौके से भाग निकले थे। पुलिस ने आरोपी शन्नू वजनदार, जुबेर किलकिल, फरदीन, शाहवेज, रूसी खान समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया था। आरोपी स्टेशन बजरिया और ऐशबाग थाने के थे।

### मनमानी करने वालों के खिलाफ निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, पूर्व भोपाल जिला प्रभारी एवं बजरंग हम्माल श्रमिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष बालिस्ता रावत के नेतृत्व में भोजपुरी भाषा विकास मंच के प्रदेश प्रवक्ता छोटेलाल गिरी, भाजपा किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष कैलाश सोनी, वरिष्ठ समाजसेवी रामस्वरूप राजपूत ने बेटी पढ़ाओ, बेटी बढ़ाओ व अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग की योजनाओं को विफल व लाभ से वंचित करने वालों पर कार्यवाही करने की मांग को लेकर नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन को सौपा ज्ञापन। बालिस्ता रावत ने बताया कि नया समग्र आईडी बनवाने व समग्र आईडी में नाम जुड़वाने वालों के प्रत्येक समग्र आईडी में सामान्य जाति श्रेणी का उल्लेख कर योजना के लाभ से वंचित करने का कार्य किया जा रहा है । नगर निगम भोपाल के वार्ड 76 में परिवार का पूर्व से समग्र आईडी बना हुआ है, समग्र आईडी में पांच सदस्य का नाम अनुसूचित जाति श्रेणी में उल्लेख है, छठवें सदस्य का सामान्य जाति श्रेणी का उल्लेख कर दिया गया है, सही कराने जाने पर जाति प्रमाण पत्र का होना अनिवार्य बताया जा रहा है, परिवार के दादाजी व पिताजी का जाति प्रमाण पत्र को मान्य नहीं किया जा रहा है, एक वर्ष के बच्चे का भी जाति प्रमाण पत्र होना अनिवार्य बताया जा रहा है ।

# अस्पतालों में बढ़े आंखों के मरीज, हवा में उड़ रहे परागकणों से फैल रहा संक्रमण

### आंखों में दर्द और जलन मुख्य लक्षण

**नगर संवाददाता, भोपाल।** शुष्क मौसम और पतझड़ के चलते हवा में परागकण की मात्रा बढ़ने से शहर में एलर्जिक कॉन्जंक्टिवाइटिस के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। हमीदिया और जेपी अस्पताल की नेत्र ओपीडी में रोजाना आने वाले मरीजों में 10 से 15 प्रतिशत यानी करीब 40 से 50 मरीज इसी समस्या से पीड़ित मिल रहे हैं। आंखों में खुजली, जलन और लालिमा की शिकायतों के साथ लोग डॉक्टरों तक पहुंच रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह बीमारी सामान्यतः 4 से 5 दिन में ठीक हो जाती है, लेकिन लापरवाही बरतने पर समस्या गंभीर रूप ले सकती है। शहर के प्रमुख सरकारी अस्पतालों में इन दिनों आंखों से जुड़ी एलर्जी के मरीजों की संख्या में तेजी आई है। हमीदिया अस्पताल और जेपी अस्पताल के नेत्र विभाग में रोजाना आने वाले मरीजों में 10 से 15 फीसदी केस एलर्जिक कॉन्जंक्टिवाइटिस के सामने आ रहे हैं। डॉक्टरों के मुताबिक, यह स्थिति हर साल बदलते मौसम के दौरान देखने को मिलती है, लेकिन इस बार पोलेन की मात्रा अधिक होने से मरीजों की संख्या ज्यादा है।

### पोलेन व धूल बन रहे मुख्य कारण

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. भावना शर्मा के अनुसार, हवा में मौजूद पोलेन, धूल और अन्य सूक्ष्म कण आंखों में जाकर एलर्जी पैदा कर रहे हैं। कई मामलों में यह समस्या आंख में फॉरेन बॉडी (बाहरी कण) जाने के कारण भी हो रही है। इसके चलते आंखों में तेज जलन, सूजन और लगातार पानी आने की समस्या बढ़ रही है। खासतौर पर सुबह और शाम के समय यह परेशानी अधिक देखी जा रही है।

### क्या है एलर्जिक कॉन्जंक्टिवाइटिस

एलर्जिक कॉन्जंक्टिवाइटिस आंखों की एक सामान्य एलर्जी है, जो मुख्य रूप से मौसम बदलने के दौरान होती है। इसमें आंखों की बाहरी परत (कॉन्जंक्टिवा) में सूजन आ जाती है। इससे आंखें लाल हो जाती हैं और उनमें खुजली व जलन महसूस होती है। कई बार आंखों से पानी भी लगातार निकलता रहता है, जिससे मरीज असहज महसूस करता है।

### लोक अदालत में बिजली संबंधी प्रकरणों में दी गई छूट

**भोपाल।** गत शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल व ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों में विद्युत संबंधी 17 हजार 257 प्रकरणों का निराकरण करते हुए, विद्युत उपभोक्ताओं को 11 करोड़ 44 लाख, 94 हजार रूपए की छूट प्रदान की गई। इस दौरान बिजली कंपनी द्वारा कुल 21 करोड़ 11 लाख 19 हजार रुपए का राजस्व कंपनी के खाते में जमा कराया गया है। इस दौरान भोपाल क्षेत्र के अंतर्गत लिटिगेशन एवं प्रिलिटिगेशन के कुल 9 हजार 615 मामलों में 17 करोड़ 91 लाख 96 हजार की मांग के एवज में 6 करोड़ 49 लाख, 33 हजार रूपये की छूट प्रदान करते हुए 11 करोड़ 42 लाख 62 हजार की राशि कंपनी के खाते में जमा कराई गई है। ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत कुल 7 हजार 642 मामलों में 14 करोड़ 64 लाख 17 हजार की मांग के एवज में 4 करोड़ 95 लाख 60 हजार रुपए की छूट प्रदान करते हुए 9 करोड़ 68 लाख 56 हजार रुपए की राशि जमा कराई गई है।

# फतवा वायरल करने वाले के खिलाफ एफआईआर की मांग

**नगर संवाददाता, भोपाल।** सोशल मीडिया पर वायरल हुए फतवे को लेकर राजधानी में विवाद बढ़ने के बाद ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी मंगलवार को शाहजहांनाबाद थाने पहुंची। कमेटी के पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया कि शहर काजी के खिलाफ लिए गए फतवे को सोशल नेटवर्क पर वायरल कर उनकी छवि धूमिल करने और शहर का माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। कमेटी ने इस पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कमेटी के अनुसार पीरगेट निवासी सैयद सोहेल अली ने 6 मार्च को दारुल इफ्ता जेर-ए-एहतमाम मसाजिद कमेटी भोपाल को आवेदन देकर शहर काजी के संबंध में एक बीमारी का हवाला देते हुए फतवा मांगा था। इसके जवाब में 10 मार्च को दारुल इफ्ता की ओर से फतवा जारी किया गया। इस पर मुफ्ती-ए-शहर अब्दुल कलाम, मुफ्ती रईस और मुफ्ती जसीम दाद के हस्ताक्षर हैं। कमेटी का कहना है कि यह फतवा पिछले एक-दो दिनों से सोशल मीडिया पर चल रहा है, जिससे शहर काजी की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश हो रही है। कमेटी ने आशंका जताई कि यह एक सोची-समझी साजिश हो सकती है, जिसका उद्देश्य शहर काजी को उनके पद से हटाना है। कमेटी ने ज्ञापन में कहा कि शहर काजी मुस्लिम समाज में सबसे बड़े धर्मगुरु के रूप में सम्मानित पद है। यदि कोई व्यक्ति बीमार भी हो तो उसकी बीमारी को इस तरह सार्वजनिक करना और बिना अनुमति उसकी व्यक्तिगत स्थिति को सामने लाना भी गंभीर विषय है। ऐसे में यह कृत्य समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है।

**मुस्लिम त्योहार कमेटी ने शाहजहांनाबाद पुलिस से की शिकायत**

# मोबाइल चोरी के शक में युवक को मारा था चाकू, 16वें दिन हुई मौत

## कट गई थी गर्दन की नस, परिजनों ने लगाए पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** मोबाइल चोरी के शक में युवक पर चाकू से हमले में घायल की इलाज के दौरान 16वें दिन मौत हो गई। चाकू के हमले से उसकी गर्दन की नस कट गई थी। मंगलवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों ने अशोका गार्डन पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पुलिस ने सही तरीके से कार्रवाई नहीं की। एफआईआर में गलत घटनाक्रम बताया। अशोका गार्डन पुलिस के मुताबिक, 27 वर्षीय अंकित जोशी कैलाश नगर सेमरा में रहता था। वह ड्रायवरी करता था। बीती 1 मार्च की शाम करीब सात बजे उसी इलाके में रहने वाले परिचित मोहित राव ने उस पर मोबाइल चोरी का आरोप लगाकर चाकू से हमला कर दिया था। हमले में अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे जेपी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से उसे हमीदिया रेफर कर दिया था। तब से उसका इलाज हमीदिया अस्पताल में चल रहा था। 15 दिन तक चले इलाज के बाद उसकी सोमवार रात मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया।

**आरोपी की बहन के पास था मोबाइल :** मृतक के भाई शक्ति जोशी का कहना है कि मोहित राव ने उनके भाई पर मोबाइल चोरी का झूठा आरोप लगाया था। इस संबंध में अंकित बात करने उसके घर गया था। वहां आरोपी की बहन ने बताया कि मोबाइल उसके पास है, अंकित ने चोरी नहीं की है। इसके बाद अंकित आरोपी की मां से बात करने गया। इसी दौरान मोहित राव ने पीछे से गर्दन पर चाकू से वार कर दिया। चाकू करीब ढाई इंच तक गर्दन में घुस गया था, जिससे गर्दन की नस कट गई थी। अंकित का शरीर सुन्न पड़ गया था।

**मामा ने पुलिसकर्मियों को दिए पैसे :** मृतक के भाई ने पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि घटना के बाद जब 112 डायल पुलिस मौके पर पहुंची, तब आरोपी के मामा ने पुलिसकर्मियों को पैसे दिए और आरोपी को वहां से ले जाया गया। परिजनों का यह भी कहना है कि दर्ज की गई एफआईआर में घटनाक्रम को सही तरीके से नहीं लिखा गया है और इसमें अंकित पर ही मोबाइल चोरी का आरोप दर्शाया गया है।

### जागरूकता से लोकतंत्र बनाता है सशक्तः एपी सिंह

**विसं भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग एपी सिंह ने कहा है कि हमारे देश ने जवाबदेह शासन व्यवस्था के लिए संसदीय लोकतंत्र को अपनाया है,जिसके माध्यम से संसदीय लोकतंत्र में जनता के लिए जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों द्वारा शासन व्यवस्था चलायी जाती है। सिंह मंगलवार को पं.कुंजीलाल राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ द्वारा युवाओं के लिए वार्षिक युवा संसद प्रतियोगिता पुरुष्कार समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रभावी और सशक्त लोकतंत्र के लिए नागरिकों का जागरूक होना आवश्यक है। इसलिए संसदीय विद्यापीठ द्वारा संसदीय विषयों पर प्रदेश के विद्यालयों व महाविद्यालयों के विद्यार्थियो व युवाओं की जागरूकता के लिए आयोजित कार्यक्रम सराहनीय हैं। डॉ सिंह ने कहा संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार ही मानव अधिकार हैं जिनका संरक्षण मानव अधिकार आयोग करता है लेकिन संविधान में अधिकारों के साथ कर्तव्य भी दिये गये हैं ।

# मास्टर प्लान न आने से थमी विकास की रफ्तार

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश के सभी बड़े शहरों में जमीनी विकास को तेज करने और विकास को रफ्तार देने के लिए क्रेडाई मध्य प्रदेश की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष धीरेश खरे के साथ ही क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज सिंह मीक उपस्थित रहे। बैठक में इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर सहित अन्य शहरों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष खरे ने क्रेडाई की पुरानी मांग को दौहराते हुए कहा कि यदि शहर में मास्टर प्लान लागू नहीं किया जाएगा, तो इससे विकास की रफ्तार फिर से धीमी होगी। भोपाल और इंदौर जैसे प्रमुख शहरों के मास्टर प्लान में देरी से न केवल निवेश प्रभावित हो रहा है, बल्कि नियोजित विकास भी नहीं हो पा रहा है। इस दौरान संस्था द्वारा मांग की गई कि नया मास्टर प्लान लागू होने तक धारा 16 के तहत स्थगित किए गए लेआउट अप्रूवल फिर से शुरू किए जाएं। इस दौरान सभी ने कलेक्टर गाइडलाइन रेट में वृद्धि न करने का भी सुझाव दिया, ताकि बाजार में स्थिरता बनी रहे। साथ ही, विभिन्न शहरों में एफएआर के नियमों में एकरूपता लाने और वरिष्ठ नागरिकों को स्टाम्प ड्यूटी में राहत देने पर भी चर्चा हुई।



### सरकार के साथ संवाद स्थापित करने पर दिया जोर : धीरेश खरे

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष धीरेश खरे ने कहा कि आर्थिक वृद्धि के लिए नीतियों में पारदर्शिता और स्थिरता लाना अनिवार्य है। जबकिभोपाल क्रेडाई अध्यक्ष मनोज मीक ने मास्टर प्लान को समय पर लागू करने पर जोर दिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि कौशल विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रदेश भर में अभियान चलाए जाएगा और सरकार के साथ निरंतर संवाद स्थापित किया जाएगा।

### पंजीयन दफ्तर में बिजली गुल उमस के बीच हुई रजिस्ट्रियां



**जागरण संवाददाता, भोपाल।** राजधानी में एक अप्रैल से कलेक्टर गाइडलाइन दरों में संभावित बढ़ोतरी के चलते पंजीयन कार्यालयों में रजिस्ट्री करवाने के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है। मंगलवार को आईएसबीटी, बैरसिया और परी बाजार स्थित दफ्तरों में खरीदारों का तांता लगा रहा। हालांकि, व्यवस्थाओं की कमी के कारण लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान आईएसबीटी स्थित पंजीयन कार्यालय में दिनभर में दो बार बिजली गुल हुई, जिससे रजिस्ट्री की प्रक्रिया काफी देर तक बाधित रही। सर्वर और कंप्यूटर बंद होने से काम अटक गया और भीषण गर्मी व उमस ने आवेदकों को बेहाल कर दिया। पर्याप्त इंतजाम न होने से लोग दफ्तर के बाहर पसीने से तर-बतर नजर आए। हालांकि देर शाम तक जिले के तीनों पंजीयन कार्यालयों में 522 रजिस्ट्रियां दर्ज की गईं, जिससे सरकारी खजाने में करीब 6 करोड़ रुपये का राजस्व जमा हुआ। गौरतलब है कि मार्च के आखिरी दिनों में बढ़ते दबाव को देखते हुए विभाग ने शनिवार और रविवार सहित सभी अवकाश के दिनों में भी दफ्तर खोलने का निर्णय लिया है।

धरोहर

## नवाब शाहजहां बेगम ने 1879 में कराया था निर्माण, यहां 50 हजार से ज्यादा लोग अदा करते हैं ईद की नमाज

# देश की सबसे बड़ी ईदगाह पर पहले होगी ईद की नमाज

**नगर संवाददाता, भोपाल।** रमजान का महीना अब एक या दो दिन का मेहमान है। इसके बाद ईद-उल- फितर का त्योहार मनाया जाएगा। ईद की नमाज जहां अदा की जाती है, उस स्थान को ईदगाह कहते हैं। यह एक प्रकार की खुली मस्जिद होती है, जिसमें चारों ओर दीवारें तो होती हैं लेकिन इसकी छत नहीं होती। भोपाल में जो ईदगाह है उसे देश की सबसे बड़ी ईदगाह का खिताब हासिल है। कहीं कहीं इसे विश्व की सबसे बड़ी ईदगाह भी कहा जाता है। इसका निर्माण वर्ष 1879 में तत्कालीन भोपाल नवाब शाहजहां बेगम ने कराया था। इसका कुल क्षेत्रफल 900 गुणा 628 यानी 5 लाख 65 हजार 200 वर्गफीट है। इसमें 900 फीट लंबाई और 628 फीट चौड़ाई है।

**एक चौथाई हिस्सा औरतें के लिए रिजर्व था :** भोपाल की ईदगाह को बने हुए 147 साल गुजर चुके हैं। जब इसका निर्माण कराया गया था उस समय इसके कुल क्षेत्रफल में 25 फीसदी यानि एक चौथाई हिस्सा औरतों की नमाज के लिए रिजर्व रखा गया था। चूंकि भोपाल में नवाबी शासन रहा है और यहां मुस्लिम समुदाय की एक बहुत बड़ी आबादी निवास करती है। इसी को देखते हुए बेगम शाहजहां ने ईदगाह में औरतों के लिए भी जगह सुनिश्चित की थी। पूर्व के समय में औरतें ईद की नमाज पढ़ने ईदगाह पर जाया करती थीं। लेकिन वक्त गुजरने के साथ अब इस रिवायत का पालन नहीं हो पाता। भोपाल के मशहूर आर्किटेक्ट एसएम हुसैन ने बताया कि बेगम के दौर में शहर का माहौल बहुत सुकून भरा होता था, इसलिए औरतें आसानी से बाजारों में पहुंचा करती थी। औरतें के लिए एक पूरा बाजार भी रिजर्व था, जिसे परी बाजार कहते हैं। लेकिन अब ऐसा माहौल नहीं है, इसलिए औरतें घर पर ही नमाज अदा करती हैं।



### ईद की नमाज का समय

| | |
|---|---|
| ईदगाह- | 7:30 बजे |
| जामा मस्जिद - | 7:45 बजे |
| ताजुल मसाजिद - | 8 बजे |
| मोती मस्जिद- | 8:15 बजे |
| रब्बानी मस्जिद- | 9 बजे |

### होती थी ऊंट की कुर्बानी

ईदगाह पर साल में सिर्फ दो बार नमाज होती है। मीठी ईद यानि ईद उल फितर और बकरा ईद यानि ईद उल अजहा। ईद उल अजहा के मौके पर भोपाल नवाब हमीदुल्ला खां ईदगाह पर ही ऊंट की कुर्बानी किया करते थे। कई वर्षों तक यह सिलसिला जारी रहा। इसके बाद समय बदला और अब यह रिवायत भी बंद हो गई।

### तोप चढ़ाने के लिए बनाया था ढलान नुमा रास्ता

एसएम हुसैन ने बताया कि ईदगाह के निर्माण के बाद बेगम शाहजहां ने दोनों ओर के रास्तों को ढलान नुमा बनवाया। ताकि ईद के मौके पर यहां तोप को आसानी से चढ़ाया जा सके। नवाबी काल में ईद की नमाज के पहले और बाद में तोप चलाने का रिवाज था। इसलिए ईदगाह के पहुंच मार्ग को उस तरीके से डिजाइन किया गया है।

### अतिक्रमण और बदहाली का शिकार है ईदगाह

वर्तमान में भोपाल की ईदगाह अतिक्रमण और बदहाली का शिकार है। ईदगाह परिसर के बाहर भी ईदगाह की खाली जमीन है। जिस पर कई भूमाफियाओं ने कब्जा जमा रखा है। ईदगाह की पार्किंग का हिस्सा भी अतिक्रमण की चपेट में है।

## नगर में आज

**कवि सम्मेलन**
- स्थानः अटल पथ, जवाहर चौक
- समयः रात्रि 8 बजे से

**नव वर्ष उत्सव**
- स्थानः प्रभात चौराहा
- समयः शाम 7 बजे से

**कला प्रदर्शनी**
- स्थानः आलियांस फ्रांसिस, शाहपुरा
- समयः सुबह 10 से 6 बजे

**प्रदर्शनी का उद्घाटन**
- स्थानः वीथी संकुल, आईजीआरएमएस, भोपाल
- समयः शाम 5 बजे से

**स्वयं सिद्धा-3**
- स्थानः रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप
- समयः शाम 7 बजे

**आद्या समारोह**
- स्थानः भारत भवन
- समयः शाम 7 बजे

**चित्र प्रदर्शनी**
- स्थानः मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय
- समयः सुबह 11 बजे से

# एलपीजी की किल्लत के बीच जब्ती के 1500 से ज्यादा सिलेंडर से होगी रसोई गैस की सप्लाई

## खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने घरेलू सिलेंडर के उपयोग को लेकर कलेक्टर को दिया प्रस्ताव

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** पिछले कुछ समय में शहर भर में हुई विभिन्न कार्रवाई के दौरान जब्त किए गए 1500 से ज्यादा गैस सिलेंडर सप्लाई के लिए आम लोगों को उपलब्ध कराए जा सकते हैं। जिला एवं खाद्य आपूर्ति विभाग ने इसके लिए प्रस्ताव बनाकर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को दिया है। कलेक्टर से अनुमति मिलते ही इन सिलेंडरों को विभिन्न वैध एजेंसियों के माध्यम से सप्लाई करवाना शुरू कर दिया जाएगा। बता दें कि शहर भर में अभी भी एलपीजी की किल्लत खत्म नहीं हुई है। पिछले कुछ दिनों अचानक से एलपीजी की मांग में हुई बढ़ोत्तरी के बीच लोगों ने अपने घरों पर गैस सिलेंडर जमा करना शुरू कर दिए हैं। नतीजतन शहर में लोगों को समय पर घरेलू एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई नहीं मिल पा रही है। अब इसी समस्या से बचने के लिए पिछले दो सालों में जब्त किए गए 1500 सिलेंडरों को उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अनुसार शहर में अब भी रोजाना 15 हजार से ज्यादा घरेलू सिलेंडरों की बुकिंग हो रही है। यह गर्मी के मौसम में होने वाली औसतन बुकिंग से तीन गुना अधिक है। इस कारण लोगों की बुकिंग को समय पर क्लियर करने के लिए विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं, जिसके तहत जब्ती के सिलेंडरों की भी सप्लाई शुरू करने पर विचार किया जा रहा है।



### आठवें दिन भी सिलेंडर के लिए परेशान हो रहे लोग

इजरायल ईरान युद्ध के बीच रसोई गैस की अचानक से बड़ी मांग के बीच आठवें दिन भी लोग गैस सिलेंडर की सप्लाई के लिए परेशान होते रहे। लोग विभिन्न गैस एजेंसियों के चक्कर काटते रहे, लेकिन कई जगह लोगों को समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो सका। हालांकि प्रशासन का दावा है कि मंगलवार को शहर भर में 8 हजार से ज्यादा रसोई गैस सिलेंडरों की सप्लाई की गई। साथ ही कुछ ही दिनों में सप्लाई पहले की तरह सामान्य हो जाएगी। अधिकारियों के अनुसार पिछले आठ दिनों से अति जरूरी संस्थान जैसे अस्पताल, शासकीय कैंटीनों व हॉस्टल में कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई नहीं हो रही थी। जिससे यहां घरेलू सिलेंडरों का उपयोग हो रहा था। ऐसे में लोगों को घरेलू गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहे थे। सोमवार से अति आवश्यक संस्थानों को कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति शुरू कर दी गई है। मंगलवार को कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई न होने की केवल 50 शिकायतें ही आईं। इसके पहले 300 शिकायतें तक आ रही थीं। साथ एजेंसी संचालकों को बोलकर घरों तक होने वाली सप्लाई भी शुरू करा दी गई है।

### 10 फीसदी सिलेंडरों की सप्लाई की मांग

दूसरी ओर भोपाल होटल-रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष तेजकुल पाल सिंह पाली ने प्रशासन से मांग की है कि होटल व रेस्टोरेंट संचालकों को कम से कम 10 प्रतिशत कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई शुरू करवाई जाए। शहर के 2000 होटल व रेस्टोरेंट में डीजल भट्टी, इलेक्ट्रिक इंडक्शन से काम नहीं चल पा रहा है।

- **38 गैस** एजेंसियां शहर में इंडेन, एचपी व भारत की हैं।
- **4.5 लाख** घरेलू गैस उपभोक्ता शहर में हैं।
- **50 हजार** कमर्शिलय सिलेंडरों के उपभोक्ता।
- **20 हजार** से अधिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति हर दिन होती थी।
- **8.5 हजार** सिलेंडरों की आपूर्ति मंगलवार को करने की प्रशासन का दावा।



" शहर भर से जब्त 1500 से ज्यादा गैस सिलेंडर को सप्लाई के लिए उपयोग करने पर विचार कर रहे हैं। साथ ही शहर भर में शुरू हुई किल्लत अब खत्म होने लगी है। कुछ ही दिनों में घरेलू के साथ कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई भी सामान्य होने लगेगी।

■ **चंद्रभान सिंह जादौन**, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक

### अधिक समय तक रखे सिलेंडरों से खत्म हो जाती है एलपीजी

विभागीय अधिकारियों के अनुसार कार्रवाई के दौरान एजेंसियों से जब्त किए गए गैस सिलेंडरों को किसी अन्य एजेंसी में रखवा दिया जाता है। बाद में कलेक्टर न्यायालय में सुनवाई के बाद यह सिलेंडर एजेंसी संचालकों को लौटाए जाते हैं। कई बार कार्रवाई में लंबा समय तक लग जाता है। ऐसे में अन्य गैस एजेंसी संचालक इन सिलेंडरों का उपयोग कर लेते हैं या इनकी गैस कम हो जाती है। इस कारण इस समस्या से बचने के लिए इन सिलेंडरों को उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने पर विचार किया जा रहा है। ताकि उपभोक्ताओं की परेशानी खत्म करने के साथ एलपीजी गैस का पूरी तरह से उपयोग भी किया जा सके। हालांकि एलपीजी सिलेंडरों की सप्लाई शुरू करवाने से पहले किस एजेंसी से कितने सिलेंडर जब्त किए गए हैं और इन्हें कहां रखवाया गया है? इसकी लिस्ट बनवाई जा रही है, ताकि समय पर सिलेंडरों की सप्लाई शुरू करवाई जा सके।

# पमरे ने एकत्रित किया 8 हजार करोड़ से अधिक का राजस्व

## यातायात, मालभाड़ा और अन्य मदों से हुई कमाई

**नगर संवाददाता, भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे अपने सभी प्रकार की सुविधाओं का इस्तेमाल करते हुए लगातार राजस्व अर्जित कर रहा है। बीते 11 महीने में पमरे ने कुल 8186 करोड़ का राजस्व एकत्रित किया है। सबसे बड़ी बात यह है कि पमरे के इस राजस्व में भोपाल रेल मंडल का हिस्सा 1852 रुपए का है। जानकारी अनुसार पश्चिम मध्य रेलवे ने चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक यानि ग्यारह माह में 8186 करोड़ का कुल प्राम्भिक राजस्व अर्जित किया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि (7390 करोड़ 65 लाख रुपए) की तुलना में 10.76 प्रतिशत अधिक है, तथा रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य (7849 करोड़ 38 लाख रुपए ) से 4 प्रतिशत अधिक है।



### कहां से कितना कमाया

पमरे के ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू के मद पर यदि नजर डालें तो यात्री यातायात से 2341 करोड़ 60 लाख रुपए, माल यातायात से 5465 करोड़ 92 लाख रुपए अन्य कोचिंग मद में 167 करोड़ 54 लाख रुपए एवं विविध आय यानि संड्री से 210 करोड़ 94 लाख रुपए रेलवे राजस्व प्राप्त किया है।

### रेलवे ने ऐसे बढ़ाया राजस्व

- स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा हैं।
- पमरे से चलने वाली स्पेशल ट्रेनों की संचालन अवधि को विस्तारित कर चलाया जा रहा हैं।
- यात्री ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची को क्लीयर करने के लिए अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं।
- प्रायोगिक ठहराव की अवधि यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बढ़ाया जा रहा हैं।

### माल यातायात में ऐसे हुई बढ़ोतरी

- माल गोदामों में राउण्ड द क्लॉक यानि चौबीस घंटे लोडिंग एवं अनलोडिंग सेवाएं शुरू की गईं।
- नए माल गोदामों को विकसित करके उन्नयन कार्य किया जा रहा है।
- गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल/साइडिंग को बढ़ाने का निरंतर प्रयास किये जा रहे है।

### अन्य मद में ऐसे हुई कमाई

- गैर किराया राजस्व (नॉन फेयर रेवेन्यू) में वृद्धि के लिए नवाचारों और नविन अवधारणाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है।
- नई अभिनव गैर किराया राजस्व विचार योजना नीति के तहत नई-नई योजनाओं को लागु किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### नारियलखेड़ा सहित कई इलाकों में बिजली कटौती

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** बुधवार को शहर में अयोध्या बायपास 10 लेन रोड निर्माण के चलते न्यू जेल रोड, बड़वई, मेट्रो निर्माण कार्य के चलते निशातपुरा, नारियलखेड़ा और लाइन मेंटेनेंस कार्य के चलते श्यामला हिल्स व अन्य इलाकों में बिजली कटौती की जाएगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से मिली जानकारी के अनुसार आज 10 लेन रोड निर्माण कार्य के चलते पलासी व बड़वई गांव, कम्फर्ट हाइट, आइनॉक्स सहित अन्य कालोनियों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। मेट्रो प्रोजेक्ट कार्य के चलते फिरदौस नगर, शीतल नगर, निशातपुर, श्रीनगर, शारदा नगर, नारियलखेड़ा, गौतम नगर, पीजीबीटी रोड, शीतल नगर व आसपास के अन्य इलाकों में सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक बिजली कटौती की जाएगी।

### ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**जागरण,भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र में रेलवे पटरी पार कर रहे बुजुर्ग की मौत हो गई। वह जबलपुर अपनी बेटी से मिलकर भोपाल आ रहे थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। 69 वर्षीय इंद्र कुमार गुप्ता गांधी मोहल्ला मिसरोद के रहने वाले थे। वह एक रिटायर्ड कर्मचारी थे। इंटरसिटी एक्सप्रेस से भोपाल आ रहे थे। हबीबगंज रेलवे ट्रैक के पास रात करीब दो बजे गाड़ी आउटर में खड़ी हो गई। जिससे उतरकर पटरी पार करते समय दूसरी ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई।

### युवती से दोस्ती कर किया रेप

**जागरण,भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र में एक युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 27 वर्षीय पीड़िता मूल रूप से बैतूल की रहने वाली है। साल 2024 में उसकी मुलाकात जेके हॉस्पिटल में बलराम दास से हुई थी। दोनों के बीच हुई बातचीत जल्द ही प्रेम-प्रसंग में बदल गई। युवक ने उससे शादी करने की बात कही। इस पर वह राजी हो गई। 17 सितंबर 2024 में आरोपी उसके सर्वधर्म कॉलोनी स्थित किराए के कमरे पर पहुंचा। जहां उसने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। इसी दौरान आरोपी ने उसका अश्लील वीडियो बना लिया।

### चैत्र नवरात्रि की तैयारियां



**भोपाल।** गुरुवार 19 मार्च को प्रतिपदा से चैत्र नवरात्रि प्रारंभ हो रही है। इस नवरात्रि में शहर में कई स्थानों पर मां काली और दुर्गा की मूर्तियां स्थापित की जाएंगीं। इस नवरात्र में गूढ़ साधना करने के लिए मां काली की विशेष पूजा, अर्चना और साधना की जाती है। शहर में नवरात्र उत्सव के लिए मूर्तिकारों ने मां दुर्गा और काली की मूर्तियों को बनाना और सजाना शुरू कर दिया है। **फोटो- एचसी वर्मा**

# डाटा एंट्री आपरेटर रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ाया

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** लोकायुक्त भोपाल ईकाई ने संपदा शाखा प्रबंधक में पदस्थ एक डाटी एंट्री आपरेटर को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आपरेटर मकान की लीज के नवीनीकरण के नाम पर 10 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा था। पहली किश्त के 5 हजार रुपए देने के लिए मंगलवार को पीड़ित जैसे ही दफ्तर पहुंचा। तभी लोकायुक्त की टीम ने आपरेटर को रिश्वत लेते दबोच लिया। आरोपी डाटा एंट्री आपरेटर के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। एसपी लोकायुक्त दुर्गेश राठौर के मुताबिक, दूधनाथ शुक्ला निवासी कोटरा सुल्तानाबाद ने शिकायत की थी। उन्होंने शिकायती आवेदन में बताया कि मैं उपभोक्ता संघ से सेवानिवृत कर्मचारी हूं। अपनी पत्नी के नाम से ईडब्ल्यूएस मकान हाउसिंग बोर्ड कालोनी कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल में लेकर रजिस्ट्री करा ली थी। मकान की लीज के नवीनीकरण के लिए गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल जवाहर चौक के कार्यालय के शाखा प्रबंधक सम्पदा आउटसोर्स कर्मचारी ज्ञानेंद्र पटेल रिश्वत मांगी।

# लाइव डेमो में सीखी आधुनिक मेकअप की बारीकियां

## ब्यूटी सेमिनार और वूमेन पॉवर अवॉर्ड सेरेमनी में टीवी कलाकार कांची सिंह ने किया प्रतिभाओं को सम्मानित



**जागरण, भोपाल।** शहर में सौंदर्य और सृजनात्मकता का अनूठा संगम ब्यूटी सेमिनार और वूमेन पॉवर अवॉर्ड सेरेमनी में देखने को मिला। तन्वी महिला विकास कल्याण समिति की ओर से कार्यक्रम का आयोजन नर्मदापुरम रोड स्थित नंदन पैलेस में किया गया। इस कार्यक्रम में भोपाल सहित आसपास के क्षेत्रों की 200 से अधिक ब्यूटी प्रोफेशनल्स शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध मेकअप आर्टिस्ट अनुराग राय, रत्ना श्रीवास्तव और टीना गौर ने मंच पर लाइव डेमो प्रस्तुत कर आधुनिक मेकअप तकनीकों की बारीकियां साझा कीं। उन्होंने न केवल मेकअप के नए ट्रेंड्स से प्रतिभागियों को अवगत कराया, बल्कि स्किन केयर और हेयर स्टाइलिंग से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। इस अवसर पर टेलीविजन अभिनेत्री कांची सिंह, एक्सीलेंस टाइम एंटरटेनमेंट के प्रबंध संचालक हरिओम जटिया और कार्यक्रम की संयोजक बीना श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रतिभागियों के कार्य को देखा, उनकी सराहना की और उन्हें निरंतर उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया।



### विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को मिला सम्मान

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने समाज सेवा, शिक्षा, बिजनेस वूमेन, उद्यमिता और कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। अंत में ब्यूटी वॉक का आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागी ब्यूटीशियनों ने ब्राइडल मेकअप के विविध और मनमोहक रूपों का प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# सीधी भर्ती व पुरानी पेंशन बहाली को लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन


**जागरण संवाददाता, भोपाल।** पूरे देश में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 1 करोड़ 40 लाख से ज्यादा पद रिक्त हैं, जिन्हें सीधी भर्ती के जरिए भरा जा सकता है। लेकिन इन सभी पदों पर लंबे समय से दैनिक वेतन भोगी या आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती की जा रही है। पूरे देश में ही चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सीधी भर्ती बंद है, जिसकी वजह से एक बड़ा वर्ग शासकीय सेवा से अलग बैठा हुआ है। मंगलवार को यह मांग लेकर अखिल भारतीय राच्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी महासंघ द्वारा कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया।



इस ज्ञापन में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सीधी भर्ती करने, पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने, स्थाईकर्मी, दैनिक वेतन भोगी, अंशकालीन कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की तरह सुविधाएं देने सहित अन्य मांगों से जुड़ा ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया। ज्ञापन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, कोटवार, आशा कार्यकर्ता, मिड डे मिल की रसोइया, मध्यान भोजन की रसोईया को कम से कम 30000 मासिक वेतन का भुगतान करने, आउटसोर्स प्रथा को समाप्त कर सभी आउटसोर्स कर्मचारियों को शासकीय सेवा में नियमित करने जैसे मांगें की गई हैं।

### आंचलिक विज्ञान केन्द्र में पाई डे के अवसर पर विशेष गतिविधि का आयोजन

# 'पाई' के अंकों में बनाई मानव श्रृंखला



**जागरण, भोपाल।** आंचलिक विज्ञान केन्द्र, श्यामला हिल्स में पाई डे के अवसर पर एक अनूठी एवं आकर्षक गतिविधि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आम जनमानस में गणित के प्रति रुचि एवं जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों ने (पाई) के अंकों को प्रदर्शित करते हुए एक मानव श्रृंखला बनाई, जो उपस्थित दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। विद्यार्थियों ने क्रमवार पाई के मान वाले प्लेकार्ड अपने हाथों में लेकर इस प्रसिद्ध गणितीय स्थिरांक का सजीव एवं दृश्यात्मक प्रदर्शन किया। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों ने न केवल (पाई) के महत्व को समझा, बल्कि गणित को एक रोचक एवं सहभागितापूर्ण तरीके से अनुभव भी किया।

### भारत भवन में हुआ छह दिवसीय आद्या समारोह का शुभारंभ, बघेली लोक शैली, 16 संस्कार गीतों और प्रतीकों से सजी नाट्य प्रस्तुति

# स्त्री मन की सूक्ष्म कशमकश दिखी 'दुविधा' में



**जागरण, भोपाल।** भारत भवन में मंगलवार से प्रारंभ हुए छह दिवसीय 'आद्या' नाट्य समारोह ने स्त्री रचनाशीलता, संवेदनाओं और अंतर्द्वंद को मंच पर सजीव कर दिया। रंगमंडल नाट्य प्रभाग द्वारा संयोजित समारोह के पहले ही दिन मंचित नाटक 'दुविधा' ने अपनी गहन कथा, लोक शैली और सशक्त अभिनय के माध्यम से दर्शकों को भावनाओं के अनूठे संसार में ले गया। राजस्थान की प्रसिद्ध लोककथा पर आधारित इस नाटक का लेखन प्रख्यात साहित्यकार विजयदान देथा ने किया है, जिसे निर्देशक सविता दाहिया ने बघेली लोक शैली में रूपांतरित कर मंच पर प्रस्तुत किया। लोक रंग समिति, सतना के 25 कलाकारों द्वारा लगभग 90 मिनट की इस प्रस्तुति ने विंध्य अंचल की सांस्कृतिक गंध और लोक संवेदना को जीवंत कर दिया।



### सूक्ष्म कश्मकश का कलात्मक चित्रण

'दुविधा' केवल एक कथा नहीं, बल्कि स्त्री मन की उस सूक्ष्म कश्मकश का कलात्मक चित्रण है, जो परंपरा, सामाजिक मर्यादाओं और व्यक्तिगत इच्छाओं के बीच निरंतर झूलती रहती है। नाटक की कहानी एक सेठ के परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है। लोक में प्रचलित भूत की प्रेम कथा के माध्यम से यह नाटक स्त्री की उस मौन पीड़ा को अभिव्यक्त करता है, जिसे समाज अक्सर अनदेखा कर देता है। यही 'दुविधा' उसके जीवन का केंद्रीय भाव बन जाती है जहां वह अपनी इच्छाओं को त्यागकर मर्यादाओं को स्वीकार करती है, परंतु भीतर कहीं एक अधूरी आकांक्षा हमेशा जीवित रहती है।

### इसलिए विशेष बनी प्रस्तुति

नाटक की विशेषता इसका लोक रंग और शिल्प है। बघेली शैली में ढाले गए संवाद, उखान, लोकोक्तियां और 16 संस्कार गीतों का समावेश इसे विशिष्ट बनाता है। मंच सज्जा में प्रयुक्त जादुई दीवार और 'बमूर बिरवा' जैसे प्रतीक न केवल दृश्य सौंदर्य बढ़ाते हैं, बल्कि कथा के भाव को भी गहराई प्रदान करते हैं। विशेष रूप से स्त्री पात्र की भूमिका ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। यह नाटक दर्शाता है कि लोककथाएं समाज की गहरी सच्चाइयों और मानवीय संवेदनाओं का प्रतिबिंब भी होती हैं।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## देश संकट में ना घिरे, सरकार की जिम्मेदारी

होर्मुज जलमार्ग पार करके दो भारतीय जहाज जिनमें 'शिवालिक' 'मुंडा पोर्ट' (गुजरात) पर और जहाज 'नंदा देवी' 'कांडला बंदरगाह' (गुजरात) पर पहुंचे है। दोनों घरेलू गैस एलपीजी से लदे हुए हैं। दोनों जहाजों में 1.08 लाख मीट्रिक टन एलपीजी बताई गई है। यह भारत में मात्र एक दिन की गैस है। हमारी मासिक खपत 30 लाख टन है। एलपीजी के 11 अन्य जहाज भी होर्मुज पार करके भारत आने की उम्मीद में हैं। उनमें 4,15,000 टन एलपीजी बताई जा रही है। कच्चे तेल के 8 जहाज और एलएनजी के 3 जहाज भी प्रतीक्षारत हैं कि कब ईरान इजाजत देगा और वे भारत की तरफ प्रस्थान करेंगे। होर्मुज को लेकर भारत-ईरान का कोई नया करार नहीं हुआ है। भ्रामक सूचनाएं फैलाई जा रही हैं। भारत 2019 तक ईरान से कच्चा तेल आयात करता था। उसकी आपूर्ति में परिवहन और बीमा निशुल्क होते थे। 'रुपए' की मुद्रा में तेल की आपूर्ति होती थी और ईरान के करीब 60,000 करोड़ रुपए भारतीय बैंकों में जमा थे। अमरीका ने ईरान पर पाबंदियां थोपीं, तो भारत पर भी दबाव बनाया गया कि वह ईरान से तेल न खरीदे। हमने अमरीका का आदेश मान लिया और ईरान से तेल का आयात बंद कर दिया। उसी तरह रूस के तेल को काफी कम किया गया। अब संकट के दौर में ईरान और रूस दोनों को 'पुरानी दोस्ती' की दुहाई दी जा रही है। वे दोस्ती निभा भी रहे हैं। आभार ईरान और रूस!

अब सरकार बार-बार दावे कर रही है कि एलपीजी की कोई कमी नहीं है, तो कुछ सवाल मौजू लगते हैं। बीती 13 मार्च को 88.8 लाख बुकिंग कराई गई, जबकि एक दिन की औसत बुकिंग 55 लाख रही है। क्या पूरी 'दहशतपूर्ण बुकिंग' है? होटल, रेस्तरां और ढाबों में इंडक्शन चूल्हों और डीजल की भट्ठियों पर खाना क्यों बनने लगा है? सरकार ने वैकल्पिक ईंधन की इजाजत क्यों दी है? लोगों ने घरों की छतों पर चूल्हा रख कर लकड़ी और कोयले पर खाना पकाना क्यों शुरू कर दिया है?

जहरीले प्रदूषण को आमंत्रण और पर्यावरण का छिलना शुरू! एक पेशेवर सवाल यह है कि यदि एलपीजी का कोई संकट नहीं है, तो गैस डीलरों ने फोन क्यों बंद कर रखे हैं? हॉकर के फोन भी बंद हैं, क्यों? प्रधानमंत्री मोदी आजकल चुनावी जनसभाओं में व्यस्त हैं। वह बार-बार देश का आह्वान कर रहे हैं कि अफवाहों में मत आएं और अफवाहें फैलाएं भी नहीं। देश करीब 12 साल पहले कांग्रेस और विपक्ष को खारिज कर चुका है। लगातार तीन बार संसदीय जनादेश भाजपा-एनडीए को मिला है। नतीजतन मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री हैं। 12 साल एक लंबा वक्त होता है, लिहाजा अब प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार की जिम्मेदारी है कि देश संकट में घिरना नहीं चाहिए। यदि संकट वैश्विक है, तो देश को विश्वास में लेना चाहिए कि प्रयास किए जा रहे हैं, लिहाजा प्रधानमंत्री का देश को संबोधित करना अनिवार्य है। सरकार कबूल करे कि तेल-गैस का संकट है और उससे पार पाने की कोशिशें की जा रही हैं। प्रधानमंत्री ने कोरोना महामारी के दौरान कई बार देश को संबोधित किया था। अंततः कोरोना पराजित हुआ। यदि अब गैस एजेंसियों के बाहर जमा भीड़ कांग्रेस, वामपंथी, सपाई कार्यकर्ता या समर्थक हैं और गैस वाकई उपलब्ध है, तो उस भीड़ का संकट हल क्यों नहीं किया जा रहा? भीड़ कुछ हजार ही होगी। आखिर वे भी देश के नागरिक और एलपीजी के पंजीकृत उपभोक्ता हैं! आगामी दो-तीन माह के दौरान बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम, पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव हैं। इन राज्यों में कुल 18 करोड़ मतदाता हैं और 11 लाख से अधिक गैस सिलेंडर रोजाना सप्लाई किए जाते हैं। प्रधानमंत्री और भाजपा को एहसास होगा कि मतदाता का इस समय मानस क्या है? यदि देश में तेल-गैस का कोई भी संकट नहीं है, तो स्पष्ट बताएं। कांग्रेस को कोसने से संकट कम नहीं होने वाला है, प्रधानमंत्री जी! मीडिया में खबरें छप रही हैं कि कई जगहों पर रसोई गैस के लिए लंबी-लंबी कतारें लोगों की लग रही हैं। विशेषकर शहरी क्षेत्रों में रसोई गैस की कमी की खबरें आ रही हैं।

युद्ध का संकट

गंभीर मध्यस्थता प्रयास से दो एशियाई महाशक्तियां स्पष्ट रूप से अनुपस्थित हैं

## ईरान युद्ध रोकने में किसी की दिलचस्पी नहीं

प्रभु चावला



विडंबना यह है कि इस निरर्थक युद्ध में लालची लाभार्थी तो बहुत कम हैं, परंतु युद्ध में शामिल न होने वाले एक दर्जन से अधिक देशों के नागरिक सबसे बड़े पराजित बन गये हैं। पश्चिम एशिया की उथल-पुथल भरी भट्ठी में संघर्ष युद्धभूमि तक शायद ही सीमित रहते हैं। उनके कंपन वैश्विक व्यापार की नसों, तेल पाइपलाइनों, शेयर बाजार के संकेतकों और रोजमर्रा के घरेलू हिसाब-किताब तक पहुंच जाते हैं। ईरान को अमेरिका और इजराइल के खिलाफ खड़ा करने वाला वर्तमान उथल-पुथल भरा संघर्ष इस निर्मम रसायन का स्पष्ट उदाहरण है। इसने भू-राजनीतिक तनाव को एक ऐसे आर्थिक संकट में बदल दिया है, जिसने दुनिया के किसी भी कोने को अछूता नहीं छोड़ा। जो युद्ध शुरुआत में ईरान की परमाणु क्षमता और बैलिस्टिक मिसाइल अवसंरचना को निष्क्रिय करने के लिए एक सर्जिकल अभियान के रूप में शुरू हुआ था, वह अब क्षेत्रीय दावानल में बदल चुका है।

विडंबना यह है कि इस निरर्थक युद्ध में लालची लाभार्थी तो बहुत कम हैं, परंतु युद्ध में शामिल न होने वाले एक दर्जन से अधिक देशों के नागरिक सबसे बड़े पराजित बन गये हैं। तेहरान की जवाबी कार्रवाई उग्र, पर असममित रही है। मानवीय क्षति के मुकाबले आर्थिक क्षति कहीं अधिक भयावह है। इस युद्ध की दैनिक लागत लगभग 1.8 अरब डॉलर है। दो सप्ताह में ही प्रत्यक्ष सैन्य खर्च 23 अरब डॉलर से अधिक हो चुका है और कोई भी युद्ध रोकने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा।

किसी भी गंभीर मध्यस्थता प्रयास से दो एशियाई महाशक्तियां-चीन और भारत-स्पष्ट रूप से अनुपस्थित हैं। बीजिंग ईरान का सबसे बड़ा तेल ग्राहक है और चाबहार तथा ग्वादर के माध्यम से बेल्ट एंड रोड कॉरिडोर में एक बड़ा निवेशक भी है, इसलिए वह तेहरान के पतन का जोखिम नहीं उठा सकता। पर वह वॉशिंगटन से टकराव का जोखिम भी नहीं ले सकता, क्योंकि इससे अमेरिका के साथ उसका 600 अरब डॉलर का वार्षिक व्यापार प्रभावित हो सकता है और खाड़ी से मिलने वाली ऊर्जा आपूर्ति खतरे में पड़ सकती है।

भारत की दूरी और भी विरोधाभासी और पीड़ादायक है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है और प्रतिबंध कड़े होने से पहले ईरानी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार भी था। साथ ही भारत इजराइल के साथ मजबूत रक्षा साझेदारी भी बनाये हुए है। इसके बावजूद हमारी सरकार ने 'तनाव कम करने' और 'संवाद' की सामान्य अपीलों से आगे कुछ नहीं कहा है। दरअसल, प्रमुख राज्यों में विधानसभा चुनाव निकट हैं और महंगाई पहले ही संवेदनशील मुद्दा बन चुकी है।

कुछ भारतीय रणनीतिक विश्लेषक निजी तौर पर यह भी मानते हैं कि यदि ईरान लंबे समय तक कमजोर रहता है, तो पाकिस्तान का पश्चिमी पड़ोसी व्यस्त रहेगा और खाड़ी क्षेत्र में चीन का प्रभाव भी कम होगा। इसके अलावा, विदेश मंत्रालय के पास तेहरान, रियाद और वॉशिंगटन के बीच लगातार मध्यस्थता करने की संस्थागत क्षमता और संसाधन भी सीमित हैं। हालांकि, भारतीय राजनयिकों ने चुपचाप अमेरिकी और इजराइली समकक्षों को अपनी चिंताएं बतायी हैं, पर 1991 के खाड़ी युद्ध या 2003 के इराक संकट जैसी कोई सार्वजनिक शांति पहल सामने नहीं आयी।

ऐसे युद्ध का पहला झटका हमेशा भारत जैसे ऊर्जा बाजारों में महसूस होता है। जबकि सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और अन्य खाड़ी देशों जैसे तेल उत्पादक राष्ट्र हर कीमत वृद्धि के साथ अपने खजाने भरते हुए इस अवसर का आनंद लेते हैं। पर आयात पर निर्भर देशों के लिए इसका असर तुरंत और गहरा होता है। अपने कच्चे तेल का 80 प्रतिशत से अधिक विदेशों से आयात करने वाला भारत मामूली कीमत वृद्धि से भी हिल जाता है। प्रति बैरल केवल 10 डॉलर की वृद्धि भारत के वार्षिक आयात बिल में 15-20 अरब डॉलर जोड़ देती है। यदि कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच जाये, तो एक ही वित्तीय वर्ष में यह घाटा 25 अरब डॉलर से भी अधिक हो सकता है। इससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ेगा, चालू खाते का घाटा बढ़ेगा और महंगाई बढ़ेगी, जिससे रुपये पर दबाव पड़ेगा और 2013 के बाद मुश्किल से पुनर्निर्मित विदेशी मुद्रा भंडार कमजोर पड़ सकते हैं।

वित्तीय बाजारों में भी तूफान जल्दी आ गया। शुरुआती घबराहट भरी बिकवाली में भारत के शेयर बाजार की कुल पूंजी लगभग 16 लाख करोड़ रुपये घट गयी। इसका असर वैश्विक स्तर पर भी दिखा, क्योंकि निवेशक सोना और ऊर्जा शेयरों जैसे सुरक्षित विकल्पों की ओर भागने लगे। इस तबाही के बीच युद्ध अर्थव्यवस्था की एक भयावह विडंबना सामने आती है। जहां उद्योगों का बड़ा हिस्सा नुकसान झेल रहा है, वहीं कुछ साम्राज्य इस विनाश से फल-फूल रहे हैं। रक्षा उद्योग के विशाल निगम इस त्रासदी के सबसे बड़े विजेता हैं। उनकी सटीक हथियार प्रणालियां, स्टील्थ फाइटर और ड्रोन युद्ध में तेजी से इस्तेमाल हो रहे हैं, और ये कंपनियां मुनाफा कमा रही हैं।

पिछले एक वर्ष में लॉकहीड मार्टिन के शेयर 470 डॉलर से बढ़कर लगभग 650 डॉलर हो गये, जिससे कंपनी का मूल्यांकन 40 अरब डॉलर बढ़ गया। आरटीएक्स के शेयर भी बढ़े, जिससे उसका मूल्य छह-सात अरब डॉलर बढ़ गया। इन रक्षा कंपनियों ने लगभग 50-60 अरब डॉलर का अतिरिक्त बाजार मूल्य हासिल किया है। हर दिन का युद्ध उनकी संयुक्त बाजार पूंजी में लगभग 300-400 मिलियन डॉलर जोड़ रहा है। ऊर्जा कंपनियां भी इस लाभ में शामिल हैं। लेकिन इन लाभों की कीमत वैश्विक अर्थव्यवस्था चुका रही है। हवाई यात्रियों पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। पर्यटन कमजोर हो रहा है और निवेशक जोखिम भरे क्षेत्रों से दूर भाग रहे हैं।

सबसे अधिक मार आम नागरिकों पर पड़ती है- तेल महंगा होने से परिवहन, बिजली, गैस सब महंगे हो जाते हैं। नरेंद्र मोदी सरकार को सब्सिडी के दबाव से जूझना पड़ रहा है। भारत के लिए यह स्थिति एक भयावह आर्थिक संकट में बदल सकती है- गिरता हुआ रुपया और गैस, परिवहन तथा भोजन की बढ़ती कीमतों से दबे हुए परिवार। इस युद्ध के विजेता पहले ही स्पष्ट हैं- यानी अमेरिका-इजराइल की रणनीतिक धुरी, जिसने सैन्य बढ़त हासिल कर ली है, रक्षा उद्योग जिसने अरबों डॉलर का मूल्य बढ़ा लिया है, और तेल निर्यातक राजशाहियां, जिनकी आय बढ़ गयी है। यदि यह युद्ध एक और महीने तक बिना रोक-टोक चलता रहा, तो इसका भारत पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा-एक ऐसा देश, जो 2027 तक पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का सपना देख रहा है। भारत उस युद्ध को असहाय शिकार बनने की स्थिति नहीं झेल सकता, जिसमें उसने एक गोली तक नहीं चलायी, बम तो दूर की बात है।

खुला मंच

## क्योंकि वे झूठ नहीं बोलते...

अजीत सिंह

झूठ कौन बोलता है, जो डरा हुआ होता है। डरता कौन है, जो कमजोर हो। जैसे बचपन में हम अपने मां-बाप के सामने यहां तक कि चाचा-ताऊ से भी पिटना न पड़े इसलिए झूठ बोलते थे, हालांकि हर बार कामयाब नहीं होते थे। दरअसल, झूठा कितना भी सयाना हो, कभी न कभी पकड़ा ही जाता है। बहरहाल, हम कहना तो यह चाह रहे हैं कि जब झूठ वह बोलता है जो कमजोर होता है तो हमारी सरकारें और उनके मुखिया जो कह-सुन रहे हैं लोग उसे क्यों झूठ साबित करने पर तुले हुए हैं। हम तो मोदी जी कहें या मोहन जी, सबकी बात को सच ही मानते हैं, क्योंकि वे सामर्थ्यवान हैं और जो सामर्थ्यवान है उसे झूठ बोलने की क्या जरूरत। सो हम न सिर्फ उनकी बात को सोलहों आने सच मानते हैं यहां तक कि संदेह के बीज को भी उगने का अवसर नहीं देते। नहीं तो सर्वविदित है कि बीज संदेह का हो या किसी वृक्ष का वह कठोर से कठोर सतह को फाड़ कर बाहर आ ही जाता है। तो भइया, हम यह कह रहे थे कि जब मोदी जी, जो हमारे देश के सदर हैं और उनके सूबेदार-मोहन जी, ने यह कह दिया कि देश-प्रदेश में एलपीजी यानि कि रसोई गैस की कोई किल्लत नहीं है, तो फिर नहीं है। पर अब उन लोगों का क्या करें जो मोदी जी की एक बात को पकड़कर बैठ गए हैं कि आपदा में भी अवसर होता है।

मोदी जी के परम मित्र ट्रंप ने ईरान पर हमला कर जो कोहराम मचाया है और उसके चलते जो वैश्विक ऊर्जा संकट पैदा हुआ है, हालांकि मोदी जी और मोहन जी के मुताबिक हम उससे उछूते हैं, वह व्यापारियों, चाहे वे रसोई गैस के हों या सियासत के, के लिए एक सुनहरा अवसर बन कर आया है, आपदा में अवसर। और अवसर का इंतजार किसे नहीं रहता। अवसर बार-बार तो आता नहीं, तो जो कभी-कभार आता हो, और वह आ गया है तो उसे हाथ से जाने देने का सवाल ही नहीं पैदा होता। अवसर को न पहचान पाने वाले का हमारा समाज कितनी लानत-मलानत करता है। यहां तककि लोग उसे धिक्कारते भी हैं। तो अब जब दुर्लभ अवसर आ ही गया है तो सामर्थ्यवान लोग दोनों हाथ से फायदा लूट रहे हैं, और उसी तरह मगन हैं जैसे कुछ लोग रामनाम की लूट में मगन रहते हैं। तो भाइयों और बहनों...दुनिया भले ही ऊर्जा संकट का सामना कर रही हो, हमारे यहां तो कोई समस्या है नहीं, सब चंगा है। हां यदि कुछ लोग आपदा को अवसर में तब्दील कर चुके हैं तो इसके लिए हम क्या कर सकते। रही बात सरकार की, तो उन्हें जो कहना था कह चुके और चूंकि वे सामर्थ्यवान हैं तो वे झूठ तो कहेंगे नहीं...।

प्रसंगवश

## विशेष अवकाश से पहले भर्ती में समानता हो

नौकरियों में भर्ती में समानता सुनिश्चित किए बिना अनिवार्य मासिक धर्म अवकाश महिलाओं को नुकसान पहुंचाएगा। कामकाज संबंधी जरूरतों को पूरा करने के वास्ते किसी उपाय पर विचार करते वक्त, यह सुनिश्चित करने के प्रति एहतियात बरतनी चाहिए कि इससे अनजाने में कर्मचारी के काम करने के अवसर में कमी न आए। यह बात एक बार फिर से उस वक्त साफ हुई, जब भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की दो न्यायाधीशों की पीठ ने महिला कामगारों और छात्राओं को मासिक धर्म अवकाश प्रदान करने वाले कानून की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। अदालत ने चेताया कि अनिवार्य मासिक धर्म अवकाश अनजाने में महिलाओं के करियर में बाधा खड़ी कर सकता है और उन्हें 'बड़ी जिम्मेदारियों' से महरूम कर सकता है। इसके बजाय, कोर्ट ने राज्यों द्वारा स्वैच्छिक पहलों को प्रोत्साहित किया। ओडिशा में 55 साल तक की महिला सरकारी कर्मचारी हर महीने एक अतिरिक्त दिन की छुट्टी ले सकती हैं। जबकि, केरल में आईटीआई और विश्वविद्यालयों में प्रशिक्षु महिलाओं को मासिक धर्म अवकाश दिया जाता है। कर्नाटक में जारी किए गए एक आदेश के तहत सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में 52 साल तक की महिलाओं को महीने में एक दिन का मासिक धर्म अवकाश मिलेगा। इससे यह चिंता पैदा हो गई है कि कहीं निजी प्रतिष्ठान महिलाओं को नौकरी देने से हतोत्साहित न हों। इस सरकारी आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। ऐसे बदलावों के साथ बचाव के उपाय भी होने चाहिए और सुप्रीम कोर्ट ने सही सुझाव दिया है कि सरकार तमाम हितधारकों से मशविरा करके मासिक धर्म अवकाश नीति बनाए - जैसा कि उसने 2024 में किया भी था।

कई महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान असहनीय दर्द और एंडोमेट्रियोसिस, पीसीओडी एवं पीसीओएस जैसी तकलीफों का सामना करना पड़ता है। लेकिन अदालत का तर्क एक दूसरी और ज्यादा सार्वभौमिक हकीकत पर आधारित है- महिलाएं पहले से ही कार्यस्थल पर पिछड़ी हुई हैं। उन्हें असमान वेतन जैसी प्रणालीगत बाधाओं का सामना करना पड़ता है। इस संदर्भ में, अनिवार्य मासिक धर्म अवकाश जैविक नियतिवाद (बायोलॉजिकल डिटर्मिनिज्म) का एक रूप बन सकता है। यह महिलाओं को मिलने वाले अवसरों, वेतन और पदोन्नति को सीमित कर सकता है। जिन मुल्कों में मासिक धर्म अवकाश संबंधी नीतियां मौजूद हैं, वहां उन्हें या तो ठीक से लागू नहीं किया जाता है या फिर अधिकांश महिलाएं उनका इस्तेमाल ही नहीं करती हैं। स्पेन में, 2023 में पारित कानून को नारीवाद की प्रगति के लिहाज से ऐतिहासिक बताया गया, लेकिन एक साल बाद भी चंद महिलाओं ने ही इस अधिकार का इस्तेमाल किया। जाम्बिया में, कुछ महिलाओं ने कहा कि इसका दुरुपयोग हो रहा है। भारत में, महिला श्रम बल भागीदारी दर 2017-18 में 23.3 फीसदी से बढ़कर 2023-24 में 41.7 फीसदी हो गई। इसकी मुख्य वजह संकट, असुरक्षित रोजगार और अवैतनिक घरेलू काम के चलते ग्रामीण महिलाओं का कामकाजी दुनिया में दाखिल होना है। इस संदर्भ में, एक व्यापक मासिक धर्म अवकाश नीति उलटी साबित हो सकती है। कई महिलाएं काम के दिनों का नुकसान बर्दाश्त नहीं कर सकतीं और अनौपचारिक नौकरियों में, इसे लागू करना मुश्किल भी हो सकता है। कार्यस्थलों पर मुफ्त स्वच्छता संबंधी उत्पाद एवं दवाएं मुहैया कराना और मौजूदा अवकाश प्रावधानों के तहत छुट्टी देना एक कारगर कदम होगा। यह जैविक हकीकत को स्वीकार करने का एक तरीका होगा। साथ ही, ऐसे नेक इरादे वाले लेकिन आधे-अधूरे ढंग से सोची-समझी गई पहलों को महिलाओं की भागीदारी में एक और बाधा बनने से भी बचाएगा।



पर्यावरण और स्वास्थ्य

ये माइक्रोप्लास्टिक कण मस्तिष्क के अंदरूनी हिस्सों में जमा हो सकते हैं

## मस्तिष्क की सेहत पर मंडराता प्लास्टिक कणों का खतरा

मुकुल व्यास

प्लास्टिक के सूक्ष्म कण हवा, खाने और पानी के जरिए हर जगह फैल रहे हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक माइक्रोप्लास्टिक मानव मस्तिष्क के अंदरूनी हिस्सों में जमा हो सकते हैं। वहीं रिसर्च में सामने आया कि मस्तिष्क में इनका स्तर लगातार बढ़ रहा है जो कुशाग्रता या दूसरे कार्यों पर असर डाल सकते हैं।

प्लास्टिक के सूक्ष्म कण पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। माइक्रोप्लास्टिक के कण अथवा प्लास्टिक के छोटे-छोटे टुकड़े हवा से लेकर पानी और खाने तक हर चीज में पाए गए हैं। अब डोनेट किए गए 52 मानव मस्तिष्कों पर हुए एक अध्ययन से इस बात की पुष्टि हुई है कि ये माइक्रोप्लास्टिक कण मस्तिष्क के अंदरूनी हिस्सों में जमा हो सकते हैं। शोधकर्ताओं को मस्तिष्क के हर सैंपल में पॉलीइथाइलीन और दूसरे पॉलिमर के निशान मिले और उन्होंने देखा कि हाल के सैंपल में पुराने सैंपल के मुकाबले इनकी मात्रा ज्यादा थी।

वैज्ञानिकों ने पाया कि 2024 में लिए गए सैंपल में प्लास्टिक की मात्रा 2016 में देखी गई मात्रा से अधिक थी,जिससे पता चलता है कि मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक का स्तर लगातार बढ़ रहा है। नई रिसर्च का नेतृत्व अमेरिका की न्यू मेक्सिको यूनिवर्सिटी में टॉक्सिकोलॉजी के प्रोफेसर मैथ्यू कैम्पेन ने किया है। उन्होंने माइक्रोप्लास्टिक के उपयोग में सावधानी बरतने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा दुनियाभर में बढ़ता प्लास्टिक उत्पादन प्रदूषण की एक मुख्य वजह है।

विशेषज्ञों ने यह भी जांच की कि क्या कुछ खास परिस्थितियां इन वस्तुओं के जमाव को और बढ़ा देती हैं। उन्होंने डिमेंशिया के मरीज़ों के एक ग्रुप को देखा जिनके मस्तिष्क में दूसरे सैंपल के मुकाबले तीन से



पांच गुना ज्यादा प्लास्टिक के कण थे। वैज्ञानिक इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप से देखे गए टुकड़ों के आकार देखकर हैरान गए। इन टुकड़ों में साफ-सुथरे गोलों के बजाय,कई दांतेदार, परत जैसी संरचनाएं थी। ऐसे ऊबड़-खाबड़ आकार वाले माइक्रोप्लास्टिक चिकने, गोल आकार वाले माइक्रोप्लास्टिक की तुलना में कोशिकाओं के साथ अलग तरीके से क्रिया कर सकते हैं। पहले किए गए अनेक अध्ययनों में विभिन्न मानव अंगों,जैसे रक्त धमनियों, किडनी और प्लेसेंटा में प्लास्टिक के अपशिष्ट पाए गए हैं। प्रयोगशाला में चूहों के मॉडल पर किए गए अध्ययन से पता चला है कि थोड़े समय के लिए सिंथेटिक पार्टिकल के संपर्क में आने से भी कई अंगों में सूजन हो सकती है। कुछ वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि इन पार्टिकल की वजह से खास बीमारियों का पता लगाना मुश्किल हो सकता है क्योंकि प्लास्टिक का संपर्क लगभग हर जगह होता है। एक अन्य रिसर्च टीम ने देखा कि मस्तिष्क के ऑलफैक्ट्री बल्ब में माइक्रोप्लास्टिक मौजूद थे, जिससे पता चलता है कि इन टुकड़ों के नर्वस टिशू में घुसने के कई रास्ते हैं। ध्यान रहे कि ऑलफैक्ट्री बल्ब मस्तिष्क का वह हिस्सा है जहां गंध की प्रोसेसिंग होती है। नई रिसर्च इस बात के प्रमाण देती है कि माइक्रोप्लास्टिक कण मस्तिष्क के फ्रंटल कॉर्टेक्स में और भी गहराई तक जा सकते हैं। ये कण मस्तिष्क की कुशाग्रता या दूसरे कार्यों पर कैसे असर डाल सकते हैं, इस बारे में बहुत सारे सवाल हैं जिनके जवाब नहीं मिले हैं। कुछ वैज्ञानिक बताते हैं कि डिमेंशिया वाले लोगों के दिमाग में अक्सर फिल्टरिंग सिस्टम कमजोर हो जाते हैं, जिससे यह साफ नहीं होता कि प्लास्टिक की ज्यादा मात्रा ऐसी स्थितियों में योगदान करती है या यह मात्रा इसलिए ज्यादा होती है क्योंकि दिमाग उन्हें ठीक से साफ नहीं कर पाता।

जानवरों पर किए गए एक अध्ययन में माइक्रोप्लास्टिक के संपर्क को याददाश्त में मामूली बदलाव और मस्तिष्क के कुछ हिस्सों में शुरुआती सेलुलर स्ट्रेस (कोशिकीय तनाव) के संकेतों से जोड़ा गया है। पर्यवेक्षकों का मानना है कि इंसानों पर हुए अध्ययन में यह साफ होने में सालों लग सकते हैं कि क्या माइक्रोप्लास्टिक कण सीधे स्नायु संबंधी दिक्कतें लाते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि अभी जिस तरह प्लास्टिक का व्यापक इस्तेमाल हो रहा है और जिस तरह सूक्ष्म प्लास्टिक हवा, खाने और पानी के जरिए हर जगह फैल रहा है, उसे देखते हुए इस समस्या का कोई जल्दी समाधान नहीं निकल सकता।

कुछ विशेषज्ञ कहते हैं कि जब माइक्रोप्लास्टिक को दिमाग और दूसरे जरूरी अंगों में जाने से रोकने के लिए औद्योगिक अपशिष्ट के निपटान के बारे में कड़े नियम बनाना बहुत जरूरी है। कुछ अन्य विशेषज्ञों ने कहा कि किस प्लास्टिक की छोटे-छोटे टुकड़ों में विखंडित होने की सबसे ज्यादा संभावना है,इस पर हमें और डेटा की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक कणों के आकार और रासायनिक बनावट में अंतर मायने रखता है।

समुद्री जीव वैज्ञानिकों ने बताया है कि समुद्रों में प्लास्टिक के कचरे के बारे में शुरुआती चेतावनियों को ज्यादातर नज़रअंदाज़ किया गया था, इसलिए इंसानी सेहत के लिए जरूरी उपायों को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। यूनिवर्सिटी ऑफ प्लायमाउथ के प्रोफेसर रिचर्ड थॉम्पसन ने कहा है कि इन प्लास्टिक कणों को सेहत के नतीजों से जोड़ना एक बड़ी चुनौती है। थॉम्पसन ने ही सबसे पहले 'माइक्रोप्लास्टिक' शब्द का इस्तेमाल किया था। प्लास्टिक कणों का पता लगाने के नए तरीके वैज्ञानिकों को वह देखने में मदद कर रहे हैं जो कभी दिखाई नहीं देता था।

पिछले दस सालों में एडवांस्ड इमेजिंग टूल्स और रासायनिक विश्लेषण ज्यादा सटीक हो गए हैं, जिससे नतीजों पर भरोसा बढ़ता है। फिर भी, कई लोगों को चिंता है कि समस्या मौजूदा टेस्टों से ज्यादा बड़ी हो सकती है। अध्ययनों में उम्र, स्वास्थ्य की स्थिति और लाइफस्टाइल के फैक्टर्स का मुद्दा भी उठाया गया है, जो एक व्यक्ति के शरीर में दूसरे की तुलना में माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा पर असर डाल सकते हैं। रोजमर्रा की जिंदगी में प्लास्टिक की इतनी विविधता होने से इसके हानिकारक प्रभाव का पता लगाना मुश्किल हो जाता है। पॉलीस्टाइनिन, पॉलीप्रोपाइलीन और पॉलीइथाइलीन का आमतौर पर जिक्र किया जाता है, लेकिन दूसरे पॉलीमर भी मौजूद रहते हैं।

कुछ छोटे-छोटे टुकड़ों में टूट जाते हैं,जबकि दूसरे रेशों में बदल जाते हैं जो टिशू में उलझ सकते हैं। विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा कि माइक्रोप्लास्टिक से घबराने की कोई बात नहीं है लेकिन इसके बारे में जागरूकता रहनी चाहिए। ज्यादा जागरूकता से मैन्युफैक्चरिंग के तरीकों, उपभोक्ता की पसंद और अवशिष्ट प्रबंधन में बदलाव आ सकते हैं। जैसे-जैसे ग्लोबल प्लास्टिक का उत्पादन बढ़ेगा, भविष्य में इन प्लास्टिक कणों के अधिक स्तर को रोकने के लिए और कदम उठाने होंगे। माइक्रोप्लास्टिक के बारे में भले ही कुछ सवाल बने रहें, वैज्ञानिकों का कहना है कि इंसानों,जानवरों और प्रयोगशाला में लगातार मिले नतीजे सावधानी बरतने की जरूरत की ओर इशारा करते हैं। माइक्रोप्लास्टिक दिमाग की कोशिकाओं या रक्त धमनियों को कैसे नुकसान पहुंचा सकता है,इसकी गहरी समझ से बचाव के रास्ते खुल सकते हैं।

जीवन दर्शन

## परमात्मा की रचना को अपने हृदय में स्थान दें

अपना जीवन जीते हुए हम में से बहुत से लोगों को यह लगता है कि परमात्मा हमें भूल गए हैं या उन्होंने हमें छोड़ दिया है। हम अपने जीवन में परमात्मा की मौजूदगी को महसूस नहीं करते। कुछ लोग तो परमात्मा के अस्तित्व को ही नकारते हैं क्योंकि हम बाहर की दुनिया में इतना खोए हुए हैं कि हमारे आंतरिक जीवन में क्या हो रहा है? इसका हमें पता ही नहीं चलता। हम खुशकिस्मत हैं क्योंकि हमारी आत्मा परमात्मा की अंश हैं।

संत-महापुरुष हमें समझाते हैं कि आध्यात्मिक तौर पर हम सब खुशकिस्मत हैं क्योंकि हमारी आत्मा परमात्मा की अंश हैं। हममें से बहुत से लोग अपने धर्म-स्थानों पर जाने और पढ़ने तक ही रह जाते हैं। उनके लिए यह परमात्मा से जुड़ने की शुरूआत है। ये सभी हमारा ध्यान परमात्मा की ओर करते हैं। परमात्मा अति दयालु हैं। वे हम पर इतनी दयामेहर करते हैं कि हम वक्त के किसी आध्यात्मिक गुरु के चरण-कमलों में पहुँच जाते हैं। पिता-परमेश्वर और एक पूर्ण गुरु में कोई भी फर्क नहीं होता। वे हमें परमात्मा के घर वापिस जाने का रास्ता दिखाते हैं।

प्रभु प्रेम है, हमारी आत्मा भी उसी का अंश होने के नाते प्रेम है और प्रभु के पास वापस जाने का रास्ता भी प्रेम का ही है। आध्यात्मिक सतगुरु का मिलना




एक बहुत बड़ी खुशकिस्मती है। सतगुरु मिलने के हमें कई फायदे होते हैं। पहला, सतगुरु हमें नामदान देते हैं ताकि हम प्रभु की ज्योति और श्रुति का अनुभव कर सकें। हमारी परेशानियों में मदद करने के लिए सतगुरु एक मित्र एवं साथी की तरह होते हैं। वे हमें रोजाना ध्यान-अभ्यास करना, नैतिक जीवन जीना, निष्काम सेवा करना, परमात्मा से प्रेम, पूरी सृष्टि से प्रेम और सत्संग सुनने के लिए हमें प्रेरित करते हैं। जब हम आध्यात्मिक रास्ते पर तरक्की करते हैं तो हमें यह अनुभव हो जाता है कि जीवन मात्र शारीरिक एवं वस्तुओं की सुख-सुविधाओं से कहीं अधिक है। जीवन के कई पहलू हैं जिनके लिए हमें शुक्रगुजार होना चाहिए। कई लोग परमात्मा से अपना नाता जाने बगैर ही इस दुनिया से चले जाते हैं। संत-महात्मा प्राचीन काल से हमें बताते हैं कि इंसान और पशुओं में यही अंतर है कि इंसान अपने सच्चे रूहानी स्वरूप को जान सकता है।

जब हम ध्यान-अभ्यास में बैठते हैं तो हम एक ऐसा खेत जोतते हैं जो उपजाऊ होता है। परमात्मा लगातार हमें वापिस बुलाने की उम्मीद से हमें संदेश भेजते रहते हैं। परमात्मा संतों को इस धरती पर भेजते हैं ताकि वे मानव जाति को वापिस अपने सच्चे घर जाने के लिए जागरूक करें। कुछ लोग अपनी शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक जरूरतों को पूरा करने में ही व्यस्त रहते हैं। लेकिन कुछ लोग जीवन और मृत्यु के रहस्य पर प्रश्न उठाते हैं।

जब उनमें प्रश्नों के उत्तर पाने की एक सच्ची चाह पैदा होती है, तब परमात्मा उस आत्मा को जवाब देने के लिए उसका मार्गदर्शन करते हैं। हम कौन हैं? परमात्मा कहाँ हैं? यदि हमने ऐसे प्रश्न पूछें हैं तो हमें परमात्मा का आभार प्रकट करना चाहिए। यदि परमात्मा ने हमें किसी सत्गुरु से मिलाया है, तब हमें अपनी कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए। एक बार जब हम सतगुरु की सुरक्षित छत्रछाया में आ जाते हैं तब हमारी आवागमन से मुक्ति सुनिश्चित हो जाती है।

संत राजिन्दर सिंह

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

यो न हृष्यति न द्वेष्टि न शोचति न काङ्क्षति।
शुभाशुभपरित्यागी भक्तिमान्यः स मे प्रियः॥

**भावार्थ**

श्री कृष्ण कहते हैं- जो न हर्षित होता है, न द्वेष करता है, न शोक करता है, न किसी वस्तु की कामना करता है और शुभ-अशुभ कर्मों का त्याग कर देता है, वह भक्त मुझे प्रिय है।

# कलेक्टर गाइडलाइन में प्रस्तावित बढ़ोतरी पर संत नगर के लोगों में नाराजगी

## कहा- मालिकाना हक मिला नहीं, उस पर बढ़ा रहे रेट

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** भोपाल में कलेक्टर गाइडलाइन 2026-27 के तहत प्रॉपर्टी के रेट बढ़ाने के प्रस्ताव को लेकर लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है। शहर की 2075 लोकेशन में से 628 स्थानों पर प्रॉपर्टी के रेट बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया है, जिससे आम खरीदारों, छोटे निवेशकों और रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े लोगों की चिंता बढ़ गई है। इसके अलावा अब राजधानी के अनेक भीतरी इलाकों जिसमें संत हिरदाराम नगर का वन ट्री हिल्स, गोंदरमऊ एवं लालघाटी के आस पास के इलाके भी शामिल हैं, बढ़ोतरी का प्रस्ताव तैयार होने से आम जनता में सरकार के प्रति भारी असंतोष व्याप्त है। आम नागरिकों पुर्नविचार कर बढ़ोतरी के प्रस्ताव को निरस्त करने का आग्रह किया है। अनेक लोगों का कहना है कि सरकार को अच्छी तरह पता है कि रेट चाहे जितने भी बढ़ा दिए जाएं, चुनाव के समय वोट तो फिर भी उन्हें ही मिलेंगे। इसी कारण जनता की परेशानियों और आर्थिक बोझ की ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा। आम नागरिकों और प्रॉपर्टी से जुड़े लोगों का मानना है कि लगातार बढ़ती कलेक्टर गाइडलाइन से प्रॉपर्टी खरीदना और रजिस्ट्रेशन कराना और महंगा होता जा रहा है, जिसका सीधा असर मध्यम वर्ग और छोटे खरीदारों पर पड़ेगा। लोगों का यह भी कहना है कि सरकार को केवल राजस्व बढ़ाने के बजाय जनता की आर्थिक स्थिति को समझते हुए व्यावहारिक और संतुलित निर्णय लेना चाहिए, ताकि रियल एस्टेट सेक्टर और आम नागरिक दोनों को राहत मिल सके।



### नहीं मिला मालिकाना हक

इधर संत हिरदाराम नगर की भौगोलिक स्थिति राजधानी के अन्य इलाको की तुलना में कुछ भिन्न है। यह विस्थापितों की नगरी है, जहां वन ट्री हिल्स के अलावा वार्ड 4 एवं 5 पूरी तरह से आजादी के बाद पश्चिमी पाकिस्तान से आने वाले सिंधी विस्थापितों की आबादी है, जिन्हें बैरिकनुमा मकान क्लेम में भारत सरकार के पुर्नवास विभाग ने प्रदान किए थे। सरकार के पुर्नवास एवं राजस्व विभाग के परिपत्रों 9 जुलाई 1986 को समस्त कलेक्टरों को जारी परिपत्र क्रमांक एफ 6-115/आठ(9)77 में स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं कि भारत पाकिस्तान विभाजन के फलस्वरूप पश्चिमी पाकिस्तान से आए विस्थापित परिवारों के व्यवस्थापन के संबंध में राजस्व पुस्तक परिपत्र 4-1 की कंडिका 27 के अनुरूप भूमिक व्यवस्थापित किए जाने का निर्णय लिया गया है इसके अन्तर्गत अतिक्रमण विस्थापित हो, उसकी अन्यत्र कहीं भी दुकान या मकान के लिए प्रश्नाधीन कब्जे केदिन भूमि न हो। विस्थापितों को 4800 वर्गफुट तक की भूमि के लिए प्रब्याजि रूपये 500 तथा वार्षिक भू-भाटक 31.25 रूपये वसूल किया जाए। वार्षिक भू-भाटक 31 दिसम्बर 1970 के बाद वसूल किया जाए और 4800 वर्गफुट से अधिक अतिक्रमिक भूमि के लिए नियमानुसार प्रचलित दर पर प्रब्याजि एवं भू- भाटक का निर्धारण किया जाए। परिपत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यह लाभ केवल उन्हीं विस्थापितों को दिया जाए जिनका अतिक्रमण 31 दिसम्बर 1976 या उसके पूर्व का हो। लेकिन इसके बाद भी आज तक मालिकाना हक नहीं मिल सका है।

### वन ट्री हिल्स का मामला

जहां तक वन ट्री हिल्स का सवाल है, तो वहां 500 भूखण्डों की लीज 2018 में खत्म हो चुकी है, जिसका नवीनीकरण नहीं किया जा रहा है, ऐसे में सरकार ने बिना कुछ सोचे समझे पश्चिमी पाकिस्तान से आने वाले परिवारों की बस्तियों को भी अन्य कालोनियों में शामिल कर मनमाने रेट तय कर दिए हैं, जिसके बाद लोगों में बैचेनी है। गांधीनगर के 50 से अधिक परिवारों को 1989 से आज तक भूखण्डों का कब्जा तक नहीं मिला है। सिंधी विस्थापितों का कहना है कि 1989 से लेकर 2018 तक एक दर्जन से अधिक आदेश निर्देश जारी कर सिंधी विस्थापितों को उनकी प्रापर्टी का मालिकाना हक प्रदान करने के निर्देश कलेक्टरों को प्रदान किए जा चुके है, लेकिन उसका पालन होना तो दूर उल्टे इस क्षेत्र में प्रापर्टी के दाम बढ़ाए जा रहे हैं यह अधिकारियों की अज्ञानता एवं मनमानी है, कि वह सभी इलाकों को एक ही तराजू में तोल रहा है, जिसके बाद दाम बढ़ना तो दूर उल्टे प्रापर्टी के रेट ओंधे मुंह गिर रहे हैं, ऐसे में किसी के लिए भी प्लाट, दुकान व मकान खरीदकर रजिस्ट्री कराना मुसीबत बन जाएगी।



"जनता की परेशानियों और आर्थिक बोझ की ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लगातार बढ़ती कलेक्टर गाइडलाइन से प्रॉपर्टी खरीदना और रजिस्ट्रेशन कराना और महंगा होता जा रहा है।

**- जगदीश खानचंदानी**, समाज सेवी



"सरकार सिंधी विस्थापित परिवारों को मालिकाना हक तो दे नहीं पा रही है, वन ट्री हिल्स के भूखण्ड स्वामी भी लीज नवीनीकरण से वंचित है, उस पर प्रस्तावित बढ़ोतरी अनुचित है।

**- चन्द्रप्रकाश इसरानी**, अध्यक्ष, सिंधी सेन्ट्रल पंचायत

# रास्ता बंद न हो इसलिए ओवर ब्रिज का विरोध

## ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर किया प्रदर्शन



**खजूरी संवाददाता।** राजधानी के पश्चिमी क्षेत्र सीहोर रोड स्थित भौंरी बायपास पर इन दिनों फ्लाइ ओवर का निर्माण किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 2028 में उज्जैन महाकाल की नगरी में प्रस्तावित कुंभ मेले के पूर्व भोपाल से लेकर उज्जैन तक जहां जहां भी खतरनाक तिराहे हैं, वहां इस तरह की पुलों का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके अन्तर्गत ही भौंरी बायपास तिराहे पर भी इसका निर्माण किया जा रहा है, लेकिन आस पास के ग्रामीणों को इस बात की शंका है कि इससे उनकी पहुंच सड़क बंद हो जाएगी। फ्लाइ ओवर से रास्ता बंद होने की आशंका में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन। गांवों का रास्ता छोड़ने की मांग की। भोपाल इंदौर राजमार्ग खजुरी बाईपास पर निर्माण धीन ओवर ब्रिज के कारण ग्राम बकानिया, खोरी सहित आसपास के कई गांवों का रास्ता बंद होने की आशंका को लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए रविवार को सड़क पर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि 11मील बकानिया रोड के सामनेफ्लाईओवर ब्रिज बनाया जा रहा है जिससे बकानिया सहित दर्जनों गांवों का रास्ता बंद हो रहा है। अगर रास्ता नहीं छोड़ा गया तो लोगों को आवा गमन के लिए राग साइट चलना पड़ेगा या फिर एक दो किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ेगा इससे समय और ईंधन की बर्बादी तो होगी साथ ही दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाएगी। ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से मांग की है कि फ्लाईओवर ब्रिज के साथ अंडरपास रास्ते का निर्माण किया जाए। जिससे ग्रामीण लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े।

# 1000 बेटियों को दिखाई द केरला स्टोरी 2

**जागरण ओबेदुल्लागंज।** नगर के सामाजिक कार्यकर्ता जयप्रकाश शर्मा ने क्षेत्र की करीब 1000 बेटियों को राजधानी भोपाल के डीवी माल में धर्मांतरण से जुड़ी फिल्म द केरला स्टोरी दिखाई। इस दौरान शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की हजारों बालिकाओं ने सहभागिता की। शर्मा ने बताया कि क्षेत्र की बालिकाओं को सामाजिक गतिविधियों को दर्शाती दा केरला स्टोरी फिल्म दिखाने का असल मकसद धर्मांतरण और सुरक्षा को लेकर सचेत व सतर्क करना है। लड़कियों ने भी इस पहल की सराहना की।



# शिविर लगाकर 85 चालकों की जांची आंखें, चश्मे वितरित

**जागरण औबेदुल्लागंज।** ओबेदुल्लागंज में मंगलवार को बस स्टैंड परिसर में वाहन चालकों के लिए विशेष नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 85 ड्राइवरों की आँखों की विशेषज्ञों द्वारा जाँच की गई। दृष्टि दोष पाए जाने पर सभी 85 चालकों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। यह नेत्र शिविर 'राही' कार्यक्रम के अंतर्गत मानव विकास सेवा संघ सागर, गेल गैस, साइटसेवर्स इंडिया तथा मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था अंबेडकर बुद्धिस्ट चैरिटेबल सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था। इस शिविर के आयोजन में भोज ट्रक ऑनर वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष जगजीत सिंह (जीते भैया) और रामरज यूथ वेलफेयर फाउंडेशन का भी सहयोग रहा। शिविर का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना और वाहन चालकों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस दौरान नगर पालिका के ड्राइवरों की भी आँखों की जाँच कर उन्हें चश्मे प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे उपस्थित रहीं। पार्षद सुजीत यादव और सुनील सेरिया सहित सभी अतिथियों का पौधे भेंट कर सम्मान भी किया गया। पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रीतम राजपूत ने भी इस पहल की सराहना की।




म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लि.
मुख्यालय भोपाल
सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय
लिंक रोड नम्बर-03, पत्रकार कॉलोनी भोपाल-462003 (म.प्र.)
वेबसाइट : www.mpscsc.mp.gov.in, ई-मेल : mpscsc@gmail.com
क्रमांक/वाहन/2025-26/113 भोपाल, दिनांक 17.03.2026

टैक्सी वाहन किराये से लेने हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रण सूचना

कार्पोरेशन मुख्यालय द्वारा टैक्सी वाहन किराये से लेने हेतु अर्हताधारियों से ऑनलाइन ई-निविदा व्यवस्था में दिनांक 07.04.2026 (मंगलवार) को सायं 03:00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं https//:www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। इस निविदा का विस्तृत विवरण निर्धारित दस्तावेज में उक्त वेबसाइट एवं कार्पोरेशन की वेबसाइट mpscsc.mp.gov.in पर एवं मुख्यालय वाहन कक्ष, संचालनालय सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगज भवन भोपाल के द्वितीय तल स्थित कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/124948/2026 महाप्रबंधक (स्थापना)


## SUDOKU 178

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | 6 | | |
| 4 | 3 | 9 | | | 6 | | | |
| 7 | | | | 1 | 2 | | 5 | |
| | 5 | | | | | | | 3 |
| | | | | 8 | | | | |
| 1 | | | | | | | 2 | |
| | 7 | | 9 | 5 | | | | 2 |
| | | | 7 | | | 1 | 6 | 8 |
| | | 2 | | | 4 | | | |

## SOLUTIONS 177

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 9 | 6 | 1 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 3 | 9 | 5 | 1 | 6 |
| 1 | 6 | 3 | 8 | 4 | 5 | 9 | 7 | 2 |
| 9 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 | 2 | 8 |
| 8 | 1 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 3 | 5 |
| 7 | 3 | 5 | 1 | 8 | 2 | 6 | 9 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 2 | 7 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 4 | 3 | 7 | 8 | 2 | 5 | 1 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आज आपका मन परेशान रहेगा। खर्च बढ़ेंगे। परिवार की सेहत का ध्यान रखें, खासकर माता-पिता की सेहत को देखें। बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**वृषभ :** कोई बात है जो पर्सनल लाइफ में आपको परेशान कर सकती है। मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी भी रहेगी।

**मिथुन :** नौकरी में बदलाव के साथ तरक्की के मौके मिल सकते हैं। बहुत ज्यादा तनाव लेने से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। आप किसी बात को लेकर दुखी हो सकते हैं, मन में उतार-चढ़ाव भी हो सकते हैं। शैक्षिक व शोधादि कार्यों में सफल रहेंगे।मान सम्मान में बढ़ोतरी होगी।

**सिंह :** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में दिक्कतें आ सकते हैं। सचेत रहें। स्टूडेंट्स को पढ़ाई पर ध्यान देने की जरूरत है। फिटनेस पर फोकस करें।

**कन्या :** आज आपको प्रोफेशनल लाइफ में आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परंतु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। इस समय कुछ भी करके संयत रहें।

**तुला :** आज धन खर्च करने की जरूरत पड़ सकती है। आर्थिक रूप से उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। व्यापार में आर्थिक उन्नति मिल सकती है। वाहन सुख में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** आपको मानसिक तौर पर तनाव हो सकता है, इसलिए आप थोड़े परेशान हो सकते हैं। कारोबार के लिए परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**धनु :** आपको प्रोफेशनल लाइफ में काबिलियत साबित करने के लिए कई मौके मिल सकते हैं। हालांकि आपके आत्मविश्वास में भी कमी रहेगी।

**मकर :** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। पिता की सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ :** आपका मन परेशान रहेगा। मानसिक शांति बनाए रखने की कोशिश करें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**मीन :** वित्तीय समृद्धि आपको स्मार्ट निवेश करने में मदद करती है। करियर में प्रमोशन पाने के लिए कई जरूरी टास्क मिल सकते हैं। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी।

**आज का पंचांग:** 18 मार्च बुधवार 2026। **दिशाशूल :** उत्तर दिशा में रहेगा। **पर्व :** स्नान दान की अमावस्या। **विशेष:** पंचक। विक्रम संवत 2082 उत्तरायण, दक्षिणगोल, शिशिर ऋतु, चैत्र मास कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी 08 घंटे 26 मिनट तक तत्पश्चात अमावस्या, शतभिषा नक्षत्र 06 घंटे 10 मिनट तक तत्पश्चात पूर्वभाद्रपद नक्षत्र, साध्य योग 06 घंटे 23 मिनट तक तत्पश्चात शुभ योग, कुंभ में चंद्रमा 23 घंटे 36 मिनट तक तत्पश्चात मीन में।

## श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण-रुकमणी विवाह प्रसंग वर्णन

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम नगर ओल्ड डेयरी फार्म ग्राउंड पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह की पावन कथा का श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक श्रवण किया। चित्रकूट से पधारे पंडित कृपा शंकर महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं के साथ रुक्मिणी हरण एवं विवाह प्रसंग का अत्यंत सुंदर और भावपूर्ण वर्णन किया। इस अवसर पर वेदांत संत एवं विचारक लाल साईं समहाराज के अलावा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी ने व्यासपीठ को प्रणाम करते हुए कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि चित्रकूट से पधारे कृपा शंकर जी महाराज के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कर रहे हैं।

## एकता यात्रा की आगवानी करेगा कुर्मी समाज

**ओबेदुल्लागंज।** सरदार वल्लभभाई पटेल की एकता यात्रा गुजरात से प्रारंभ होकर कई प्रदेश ओर शहरों से होते हुए औबेदुल्लागंज नगर में पहुंच रही है इस यात्रा के स्वागत और सम्मान में कुर्मी समाज ब्लॉक औबेदुल्लागंज द्वारा ग्राम उमरिया में वाहन रैली एवं सीताराम चौराहे पर स्वागत कार्यक्रम रखा गया है। यात्रा का स्वागत बुधवार सुबह सुबह 9 बजे नगर के सीताराम चौराहे पर किया जायेगा।


॥ जाहिर सूचना ॥
फ्लैट क्र.-13,दितीय तल,देवलोक कॉम्पलेक्स सी-सेक्टर, इंद्रपुरी, भोपाल के संबंध में

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री राहुल नायक आत्मज श्री रामगोपाल नायक वयस्क निवासी मकान नं.-एमआईजी-22, हाउसिंग बोर्ड कालोनी ऐशबाग स्टेडियम, भोपाल (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक किता दितीय तल पर स्थित आवासीय फ्लैट क्र.-13, जिसका कुल क्षेत्रफल 480 वर्गफीट अर्थात 44.61 वर्गमीटर है जो कि स्थित प्लाटक्रमांक 199 पर निर्मित बहुमंजिला भवन ''देवलोक काम्पलेक्स'' में सेक्टर-सी, इंद्रपुरी, तहसील हूजूर जिला भोपाल में नगर निगम सीमा के अंदर वार्डनं.-67 में स्थित है जो निम्न चतुर्थ सीमाएं-दिशा पूरब में-फ्लेटनं.-11, पश्चिम में-सड़क कालोनी की, उत्तर में-प्लाट नं.-200, दक्षिण में फ्लैट क्र.-14 स्थित है, उक्त संपत्ति का मेरे पक्षकार ने टोकन राशि अदा कर दिया है जिसके उपरांत दोनों पक्षो के मध्य क्रय-विक्रय की सहमति हो गई है। अत: उक्त विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय/अशासकीय कार्यालय, बैंक आदि का किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त फ्लैट कहीं भी गिरवीं, दान, बंधक, वसीयत, हिबा, विक्रय, दान, अनुबंध आदि से ग्रस्त हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, अन्यथा मेरा पक्षकर उक्त फ्लैटकी रजिस्ट्री अपने पक्ष में निष्पादित करा लेगा, तत्पश्चात् कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय-
अनिल कुमार साहू नोटरी एडवोकेट
कार्या.-शॉप नं.-एल.जी.-1,अम्बेडकर परिसर बोर्ड ऑफिस के सामने शिवाजी नगर,भोपाल
Mobile : 9300485235



ब. अदालत प्रधान न्यायाधीश (कुटुम्ब न्यायालय) नालंदा।
प्रसगः मैट्रिमोनियल केश नं.-369/2025
श्रीमति कितन कुमारी... आवेदिका।
बनाम
श्री नवनीत कुमार शर्मा ... विपक्षी।
नोटिश बनाम

(01). श्री नवनीत कुमार शर्मा वल्द शिव कुमार शर्मा स्थायी निवासी :-महल्ला सलेमपुर, पोस्ट वो थाना सोहसराय, जिला नालंदा (राज्य बिहार) वर्तमान पताः हाउस नं. -ए025, प्राईड सिटी, कटरा हिल्स भोपाल (एम०पी०)- 462043
.................... विपक्षी ।

चूँ उपरोक्त मुकदमा में आपके खिलाफ सम्मन रजिष्टर्ड डाक से वो नजारत से नोटिश भेजा गया था परंतु आप मौजुदा मुकदमा के जानकारी होने के बावजुद भी आप हाजिर नहीं हो रहें है परंतु आप के हाजिर नहीं होने के कारण पेपर प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 27.5.26 को न्यायालय में हाजिर होकर जो कुछ उजुर वो एतराज करना है करें। अन्यथा आपके गैर हाजरी में एकतरफा सुनबाई की जायेगी।
मेरे हुक्म से जारी किया जाता है।

प्रधान न्यायाधीश
(कुटुम्ब न्यायालय) नालंदा।



-: जाहिर सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री घनश्याम मारण आत्मज श्री हरिप्रसाद, आयु-वयस्क, निवासी-बरखेड़ी कलां, भोपाल (म.प्र.) के द्वारा विक्रेतागण श्रीमती मंजूदेवी पत्नी श्री संतोष कुमार जैन एंव श्री संतोष कुमार जैन आत्मज श्री बाबूलाल जैन, दोनों आयु-वयस्क,निवासीगण जे.150 पुरानी अदालत के पास हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, टीलाजमालपुरा, बैरसिया, भोपाल (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की चार किता कृषि भूमि जो कि खसरा क्रमांक-554/1/5/1/2(S), 554/1/8/1(S), 560/2/1/1(S) एंव खसरा क्रमांक 554/1/2/1/2(S), कुल रकबा 2.515 हेक्टेयर में से 5.20 एकड़ कृषि भूमि, जो ग्राम-धर्मरा, प.ह.नं. धर्मरा, विकासखंड बैरसिया, तहसील बैरसिया, जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है को क्रय करने हेतु पेटे बयाना/टोकन राशि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेतागण को अदा कर दी गई है, इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक व अन्य को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपति कही अन्य दान, हिबा, हस्ताक्षरण, आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 15-दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में दस्तावेंजों के साथ लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा समयावधि पश्चात् मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति को क्रय करने के संबंध में विक्रय अनुबंध-पत्र निष्पादित कर शेष राशि का भुगतान विक्रेतागण को अदा कर विक्रय पंजीयन-पत्र निष्पादित करवा लेगा और ऐसी स्थिति कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारी नहीं होगी ।

भवदीय
रिंकू मारण अधिवक्ता
कार्या./निवास-बरखेड़ी कलां भदभदा रोड, भोपाल
मो.- 9098665905, 8269608345



जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम नीलबड़ पटवारी हल्का नंबर 55 तहसील हुजुर जिला भोपाल मध्यप्रदेश में स्थित कृषि भूमि खसरा क्रमांक 179/2, 285, 286/1/1, 287 एवं 288/1 कुल रकबा 1.356 हे. भूमि नवाबखां, रईसखां, पुत्रगण शेरखां, एवं हसीनाबी पत्नि अबजलखां पुत्री शेखखां, जरीनाबी पत्नि अफजल पुत्री शेखखां के नाम से होकर पूर्व में वर्णित भूमि सर्वे नंबर में से रकबा 2.22 एकड़ भूमि को मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी के समस्त अधिकारों एवं सुखाधिकारों, हित सहित क्रय करना निश्चत कर बयाने की सारवान राशि अदा कर दी है, एवं विक्रय पत्र करवाना शेष है, यदि उपरोक्त वर्णित भूमि सर्वे नंबरों के इस विक्रय व्यवहार बाबद किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक या वित्तीय निकाय को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या विवाद हो या किसी का किसी भी प्रकार का कोई भार या बोझ हो या मुल रजिस्ट्री हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की समयावधि में मेरे समक्ष मय प्रमाण के लिखित आपत्ति मेरे कार्यालय समय पर प्रस्तुत करे। अवधि पश्चात उक्त सम्पत्ति के विक्रय का विधिवत विक्रय पत्र पजीयन मेरे पक्षकार के द्वारा करवा लिया जावेगा एवं किसी की भी कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सो विदित होवें।

रवि मुकाती एडवोकेट
79, जवाहर मार्ग, खाचरोद जवाहर मार्ग खाचरौद जिला उज्जैन, मो. 9165191060



-: आम-सूचना :-

मैं अपने पक्षकार Piramal Finance Limited भोपाल द्वारा शाखा प्रबंधक की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि श्रीमती रजनी वर्मा पत्नि श्री वृजेश वर्मा निवासी भोपाल के आधिपत्य एवं स्वामित्व का एक किता आवासीय प्लॉट क्रमांक 35 जो कि खसरा क्रमांक 14/2/2 (नामांतरण अनुसार 14/2/2/2) का अंश भाग पर लावण्य गुरुकुल गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित ग्राम बावडिया कलां, तहसील हुजूर जिला भोपाल में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 1500 वर्गफिट है जिसके दिशा पूर्व में-रोड, दिशा पश्चिम में-प्लॉट क्रमांक 22, दिशा उत्तर में-प्लॉट क्रमांक 36 एवं दिशा दक्षिण में-प्लॉट क्रमांक 34 है। यह कि उक्त सम्पत्ति को श्रीमती रजनी वर्मा पत्नि श्री बृजेश वर्मा निवासी भोपाल द्वारा श्री सुरेन्द्र सिंह राजपूत आत्मज श्री बलवंत सिंह राजपूत निवासी भोपाल को विक्रय किया जा रहा है जिसे क्रय करने हेतु श्री सुरेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा उक्त सम्पतित को बंधकर रखकर मेरे पक्षकार Piramal Finance Limited भोपाल के समक्ष ऋण प्राप्त करने का प्रस्ताव रखा हैं। यह कि उक्त सम्पत्ति से संबंधित पूर्व का मूल लिंक दस्तावेज विक्रय पत्र जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय में दिनांक 27.06.1987 को पुस्तक क्रमांक अ-01 ग्रन्थ क्रमांक 5026 एवं दस्तावेज क्रमांक 1709 पर पंजीबद्ध है कहीं गुम हो गया है जो कि बहुत खोजने पर भी नहीं मिल रहा है। मेरी पक्षकार कंपनी उक्त सम्पत्ति को बंधक रखकर ऋण प्रदान करने जा रही है यदि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी भी व्यक्ति, (परिवार के अन्य सदस्य अथवा वारिस) संस्था, बैंक, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय निकाय का स्वत्व, आधिपत्य, हित, ऋण, बंधक (सम्यक), भार अथवा अन्य किसी भी प्रकार का विवाद हो तो, वह अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेजों के साथ इस सूचना पत्र प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि के अन्दर मुझे, मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में प्रस्तुत करें। उपरोक्त समयावधि निकल जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा, स्वत्व या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और मेरी पक्षकार कंपनी उपरोक्त सम्पत्ति पर उपरोक्त पक्षकार को ऋण प्रदान कर सकेगी।

मनोज राठौर एडवोकेट
एस एफ-06, प्रथम तल, विजय स्तम्भ एम.पी.नगर. जोन-01, भोपाल
मो.- 9826847153



न्यायालय तहसीलदार वृत्त-3 तहसील-हुजूर जिला भोपाल
प्रकरण क्रमांक-8308/अ-6/2025-2026
मौजा-भौरी तहसील हुजूर, भोपाल

::: उद्घोषणा पत्र :::

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती नसरीन असलम पत्नी मोहम्मद असलम निवासी बी 04 एच आई जी डुप्लेक्स बी.डी.ए कालोनी कोहेफिजा भोपाल म.प्र., ने द्वारा म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड पत्र दस्तावेज क्र. 8/7440 दिनांक 09.06.2010 के आधार पर भूमि खसरा क्रमांक 36/6 कुल रकबा मे से 1500 वर्गफिट भूमि ग्राम भौरी प.ह.न. तहसील हुजूर जिला भोपाल का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया गया है। 2-उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 25.03.2026 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 17.03.2026 को जारी किया गया ।

तहसीलदार
तहसील हुजूर भोपाल



कार्यालय ग्राम पंचायत बरखेड़ा नाथू जनपद पंचायत फंदा भोपाल
विज्ञप्ति
क्रमांक/37/ग्रा.पंचा./2026 भोपाल दिनांक 13/03/2026

ग्राम पंचायत बरखेड़ा नाथू जनपद पंचायत फंदा भोपाल के ग्राम बरखेड़ा नाथू की शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 528 रकवा 2.9540 हैक्टेयर पर 25-25 दुकानों की नीलामी म.प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 म.प्र. (पंचायत स्थावर संपत्ती का अंतरण) की धारा - 65 स्थावर संपत्ती का अंतरण नियम विहित प्रक्रिया के आधार पर ग्राम पंचायत बरखेड़ा नाथू की 25-25 दुकानों के अंतरण की अनुमति जिला पंचायत भोपाल के आदेश क्रमांक/4743/जिला पंचायत/पंचा.प्रको./ 2025 भोपाल दिनांक 12/12/2025 एवं आदेश क्रमांक/1280/जिला पंचायत/पंचा.प्रको./2026 भोपाल दिनांक 12/03/2026 द्वारा प्रदान की गई है। प्रदत्त स्वीकृति एवं शर्तों के आधार पर दिनांक 06/04/2026 को समय प्रात: 10 बजे से 05 बजे तक आयोजित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत फंदा भोपाल एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नोडल अधिकारी अनुभाग हुजूर की अध्यक्षता में उक्त दुकानों के नीलामी एवं समस्त दुकानों का आवंटन पंचायत भवन बरखेड़ा नाथू पर निम्नानुसार शर्तों पर किया जावेगा।

ग्राम पंचायत बरखेड़ानाथू की प्रथम तल की 25 दुकानों का नीलामी हेतु आरक्षण

| क्रमांक | प्रवर्ग ( आरक्षण ) | दुकानों की संख्या | ऑफसेट मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | अ.जा. | 5 | 800000/- |
| 2 | अजजा. | 3 | |
| 3 | पि. वर्ग | 4 | |
| 4 | महिला के लिए (विधवा तथा परित्यक्ता को सम्मिलित है।) | 3 | |
| 5 | दिव्यांग व्यक्तियों के लिए | 1 | |
| 6 | रक्षा सेवा के सेवानिवृत्त सदस्यों के लिए | 1 | |
| 7 | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के लिए | 1 | |
| 8 | शिक्षित बेरोजगार के लिए | 1 | |
| 9 | अनारक्षित | 6 | |
| | कुल दुकान | 25 | |

ग्राम पंचायत बरखेड़ानाथू की भूतल की 25 दुकानों का नीलामी हेतु आरक्षण

| क्रमांक | प्रवर्ग ( आरक्षण ) | दुकानों की संख्या | ऑफसेट मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | अ.जा. | 5 | 850000/- |
| 2 | अजजा. | 3 | |
| 3 | पि. वर्ग | 4 | |
| 4 | महिला के लिए (विधवा तथा परित्यक्ता को सम्मिलित है। | 3 | |
| 5 | दिव्यांग व्यक्तियों के लिए | 1 | |
| 6 | रक्षा सेवा के सेवानिवृत्त सदस्यों के लिए | 1 | |
| 7 | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के लिए | 1 | |
| 8 | शिक्षित बेरोजगार के लिए | 1 | |
| 9 | अनारक्षित | 6 | |
| | कुल दुकान | 25 | |

1. संपत्ति के अंतरण हेतु म.प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 65 एवं म.प्र. (पंचायत स्थावर संपत्ति का अंतरण) नियम 1994 का पालन किया जाएगा ।
2. नीलामी की प्रक्रिया Open Bid जो कि Highest निकले वहां से प्रारंभ करके फिर खुली नीलामी के अनुसार की जावेगी।
3. स्थावर संपत्ति का अंतरण लोक नीलामी द्वारा किया जावेगा अन्यथा नहीं।
4. स्थावर संपत्ति दुकानें जिनकी लोक नीलामी द्वारा अंतरण किया जाना है, उसमें आरक्षण का पालन किया जाएगा।
5. आरक्षण श्रेणी के बोलीदार को अपने आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।
6. इच्छुक बोलीदार दुकान क्रमांक के साथ दुकान के मूल्य की राशि का 05 प्रतिशत राशि जमा कर बोली में भाग ले सकता है।
7. उच्चतम बोली स्वीकार किए जाने पर बोलीदार को 25 प्रतिशत राशि नीलामी दिनांक से 07 दिवस मे जमा करना होगा एवं 25 प्रतिशत राशि 02 माह एवं शेष 50 प्रतिशत 06 माह में जमा करना अनिवार्य होगा।
8. उच्चतम बोलीदार द्वारा नियत समय सीमा में राशि जमा नहीं किए जाने पर जमा निक्षेप राशि (शर्त क्रमांक 6 एवं 7 की राशि जप्त) संपहृद हो जावेगी। जो कि वापस नहीं की जा सकेगी।
9. असफल बोलीदार की जमा 05 प्रतिशत निक्षेप राशि वापस कर दी जावेगी।
10. स्थावर संपत्ती का क्षेत्रफल 12×15 वर्गफीट रहेगा।
11. पट्टा आवंटन लोक नीलामी द्वारा अंतरित दुकान विहित प्राधिकारी की अनुमति से 10 वर्ष के लिए उच्चतम बोलीदार को आवंटित किया जावेगा।
12. स्थावर संपत्ति का प्रत्येक पट्टा इस शर्त के आधीन होगा कि पट्टे की अवधि के दौरान देय वार्षिक भाड़ा अग्रिम देय होगा।
13. आरक्षण प्रवर्ग की दुकाने न तो अंतरित की जाएंगी और न ही किराए पर दी जाएंगी।
14. शर्त उल्लंघन की दशा में आवंटन रद्द कर दिया जावेगा।
15. उक्त नीलामी दिनांक 06/04/2026 को प्रात: 10 बजे से 05 बजे तक कार्यालयीन समय में आयोजित की जावेगी।

सरपंच/सचिव ग्राम पंचायत बरखेड़ा नाथू जनपद पंचायत फंदा भोपाल

# चोरों ने स्कूलों में निकाला गैस संकट का समाधान, उड़ा रहे मिड-डे मील के सिलेंडर

## गैस संकट का असर, घरों से भी सोने-चांदी के साथ सिलेंडर उड़ा रहे चोर

**जागरण, प्रांतीय डेस्क।** एक अप्रैल से नया शिक्षा सत्र शुरू करने की तैयारी है। तिलकोत्सव के साथ ही छात्र-छात्राओं को पहले दिन स्कूल में दिए जाने वाले मेन्यू पर मंथन चल रहा है, लेकिन स्कूलों के सामने मिड-डे मील को लेकर नई समस्या सामने आ रही है। देश-प्रदेश में गहराये गैस संकट में चोरों की नजर मिड-डे मील के सिलेंडरों पर पड़ गई है। स्कूलों में घुसकर चोर केवल सिलेंडर पर हाथ साफ कर रहे हैं। कटनी में एक ही सप्ताह में तीन स्कूलों से 11 सिलेंडर चोर उड़ा ले गए। वहीं सूने घरों में घुसे चोर भी सोने-चांदी के साथ सिलेंडर ले जाना नहीं भूल रहे।

गैस संकट का असर अब गांव-शहरों में हो रहीं चोरियों में भी नजर आने लगा है। पहले तो चोर आसानी से उठाए जाने वाले हल्के-फुल्के सामान ही उड़ाया करते थे, ताकि भागने में आसानी रहे और नजरों में भी नहीं आएं। मगर गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत के कारण चोरों को भी भरे-भराए भारी सिलेंडर ढोकर ले जाने को मजबूर कर दिया है। गांव और मोहल्लों में चोर भरा सिलेंडर उठाकर गाड़ियों तक ले जा रहे हैं। मेहनत करते ऐसे ही चोर भोपाल और शिवपुरी में सामने आई वारदातों के फुटैज में नजर आए हैं। भोपाल में एक रिटायर्ड जज के घर की पार्किंग से चोर दिन दहाड़े 4 सिलेंडर चुरा ले गए। घर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटैज में चार चोर बाइक से सिलेंडर ले जाते दिखे हैं।



### स्कूलों के सिलेंडरों पर नजर

इस गैस संकट का समाधान चोरों को स्कूल में नजर आया है। कटनी जिले में एक ही सप्ताह में चार स्कूलों से 11 सिलेंडर चोरी हो चुके हैं। बड़वारा क्षेत्र के चार सरकारी स्कूलों के ताले तोड़कर चोर मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) के लिए रखे सिलेंडर उड़ा ले गए। इनमें शासकीय माध्यमिक शाला, भजिया से 4 भरे हुए गैस सिलेंडर चोरी हुए हैं। भजिया कन्या शाला उसी से भी एक सिलेंडर पार कर दिया गया। शासकीय माध्यमिक शाला, परसेल से 3 सिलेंडर चोरी होने की लिखित शिकायत मिली है। शासकीय माध्यमिक विद्यालय, पनशोखर से भी सिलेंडर चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई है। घर और स्कूलों में लगातार बढ़ रही सिलेंडर चोरी से गैस के संकट की भयावहता को भी समझा जा सकता है। लोगों को मशक्कत के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं तो चोरी का शार्टकट लोगों ने अपना लिया है। हालांकि कटनी पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा ने मंगलवार को दावा किया कि चारों स्कूलों से सिलेंड चोरी के मामलों में एफआईआर दर्ज की जा रही है। विशेष टीमें सक्रिय कर दी गई हैं, जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

### मायके से लौटी महिला सिलेंडर मिला गायब

शिवपुरी में वार्ड क्रमांक 10 की कृष्णपुरम कॉलोनी निवासी नीतू राजावत सोमवार को घर में ताला लगाकर मायके गई थीं। मंगलवार दोपहर को लौटने पर उन्होंने घर का ताला टूटा हुआ पाया और अंदर सामान बिखरा मिला। चोर घर से एलपीजी गैस सिलेंडर के अलावा सोने-चांदी के जेवरात, नगदी और कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज भी ले गए। घर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटैज में अज्ञात चोर कंधे पर सिलेंडर ले जाता नजर आया है।

### कटनी में 22 घरेलू सिलेंडर जब्त

कटनी जिले में घरेलू गैस सिलिंडरों की कालाबाजारी के खिलाफ जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मुखबिर की सूचना पर संयुक्त जांच दल ने माधवनगर गेट क्षेत्र में छापेमारी कर 22 घरेलू एलपीजी सिलिंडर जब्त किए हैं। आरोपी अवैध रूप से सिलेंडरों का भंडारण कर उन्हें ऊंचे दामों पर बेच रहा था। टीम ने माधवनगर गेट के पास स्थित सूरज बालानी के मकान पर दबिश दी। जांच के दौरान परिसर में संचालित दो दुकानों की तलाशी ली गई, जहां 14.2 किलोग्राम के कुल 22 घरेलू गैस सिलिंडर अवैध रूप से रखे पाए गए। मौके से तीन गैस बुक और एक इलेक्ट्रॉनिक तौल-कांटा भी जब्त किया गया।


### जनसुनवाई में खाली सिलेंडर लेकर पहुंचा उपभोक्ता कलेक्टर ने तुरंत दिलाई गैस



**जागरण, गुना।** मंगलवार को जनसुनवाई में एक अनोखा नजारा देखने को मिला, जब हनुमान कॉलोनी निवासी उपभोक्ता दिनेश यादव हाथ में खाली गैस सिलेंडर लेकर कलेक्टर के समक्ष गुहार लगाने पहुंच गए। पीड़ित उपभोक्ता ने गैस एजेंसियों पर सिलेंडर की कालाबाजारी करने और आम जनता को परेशान करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने करीब 8 दिन पहले गैस रिफिल के लिए बुकिंग कराई थी, जिसका डीएसी कोड भी उनके मोबाइल पर आ चुका है। इसके बावजूद जब वे सिलेंडर लेने एजेंसी पहुंचे, तो उन्हें 5 दिन बाद आने की बात कहकर टाल दिया। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने संबंधित विभाग और गैस एजेंसी को तत्काल निर्देश दिए हैं कि पीड़ित उपभोक्ता को नियमानुसार गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए। इसके बाद उसे सिलेंडर मिल गया।

## मौसम अपडेट

### प्रदेश के चार महानगरों का तापमान



| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| भोपाल | 35.2 | 17.8 |
| इंदौर | 34.9 | 16.8 |
| जबलपुर | 36.1 | 19.2 |
| ग्वालियर | 35.5 | 18.0 |

### देश के चार महानगरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 31.6 | 15.8 |
| मुंबई | 31.1 | 22.1 |
| चेन्नई | 38.2 | 22.0 |
| कोलकाता | 30.6 | 18.4 |

सूर्यास्त 6:30 PM
सूर्योदय 6:28 AM
चन्द्रोदय 5:15 AM
चन्द्रास्त 4:58 PM

## महाराष्ट्र से लूटे 19 लाख रुपए के जेवर, ग्वालियर के कारोबारी ने चार लाख में रखे गिरवी

**जागरण, ग्वालियर।** महाराष्ट्र के जलगांव, वर्धा, कल्याण सहित अन्य जिलों में लूट की सात वारदात को अंजाम देने वाले लुटेरे को लेकर महाराष्ट्र पुलिस ग्वालियर पहुंची। लुटेरे ने लश्कर स्थित सराफा बाजार में रामा ज्वेलर्स पर 126 ग्राम सोना गिरवी रखा था। संचालक से कहा था-मां को कैंसर है, इलाज के लिए रुपए चाहिए। सराफा कारोबारी ने सोना गिरवी रख लिया और उसे चार लाख रुपये दे दिए, जब महाराष्ट्र पुलिस आरोपी के हाथ में हथकड़ी लगाकर दुकान पर पहुंची तो कारोबारी के होश उड़ गए। पुलिस ने सोने के गहने बरामद कर लिए हैं। इसकी कीमत करीब 19 लाख रुपए बताई जा रही है। महाराष्ट्र के वर्धा की क्राइम ब्रांच ने जलगांव निवासी हसन अली को गिरफ्तार किया था। हसन अली ने पुलिस को बताया कि उसने अपने एक साथी के साथ मिलकर लूट की थी। ट्रेन से ग्वालियर आया और यहां सराफा बाजार में एक बिचौलिये की मदद से रामा ज्वेलर्स पर संपर्क किया। रामा ज्वेलर्स के संचालक का नाम अमित खंडेलवाल और रामनारायण बताया जा रहा है। यहां मां को कैंसर बताकर सोना गिरवी रख दिया और रुपये ले लिए। क्राइम ब्रांच की टीम उसे लेकर ग्वालियर पहुंची। कोतवाली थाना पुलिस से संपर्क किया व साथ में रामा ज्वेलर्स पर पहुंची। सराफा बाजार में महाराष्ट्र पुलिस की तीन गाड़ियां पहुंची तो कारोबारी के यहां छापे की खबर से हड़कंप मच गया। यहां संचालक से पूछा तो सामने आया कि सोना यहीं गिरवी रखा था। संचालक को भी थाने ले जाया गया। इसके बाद अन्य सराफा कारोबारी भी कोतवाली थाने पहुंच गए। यहां महाराष्ट्र पुलिस ने उनके कथन लिए और मामले में गवाह बनाया।

## छात्रा की ट्रेन से कटकर मौत, तीन भागों में बंटा शरीर, जांच शुरू

**जागरण, ब्यावरा ।** देहात थाना क्षेत्र में एक छात्रा ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना सोमवार देर रात भोपाल बायपास स्थित कचनारिया आईटीआई के सामने की बताई जा रही है। देहात थाना पुलिस के एएसआई गुलाब सिंह धाकड़ के अनुसार पचोर से ब्यावरा की ओर आ रही ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस के लोको पायलट ने रेलवे स्टेशन पर सूचना दी थी कि कचनारिया आईटीआई के सामने एक युवती ट्रेन के सामने आ गई है। इसके बाद स्टेशन के ऑन-ड्यूटी डिप्टी एसएस ने तत्काल पुलिस को सूचित किया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, जहां युवती का शव मिला। जांच के दौरान उसकी पहचान पड़ोनिया निवासी टीना दांगी (22) पिता हरिनारायण दांगी के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि टीना सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रही थी और साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रही थी। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और बाद में परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल युवती ने यह कदम क्यों उठाया, पुलिस इसकी जांच की जा रही है। परिजनों के अनुसार सोमवार को टीना का व्यवहार सामान्य था। शाम को उसने अपने पिता को चाय बनाकर पिलाई और गांव में भी सामान्य रूप से दिखाई दी थी। ऐसे में किसी को भी अंदेशा नहीं था कि वह इतना बड़ा कदम उठा सकती है। पुलिस ने अनुसार परिजनों के बयानों और जांच के बाद मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## नरवाई जलाने पर किसान को जेल भेजा, प्रदेश में पहली एफआईआर दर्ज

**जागरण, नर्मदापुरम।** नरवाई जलाने के खिलाफ किसान ही सामने आने लगे हैं। कोई नरवाई जलाता है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने में भी किसान पीछे नहीं हट रहे। ऐसी ही जागरुकता दिखाते हुए नर्मदापुरम में नरवाई जलाने पर प्रदेश की पहली एफआईआर दर्ज कराई गई। पुलिस ने भी आननफानन में कार्रवाई करते हुए नरवाई जलाने वाले किसान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नर्मदापुरम के सिवनी मालवा के ग्राम चंदपुरा में मंगलवार को प्रतिबंध के बावजूद गेहूं की नरवाई में आग लगाने का मामला सामने आया। आसपास के किसानों ने आग लगने के बाद दमकल को बुलाया, जिससे आग पर काबू पाया जा सका। इसके बाद पड़ोसी किसानों ने दोपहर में नरवाई जलाने वाले किसान मोरसिंह कुशवाह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। नरवाई जलाने के केस में एफआईआर की जिले में पहली कार्रवाई है। मामले में शिवपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया और कोर्ट ने उसे जेल भेजने के आदेश दे दिए। पुलिस के मुताबिक फरियादी शिवकुमार यादव निवासी शिवपुर ने अपनी शिकायत में बताया कि उनका खेत भिलाडिया चन्द्रपुरा रोड पर है। बगल में ही मोर सिंह कुशवाह का खेत लगा है, मोर सिंह अपने खेत के गेहूं की फसल पूर्व में ही काट चुका है।



पड़ोसी किसानों की शिकायत पर कार्रवाई

## वीजा खत्म होने के तीन साल बाद नाइजीरियन युवक को वापस भेजा

**जागरण, इंदौर।** शहर के हीरानगर क्षेत्र से पकड़ा गया नाइजीरियन युवक डॉन पेड्रो चार्लिस अब अपने देश नाइजीरिया पहुंच चुका है। हीरानगर पुलिस ने उसे 17 फरवरी 2026 को पकड़ा था। वीजा खत्म होने के बाद भी भारत में रहने के कारण उसे करीब 10 दिन की प्रक्रिया के बाद डिपोर्ट किया। पुलिस ने विदेशी नागरिकों की जानकारी रखने वाली यूनिट को सूचना दी थी। इसके बाद टिकट की व्यवस्था कर उसे नाइजीरिया भेजा। हीरानगर पुलिस ने डॉन पेड्रो चार्लिस को सनसिटी क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। वह मूल रूप से नाइजीरिया का निवासी है और कई साल पहले इंदौर आकर रह रहा था। 2023 में उसका वीजा समाप्त हो गया था, लेकिन उसने इसकी जानकारी किसी विभाग को नहीं दी थी। इंदौर में उसकी दो प्रेमिका भी थीं। जांच में सामने आया कि डॉन पेड्रो इंदौर की एक बीपीओ कंपनी में काम कर रहा था। लसूडिया पुलिस को पहले उसकी जानकारी नहीं मिली थी।



## कार-ट्रक की टक्कर में सांवरिया सेठ जा रहे भाजपा नेता सहित तीन की मौत

**जागरण, उज्जैन।** सांवरिया सेठ के दर्शन करने जा रहे चार युवकों की कार को उज्जैन-नागदा मार्ग पर उन्हेल टोल नाके के पास ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में भाजपा नेता सहित तीन की मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल को ग्लोबल अस्पताल उज्जैन में भर्ती कराया है। घायल आधे घंटे तक ही कार में फंसे रहे। पुलिस के मुताबिक मंगलवार सुबह हुए इस हादसे में उज्जैन के देवेंद्र जोशी और भाजपा जीवाजी गंज मंडल उपाध्यक्ष कैलाश (रिंकू) शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई और सुरेश नवलानी ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि प्रवेश मारोठिया की हालत गंभीर है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रवेश के चाचा सुनील शर्मा को उनके भाई ने फोन पर घटना की जानकारी दी। थाना भेरूगढ़ क्षेत्र के गोयला बुजुर्ग गांव में एक आयशर और एक स्विफ्ट कार के बीच टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई है और एक गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने आयशर गाड़ी को जब्त कर लिया है। ट्रक ड्राइवर फरार है।



### इंजीनियर ने दिया सीपीआर फिर भी नहीं बची जान

दुर्घटना स्थल से गुजर रहे ग्रेसिम फैक्टरी के एक इंजीनियर ने मौके पर एक युवक को सीपीआर भी दिया। मगर उसके प्रयास काम नहीं आए और युवक ने वहीं दम तोड़ दिया। सीपीआर देने वाले युवक का कहना है कि एक्सीडेंट के बाद रास्ते में 20-25 गाड़ियां खड़ी थीं। एक्सीडेंट हुआ था पर कोई मदद नहीं कर रहा था। उन्होंने दो युवकों के शव एम्बुलेंस से भिजवाए और देवेंद्र को अपनी गाड़ी से लाकर ग्लोबल अस्पताल में भर्ती कराया।

## मां काम को लेकर टोकती थी तो बेटे ने घोंटा गला, हत्या के बाद खाना खाने पहुंचा ढाबे

### शव ठिकाने लगाने के पहले ही पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जागरण, शहडोल।** शराब पीने के आदी एक बेटे ने अपनी मां का ही गला घोंट दिया। मां की हत्या करने के बाद आरोपी बेटा खाना खाने ढाबे पर पहुंच गया और यहां शव को ठिकाने लगाने की योजना बनाने लगा। इसकी भनक लगते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शव भी बरामद कर लिया। शहडोल के अमलाई थाना क्षेत्र के ईंटा भट्टा लखन दफाई में एक युवक ने मामूली विवाद में अपनी ही मां की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक संजय कोरी (32) को उसकी मां काम करने को लेकर बोलती थी। मगर वह शराब पीकर घर में ही पड़ा रहता था। सोमवार रात भी मां ने काम-काज को लेकर टोका तो आरोपी ने खाना खाने बैठी अपनी मां का गला घोंट दिया। मौके पर ही मां की मौत हो गई तो आरोपी उसके चेहरे पर कपड़ा ढककर वहां से निकल गया। मां की हत्या के बाद आरोपी ढाबे पर खाना खाने पहुंच गया और अपने दोस्तों के साथ बैठकर मां का शव ठिकाने लगाने की योजना बनाने लगा। इसी दौरान पुलिस ने दबिश देकर आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही मौके पर जाकर मां कुसुम बाई कोरी (56) का शव भी बरामद कर लिया है। आरोपी शराब पीने का आदी था और मजदूरी पर भी बहुत कम जाता था। मां इसे लेकर ताने मारती थी तो नाराज होकर बेटे ने इस घटना को अंजाम दिया। मां की हत्या करने के बाद संजय घर से निकल गया और एक ढाबे पर खाना खाने चला गया। वहां उसने अपने कुछ साथियों से शव को ठिकाने लगाने की बात भी कही।

## लापता मरीज का 11 दिन बाद मिला शव

**जागरण, सागर।** बीएमसी से बीते 5 मार्च को लापता हुए 40 वर्षीय मरीज दिलीप साहू का शव सोमवार को जिला अस्पताल में मिला है। पुलिस ने पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम कराया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोहननगर वार्ड निवासी 40 वर्षीय दिलीप साहू को पीठ में दर्द और कमजोरी की शिकायत थी। परिजनों ने उन्हें 25 फरवरी को इलाज के लिए बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। बीएमसी में दिलीप का इलाज चल रहा था और परिजनों के अनुसार उनकी हालत सामान्य थी। इसी बीच 5 मार्च की सुबह दिलीप अचानक अस्पताल के वार्ड में अपने पलंग से गायब हो गए।

## उप्र के दो युवकों से आठ लाख लेकर दिये बांधवगढ़ के फर्जी नियुक्ति पत्र

**जागरण, उमरिया।** प्रदेश के उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में नौकरी लगवाने के नाम पर उत्तर प्रदेश के दो युवकों के साथ लाखों की ठगी की है। शातिर ठगों ने इन युवकों को फर्जी नियुक्ति पत्र थमाकर उनसे 8 लाख रुपए से ज्यादा की वसूली कर ली। उत्तर प्रदेश के देवरिया का रहने वाला दीपू शर्मा और गोरखपुर का सौरव मिश्रा नौकरी की आस में उमरिया आए थे। वे यहां जिला मुख्यालय के पास शैलेंद्र पांडे नामक व्यक्ति के घर किराए पर रह रहे थे। युवकों की हरकतों को देखकर मकान मालिक को शक हुआ, क्योंकि वे खुद को टाइगर रिजर्व का कर्मचारी बताते थे लेकिन न तो कभी ड्यूटी पर जाते थे और न ही उनके पास कोई वर्दी थी। संदेह होने पर मकान मालिक ने पुलिस को खबर कर दी। कोतवाली पुलिस ने जब मौके पर पहुंचकर युवकों से पूछताछ की और उनके दस्तावेज देखे, तो वे हैरान रह गए। युवकों के पास मौजूद बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के नियुक्ति पत्र पूरी तरह फर्जी पाए गए। पूछताछ में खुलासा हुआ कि अविराज सिंह नाम के एक व्यक्ति ने उन्हें सरकारी नौकरी का झांसा देकर आठ लाख रुपये ऐंठ लिए और यह फर्जी लेटर थमा दिए। मामला सामने आने के बाद बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उपसंचालक योहान कटारा ने साफ किया है कि रिजर्व प्रबंधन या मुख्यालय द्वारा ऐसा कोई भी नियुक्ति पत्र जारी नहीं किया गया है। उन्होंने इन पत्रों को पूरी तरह जाली करार दिया है।

बिजनेस प्लस

## कैसे एसएमआर ज्वैल्स भारत के ज्वैलरी उद्योग में कारीगरी और संगठित मैन्युफैक्चरिंग को जोड़ रहा है

SMR JEWELS LIMITED
Preserving Traditions Since 1988

**मुंबई।** भारत का ज्वेलरी उद्योग हमेशा से कारीगरों की कला पर आधारित रहा है। डिजाइन, निर्माण और बिक्री—इन सबका आधार कारीगरी, भरोसा और रिश्ते रहे हैं। लेकिन अब यह उद्योग धीरे-धीरे एक ज्यादा व्यवस्थित (organized) रूप ले रहा है। संगठित रिटेल बढ़ रहा है, नियम-कानून (compliance) सख्त हो रहे हैं, और अब मैन्युफैक्चरर्स से सिर्फ अच्छा डिजाइन ही नहीं, बल्कि एक जैसी गुणवत्ता, तय समय पर डिलीवरी और बड़े स्तर पर उत्पादन की भी उम्मीद की जा रही है। यह बदलाव परंपरा को खत्म नहीं कर रहा, बल्कि उसे बचाने की जरूरत को और बढ़ा रहा है। अब कारीगरी की वैल्यू को बनाए रखते हुए ऐसे सिस्टम बनाए जा रहे हैं जो बड़े रिटेल बाजार को सपोर्ट कर सकें। हॉलमार्किंग, डॉक्यूमेंटेशन, नई नीतियां, फाइनेंस तक बेहतर पहुंच, ज्वेलरी पार्क्स और बड़े ब्रांड्स का छोटे शहरों में विस्तार—इन सबने इस बदलाव को आगे बढ़ाया है। आज भी यह उद्योग अपनी विरासत पर टिका है, लेकिन अब इसका संचालन ज्यादा संगठित तरीके से हो रहा है।

SMR Jewels के लिए यह बदलाव चुनौती से ज्यादा एक मौका है। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर विस्मय सोनी कहते हैं, 'पारंपरिक कारीगरी आज भी हमारी पहचान का मुख्य हिस्सा है। हम CAD और U AutoCAD जैसी तकनीक का इस्तेमाल डिजाइन को बेहतर बनाने के लिए करते हैं, लेकिन हमारे ज्वेलरी में इंसानी स्पर्श हमेशा बना रहता है। यानी तकनीक सटीकता लाने में मदद करती है, लेकिन असली खूबसूरती कारीगरों के हाथों से ही आती है। आज के समय में रिटेलर्स की उम्मीदें भी बदल गई हैं। अब सिर्फ अच्छा डिजाइन काफी नहीं है। समय पर डिलीवरी, स्पष्ट प्रोडक्शन प्रोसेस और एक जैसी क्वालिटी भी उतनी ही जरूरी हो गई है—खासकर शादी और त्योहारों के सीजन में। इसलिए अब भरोसेमंद और व्यवस्थित काम करना बिजनेस की जरूरत बन गया है। SMR Jewels ने इसके लिए अपने काम करने के तरीके को ज्यादा व्यवस्थित बनाया है। हर ऑर्डर को एक यूनिक कोड दिया जाता है और वह अलग-अलग चरणों—जैसे स्टोन सेटिंग, बंधाई, फिनिशिंग और क्वालिटी चेक—से गुजरता है, जिनके लिए पहले से समय तय होता है। इससे काम में स्पष्टता और समय की पाबंदी बनी रहती है। कंपनी का मैन्युफैक्चरिंग मॉडल भी अलग है। यह एक ही फैक्ट्री पर निर्भर नहीं है, बल्कि कई अनुभवी कारीगरों के नेटवर्क के साथ काम करती है। यह मॉडल सही सिस्टम के साथ एक ताकत बन जाता है।

## इंडियन बैंक द्वारा अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन




**भोपाल।** इंडियन बैंक द्वारा लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में भारतीय बैंकिंग व्यवस्था में प्रौद्योगिकी -संचालित परिवर्तन की भावी संकल्पनाएँ विषयक अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पद्म मालिनी अवस्थी, विशिष्ट अतिथि पद्म डॉ. विद्या बिंदु सिंह एवं डॉ. छबिल कुमार मेहेर, उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, उत्तर-।।, भारत सरकार की उपस्थिति रहीं। सम्मेलन की अध्यक्षता ब्रजेश कुमार सिंह, कार्यपालक निदेशक, इंडियन बैंक द्वारा की गई। इस अवसर पर वी एन माया, मुख्य महाप्रबंधक, कॉर्पोरेट कार्यालय सुधीर कुमार गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक, एफजीएमओ, लखनऊ, पंकज कुमार सिंह, उप महाप्रबंधक व अंचल प्रबंधक, लखनऊ, बीना कुमारी एमपी, प्राचार्य, स्टाफ कॉलेज, लखनऊ, राजेश कुमार सिंह, सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा) कॉर्पोरेट कार्यालय एवं देश भर से पधारे अन्य बैंकों के प्रतिभागीगण, अखिल भारतीय हिंदी निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागीगण, पुरस्कार विजेताओं एवं इंडियन बैंक के राजभाषा अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सम्मेलन को संबोधित करते हुए अवस्थी ने कहा कि भाषा अपने संस्कृति की वाहिका होती है। उन्होंने कहा कि हिंदी में एक संस्कृति से दूसरे संस्कृति को जोड़ने की क्षमता है, उन्होंने यह भी कहा कि राजभाषा के प्रचार-प्रसार में इंडियन बैंक अपनी भूमिका गंभीरता से निभा रहा हैं।

## तीन महीने में ही खराब हो गई ट्राइसिकल

**जागरण, छतरपुर।** डेढ़ साल पहले प्रशासन द्वारा दी गई बैटरी वाली ट्रायसिकल महज तीन तीन महीने बाद ही खराब हो गई। दोनों पैरों से दिव्यांग महिला करीब 200 किलोमीटर दूर से 5-6 बार जनसुनवाई में आती है। हर बार उसके 500 रुपए आने-जाने में खर्च हो जाते हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। अब मरम्मत का आधा खर्च महिला से ही मांगा जा रहा है। मगर मंगलवार को जिला पंचायत सीईओ ने महिला की हालत देखते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि या तो उसे नई ट्राइसिकल दी जाए अथवा नई बैटरी की व्यवस्था करें।

उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान
कार्यालय संचालक, कलियासोत डेम के पास
कोलार रोड, पोस्ट बा. 588 रविशंकर नगर पोस्ट ऑ., भोपाल-462016
दूरभाष : (0755) 2492433, 2492460, वेबसाइट : www.iehe.ac.in
ई-मेल : iehebhopal@mp.gov.in

निविदा संबंधी सूचना

संस्थान में स्थापित डिजिटल स्टूडियो में विभिन्न कार्यों हेतु MP-eTender के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| स.क्र. | निविदा | निविदा क्र. (Tender ID) |
|---|---|---|
| 1 | संस्थान में साउंड सिस्टम प्रदाय करने संबंधी। | 2026_HED_489201_1 |
| 2 | संस्थान में विद्युत सामग्री क्रय करने संबंधी। | 2026_HED_491605_1 |

इच्छुक प्रदायकर्ता फर्में MP-eTender पोर्टल पर दर्शित नियम एवं शर्तों के अनुरूप में सम्मिलित हो सकते हैं। क्रय प्रक्रिया वर्तमान में मान्य "मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथासंशोधित-2022)" के अनुसार की जावेगी।
म.प्र. माध्यम/124959/2026
संचालक

M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.
Office of The Dy. General Manager (STM-STC) Dn. O&M Circle, M'deep, Budni, Bhairunda
NIT No:- DGM/STM-STC/MBB/Tender/2025-26/2730
Date : 17.03.2026

NOTICE INVITING E-TENDER

E-tenders are invited from eligible bidders for following works.

| Tender Notice Number | Particulars | Approx. Value (In Lakh) | Tender Document Fee |
|---|---|---|---|
| 2729/01 Dt. 17.03.2026 | 11 kv Bifurcation Tigali AGR feeder Seelkanth S/s Under Bhairunda D/c under Bhairunda Dn. | 9.71 | 1000+GST @ 18% |
| 2729/02 Dt. 17.03.2026 | 11 kv Bifurcation Rujankhedi AGR feeder Seelkanth S/s Under Bhairunda D/c under Bhairunda Dn. | 6.35 | 1000+GST @ 18% |

Bid Download Start/End Date & Time : 17.03.2026, 16:00 Hrs. up to 24.03.2026, 15:30 Hrs.
Online Bid Submission End Date & Time : 24.03.2026, up to 15:30 Hrs.
Online Tender Opening Date & Time : 25.03.2026 at 15:30 Hrs.
Other details, terms and conditions are available on company website : https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in or the under signed office.
M.P. Madhyam/124957/2026
D.G.M. (STM-STC)

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

568

76,071

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Eternal | 236.13 | 5.67% |
| Tata Steel | 196.31 | 4.54% |
| M&M | 3,139.30 | 3.06% |
| HDFC Life | 645.35 | 2.60% |
| Bharat Elec | 441.05 | 2.29% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Wipro | 195.11 | -1.94% |
| Cipla | 1,302.60 | -1.39% |
| Infosys | 1,245.00 | -1.35% |
| TATA Cons. Prod | 1,104.20 | -1.35% |
| ITC | 309.95 | -1.10% |

**फोरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| डॉलर | 92,3700 |
| यूरो | 106.38 |
| येन | 0.5807 |
| पौंड | 123.18 |

# सैलरी में मिलने वाली सुविधाओं घर-गाड़ी रिटायरमेंट फंड व गिफ्ट्स पर टैक्स लगेगा

## एक अप्रैल से लागू होंगे इनकम टैक्स के नए नियम, बदलेगा टैक्स कैलकुलेशन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार 1 अप्रैल 2026 से देश में नया इनकम टैक्स सिस्टम लागू करने जा रही है। यह नया कानून मौजूदा इंकम-टैक्स एक्ट 1961 की जगह लेगा। इनकम-टैक्स रूल्स 2026 के ड्राफ्ट के मुताबिक, मिडिल क्लास टैक्सपेयर्स, प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों और बड़े बिजनेस घरानों के लिए टैक्स कैलकुलेशन के तरीके पूरी तरह बदल जाएंगे। इन ड्राफ्ट नियमों को 22 फरवरी 2026 तक जनता के सुझावों के लिए रखा गया था। नए नियमों का मकसद सैलरी के साथ मिलने वाली सुविधाओं जैसे- कंपनी का घर, कार और गिफ्ट्स की वैल्यू तय करने के लिए एक फिक्स फॉर्मूला बनाना है, ताकि टैक्स असेसमेंट यानी कैलकुलेशन में पारदर्शिता रहे।

### नया कानून वित्त वर्ष 2026-27 से प्रभावी होगा

इनकम-टैक्स रूल्स 2026 आधिकारिक तौर पर 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे। इसका मतलब है कि ये नियम वित्त वर्ष 2026-27 की कमाई और असेसमेंट ईयर 2027-28 के टैक्स रिटर्न पर लागू होंगे। टैक्स एक्ट 2025 को सपोर्ट करने के लिए लाया गया है जिसमें टैक्स कैलकुलेशन की प्रोसेस को और सरल बनाया गया है।

**रिटायरमेंट फंड में 7.5 लाख से ज्यादा योगदान पर टैक्स-** अगर आपकी कंपनी आपके पीएफ, एनपीएस और सुपरएन्युएशन फंड में सालभर में 7.5 लाख से ज्यादा जमा करती है, तो अब उस पर टैक्स लगेगा। ड्राफ्ट रूल्स में एक खास फॉर्मूला दिया गया है, जिससे 7.5 लाख की सीमा से ऊपर वाले कॉन्ट्रीब्यूशन और उस पर मिलने वाले रिटर्न (ब्याज/लाभांश) को टैक्सेबल पर्क्स माना जाएगा।

**कंपनी के एकोमोडेशन की वैल्यू फिक्स होगी**
प्राइवेट सेक्टर कर्मचारियों को मिलने वाले एकोमोडेशन यानी घर की टैक्स वैल्यू अब शहर की आबादी के आधार पर तय होगी।

- 40 लाख से ज्यादा आबादी-सैलरी का 10 प्रतिशत हिस्सा टैक्सेबल वैल्यू माना जाएगा।
- 15 से 40 लाख की आबादी- सैलरी का 7.5 प्रतिशत हिस्सा टैक्सेबल वैल्यू माना जाएगा।
- अन्य शहर-सैलरी का 5 प्रतिशत हिस्सा। यदि कर्मचारी खुद कुछ किराया चुका रहा है, तो उसे इस वैल्यू में से घटा दिया जाएगा।

**लीज पर लिए घर के लिए अलग नियम**
अगर कंपनी खुद घर किराए पर लेकर कर्मचारी को देती है, तो नियम अलग होगा। इस मामले में कंपनी द्वारा चुकाया गया वास्तविक किराया या कर्मचारी की सैलरी का 10 प्रतिशत, इनमें से जो भी कम हो उसे टैक्सेबल वैल्यू माना जाएगा। यह नियम मेट्रो शहरों के लीज रेंटल पर लागू होगा।

**ऑफिस की कार का इस्तेमाल अब महंगा पड़ेगा**
ऑफिस की गाड़ी पर्सनल और आधिकारिक दोनों कामों के लिए इस्तेमाल करने पर फिक्स मंथली टैक्स वैल्यू तय की गई है। 1.6 लीटर इंजन तक- 5,000 प्रति महीना। 1.6 लीटर से बढ़े इंजन- 7,000 प्रति महीना। ड्राइवर की सुविधा पर 3,000 प्रति महीना अतिरिक्त। इन फिक्स वैल्यू को सैलरी इनकम के साथ जोड़कर टैक्स निकाला जाएगा।

**त्यौहार पर गिफ्ट्स की लिमिट 15000:** कंपनियों से मिलने वाले गिफ्ट, वाउचर या टोकन अब सालभर में कुल 15,000 तक ही टैक्स-फ्री होंगे। अगर पूरे साल में गिफ्ट्स की वैल्यू 15,000 से ज्यादा हुई, तो पूरी राशि पर टैक्स देना होगा। अब तक यह सीमा काफी कम थी।

**ऑफिस में 200 तक का खाना टैक्स-फ्री :** वर्किंग ऑवर्स के दौरान मिलने वाले खाने या नॉन-अल्कोहलिक बेवरेज पर टैक्स नहीं लगेगा, बशर्ते उसकी वैल्यू 200 प्रति मील से ज्यादा न हो। इसमें ऑफिस कैंटीन, मील कूपन और कॉर्पोरेट मील प्रोग्राम शामिल हैं।



**फॉर्म 16 और सैलरी स्लिप पर असर**
टैक्स एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इन बदलावों का सीधा असर आपकी टेक होम सैलरी पर पड़ सकता है। कंपनियों को अपनी सैलरी स्ट्र. र और सॉफ्टवेयर अपडेट करने होंगे ताकि फॉर्म 16 और सैलरी स्लिप में नई वैल्यू दिख सके।

**टैक्स-फ्री इनकम से जुड़े खर्चों पर नियम**
अगर आप ऐसी कमाई करते हैं जिस पर टैक्स नहीं लगता, तो उससे जुड़े खर्चों को क्लेम करने का नया फॉर्मूला आया है। निवेश की एवरेज सालाना वैल्यू का 1 प्रतिशत हिस्सा खर्च के रूप में माना जाएगा, लेकिन यह राशि आपके द्वारा क्लेम किए गए कुल खर्च से ज्यादा नहीं हो सकती।

**विदेशी डिजिटल बिजनेस पर 2 करोड़ की लिमिट**
डिजिटल बिजनेस करने वाली विदेशी कंपनियों के लिए सिग्निफिकेंट इकोनॉमिक प्रेजेंस की सीमा तय की गई है। अगर किसी कंपनी का भारत में रेवेन्यू 2 करोड़ से ज्यादा है या उसके 3 लाख से ज्यादा भारतीय यूजर्स हैं, तो उसे भारत में टैक्स देना होगा।

**क्या करें टैक्सपेयर्स?** नए नियम लागू होने से पहले अपने एम्प्लॉयर के साथ सैलरी कंपोनेंट्स (जैसे कार, घर और रिटायरमेंट फंड) को रिव्यू करें ताकि टैक्स लायबिलिटी को मैनेज किया जा सके।

### इलाज के लिए गए लोन पर टैक्स नहीं

अगर कंपनी बिना ब्याज या कम ब्याज पर लोन देती है, तो उस फायदे पर टैक्स लगेगा। टैक्स का कैलकुलेशन एसबीआई की ब्याज दर के आधार पर होगी। 2 लाख तक के लोन या गंभीर बीमारी के इलाज के लिए गए लोन पर कोई टैक्स नहीं लगेगा।

# गारंटी वाली प्रीमियम सर्विस लांच 24 घंटे में होगी पार्सल डिलीवरी

## समय पर डिलीवरी नहीं हुई तो मनी-बैक की वादा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अब आप इंडिया पोस्ट के जरिए अपने जरूरी डॉक्युमेंट्स या पार्सल 24 घंटे के अंदर भेज सकेंगे। भारतीय डाक विभाग ने आज 17 मार्च को 3 नई प्रीमियम सर्विस लॉन्च की हैं। इस सर्विस में डाक विभाग से आपको लिखित गारंटी मिलेगी। खास बात ये है कि अगर तय समय में डिलीवरी नहीं हुई तो मनी-बैक गारंटी के तहत आपको पूरे पैसे वापस मिलेंगे।

**बिना ओटीपी नहीं मिलेगा पार्सल :** सुरक्षा और टेक्नोलॉजी के मामले में भी डाक विभाग ने बड़ा अपग्रेड किया है। अब पोस्टमैन पार्सल तभी देगा, जब आप उसके मोबाइल में सही ओटीपी डालेंगे। इससे पार्सल गलत हाथों में जाने का खतरा खत्म होगा।

**रियल-टाइम ट्रैकिंग-** आप मोबाइल से लाइव देख सकेंगे कि पार्सल इस वक्त कहां है। पार्सल बुक होने से लेकर डिलीवर होने तक हर स्टेप की जानकारी एसएमएस से मिलेगी।

**फ्री पिकअप :** अगर आप एक साथ ज्यादा पार्सल (बल्क बुकिंग) भेजना चाहते हैं, तो डाक विभाग आपके घर या ऑफिस से फ्री में पार्सल उठाएगा।

**बीएनपीएल की सुविधा :** कॉर्पोरेट और बिजनेस ग्राहकों के लिए अभी भेजें, बाद में भुगतान करें (बाय नाऊ पे लेटर) की सुविधा भी दी गई है।

**नई प्रीमियम सर्विस**

- **24स्पीड पोस्ट:** इसमें आपके जरूरी डॉक्यूमेंट्स बुकिंग के अगले दिन पहुंच जाएंगे।
- **24स्पीड पोस्ट पार्सल**-यह भारी सामान या बॉक्स के लिए है, जिसे 24 घंटे के अंदर डिलीवर करने की गारंटी है।
- **48 स्पीड पोस्ट:**-इसमें आपके पार्सल को पहुंचने में 2 दिन (48 घंटे) का समय लगेगा, यह थोड़ा सस्ता विकल्प हो सकता है।

**30 लाख करोड़ का होगा ई-कॉमर्स मार्केट**
सर्विस लॉन्च करते हुए ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यह इंडिया पोस्ट के लिए बदलाव का समय है। भारत का ई-कॉमर्स बाजार अभी करीब 11 लाख करोड़ का है, जिसके 2030 तक 3 गुना बढ़कर 30 लाख करोड़ रुपए होने की उम्मीद है। डाक विभाग इसी बड़ते बाजार में अपनी हिस्सेदारी मजबूत करना चाहता है। सिंधिया ने कहा कि डाक विभाग अब आधुनिक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार है।

## डिजिटल अर्थव्यवस्था 2030 तक जीडीपी का 20% होगी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था का 2030 तक देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा होने का अनुमान है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह बता कही। अधिकारी ने अनुसार, डिजिटल क्षेत्र की वृद्धि दर व्यापक अर्थव्यवस्था की तुलना में दोगुनी होगी। 'नैसकॉम ग्लोबल कॉन्फ्लूएंस 2026' में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मेइटी) के सचिव एस कृष्णन ने कहा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था वर्तमान में भारत के जीडीपी में लगभग 13 प्रतिशत का योगदान करती है।

# रेनो ने एसयूवी डस्टर को नए अवतार में किया पेश

**नई दिल्ली, जेएनएन।** फ्रांसीसी वाहन विनिर्माता रेनो ने मंगलवार को मझोले आकार के एसयूवी मॉडल 'डस्टर' को नए अवतार में पेश करने के साथ भारतीय यात्री वाहन बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने का लक्ष्य रखा। नई डस्टर के साथ रेनो इंडिया के पोर्टफोलियो में अब कुल चार मॉडल हो गए हैं। इनमें क्विड, ट्राइबर और काइगर शामिल हैं। रेनो इंडिया के उपाध्यक्ष हिडाल्गो ने यहां नई 'डस्टर' को पेश करने के बाद संवाददाताओं से कहा, हम जल्द से जल्द उस स्तर पर वापस लौटना चाहते हैं, जहां हम बाजार हिस्सेदारी और बिक्री के लिहाज से कुछ साल पहले थे। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि वर्ष 2030 तक तीन प्रतिशत से लेकर पांच प्रतिशत तक की बाजार हिस्सेदारी हासिल कर लें। इसमें नई डस्टर की भूमिका अहम होने वाली है। कंपनी ने 2012 में पहला डस्टर मॉडल पेश किया था और इसने देश में एसयूवी का नया खंड बनाने में अग्रणी भूमिका निभाई थी। लेकिन प्रतिस्पर्धा में पिछड़ते जाने पर इसका उत्पादन 2022 में बंद कर दिया गया था। नई डस्टर को बाजार के सबसे प्रतिस्पर्धी खंड में मारुति ग्रांड विटारा, किआ सेल्टोस, हुंदै क्रेटा, टाटा सिएरा, स्कोडा कुशाक और होंडा एलीवेट जैसे मॉडलों से मुकाबला करना होगा। वर्ष 2016 में रेनो की घरेलू यात्री वाहन बाजार में हिस्सेदारी करीब चार प्रतिशत थी। हिडाल्गो ने कहा कि डस्टर कंपनी की बड़े उत्पाद शृंखला की शुरुआत है और कंपनी स्पष्ट रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है। यह महत्वपूर्ण नहीं है कि कितना समय लगता है, दिशा और रुझान ज्यादा अहम है।



## मालाबार गोल्ड 20 नए शोरूम खोलेगी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स इस माह के अंत तक 1,580 करोड़ रुपये के निवेश से 20 नए शोरूम खोलेगी। कंपनी ने मंगलवार को यह घोषणा की। नए शोरूम झांसी, कल्लाकुरीची, ग्वालियर, चित्तूर, हल्द्वानी, थेनी, जामनगर, रांची, कोलकाता, अलीगढ़, बेंगलुरु, इनऑर्बिट मॉल विशाखा-पत्तनम, कांचरा-पाड़ा, श्रीरामपुर, गोकुल रोड हुबली, मणिनगर, गुरुग्राम सेक्टर 14, जुबली हिल्स (हैदराबाद), सांगारेड्डी और गुवाहाटी में खोले जाएंगे। कंपनी के बयान के अनुसार, 'इस विस्तार में कुल 1,580 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है और इससे 725 से अधिक रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।' मालबार ग्रुप के चेयरमैन एम पी अहमद ने कहा, 20 दिन में 20 शोरूम पेश करने का हमारा निर्णय देश की लंबी अवधि की वृद्धि संभावनाओं में हमारे भरोसे और विश्वस्तरीय आभूषण खुदरा बिक्री के अनुभवों तक पहुंच बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।


**मुक्तस्वाध्यायपीठम्**
(Institute of Open and Distance Education)
**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालयः**
56-57, इन्स्टीट्यूशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

Adv. No.-02/2025-2026 Dated: 18/03/2026

**अधिसूचना / Notification**

संस्कृत के विभिन्न विषयों में सहायक प्रोफेसर (अनुबंधात्मक), संस्कृत भाषा शिक्षक और तकनीकी स्टाफ (तकनीकी प्रबंधक, तकनीकी सहायक, वरिष्ठ सलाहकार) के स्थानों के लिए अनुबन्ध के रूप में व्यवस्थिति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 27-03-2026 है। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट (https://www.sanskrit.nic.in/और https://www.msp.ac.in/) का अवलोकन कर सकते हैं।

cbc 21212/12/0006/2526 -निदेशक



**KALYAN SINGH SUPER SPECIALTY CANCER INSTITUTE**
C.G. City, Sultanpur Road, Lucknow-226002
Website: https://cancerinstitute.edu.in, Email: jdmm.sscih@gmail.com

**TENDER NOTICE**

On-line offers are invited through Custom bid on GeM portal **GEM/2026/B/7358435 dated: 14-03-2026 for the item- Refrigerated Desk** from Original Equipment Manufacture/Direct Importers/ Authorized Distributors (declared by principal firm only) for the supply & installation of **Refrigerated Desk**.

The Vendors are required to submit their offers on GeM portal only in two bids system i.e. Technical and Financial bid as per norms of GeM Portal with terms and conditions as mentioned against bidding documents.

For more detailed information you may please visit the Gem portal **www.gem.gov.in** or our website **https://cancerinstitute.edu.in**, for reference only.

The Director reserves the right to accept or reject any tender in part or full without assigning any reason thereof.

Advt No. KSSSCI/Tender-31/2025-26 **Joint Director (MM)**



**कार्यालय स्व. श्री कैलाश जोशी कृषि उपज मण्डी समिति लोहारदा जिला देवास**
E-Mail apmcloharda@gmail.com

क्रमांक/मण्डी/स्था./2025-26/1444 लोहारदा दिनांक 17/03/2026

**// विज्ञप्ति //**

एतद् द्वारा विज्ञप्ति से समस्त सामग्री प्रदायकर्ता व्यापारी एवं संबंधितों को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मण्डी समिति लोहारदा जिला देवास के वित्तीय वर्ष 2026-27 में कार्यालयीन उपयोग हेतु निम्न सामग्री की आवश्यकता है-

1. प्रारूप अनुसार छपाई कार्य ।
2. लेखन सामग्री ।
3. विद्युत सामग्री।

समस्त कार्यों की सूची कार्यालयीन समय में अवकाश दिवस को छोड़कर कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृत एवं अस्वीकृत का अधिकार मण्डी समिति को रहेगा। इच्छुक सामग्री प्राप्तकर्ता/विक्रेतागण अपने भाव पत्र दिनांक 25.03.2026 को दोपहर 4:00 बजे तक कार्यालय में पंजीकृत डाक से पृथक-पृथक प्रस्तुत करें। प्राप्त कोटेशन दिनांक 26.03.2026 को दोपहर 3:00 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी। समस्त सामग्री उच्च गुणवत्ता की होना अनिवार्य है।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति
लोहारदा जिला देवास (म.प्र.)



भारतीय गुणवत्ता परिषद् QUALITY COUNCIL OF INDIA — QCI Creating an Ecosystem for Quality

विज्ञापन संख्या 02/2026

**एनबीक्यूपी में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद के लिए आवेदनों का आमंत्रण**

मंत्रिमंडल के निर्णय से राष्ट्रीय प्रत्यायन और गुणवत्ता संवर्धन निकाय के रूप में स्थापित, भारतीय गुणवत्ता परिषद् (क्यूसीआई), एक स्वायत्त निकाय है। यह परिषद् विनिर्माण, व्यापार और सेवाओं के सभी क्षेत्रों में गुणवत्ता मानकों के प्रचार-प्रसार, अंगीकरण और अनुपालन में राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारत सरकार, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय का उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी), क्यूसीआई के लिए नोडल प्वाइंट है।

क्यूसीआई, राष्ट्रीय गुणवत्ता संवर्धन बोर्ड (एनबीक्यूपी) में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के एक (01) पद के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करती है। पद का विवरण **https://qcin.org/careers** पर उपलब्ध है।

**टिप्पणी:-**

i. आवेदन प्रस्तुत करने की विधि: ऑनलाइन, केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख: 09.04.2026, सायं 05:30 बजे तक।
ii. शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों से ही संपर्क किया जाएगा।
iii. क्यूसीआई को यह अधिकार है कि वह, बिना कोई कारण बताए, इस विज्ञापन को रद्द कर दे/ वापस ले ले/ संशोधित कर दे।

हस्ता./-
उप निदेशक, मानव संसाधन एवं प्रशासन

QCI'S BOARDS AND DIVISIONS — NABCB, NABH, NABL, NABET, NBQP, PADD, PPID, NDIE, Strategy & Policy, ONDC (Founded & Supported by QCI)

Quality Council of India, World Trade Center, J-200, Block J, Narouji Nagar, Safdarjung Enclave, New Delhi- 110029
@QualityCouncilofIndia @QualityCouncil qualitycouncilofindia quality-council-of-india-qci- info@qcin.org



**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**
कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड
संभाग क्रमांक-02, भोपाल, Mobile No. 9425601534
ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com
क्र. मप्रपुआअविनि/296/प.यं/भोपाल-02/तशा/2026
भोपाल, दिनांक : 13.03.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

"जिला भोपाल पुलिस विशेष शाखा मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालयीन कक्ष एवं विशेष शाखा के विभिन्न अनुभागों में आवश्यक सुधार मरम्मत कार्य तथा विशेष शाखा पुलिस मुख्यालय के राज्य स्थिति कक्ष क्र. जी-4 में आवश्यक सुधार मरम्मत कार्य एवं पुलिस मुख्यालय के गेट क्रमांक-03 के समीप टॉयलेट निर्माण, शिकायत शाखा में अधिकारी कक्ष में पुताई का कार्य, नवीन एवं पुराने मुख्यालय की ग्रेटिंग, कर्वस्टोन एवं बाउण्ड्रीबाल की पुताई का कार्य, फाउण्टेन मरम्मत कार्य, गेट क्रमांक-1 मरम्मत एवं टेनिस कोर्ट भवन की पुताई का कार्य, गेट क्रमांक-2 में स्लाईडिंग मोटर का कार्य, साइनेज बोर्ड मरम्मत कार्य, पुलिस मुख्यालय एवं लाइब्रेरी में साइनेज बोर्ड बनाने का कार्य इत्यादि कार्य के कार्य हेतु निविदा क्रमांक-34/2025-26 ऑनलाइन निविदा क्रमांक-MPPHCL/ TENDER No- 2026_MPPHC_490204_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 02.04.2026 समय 5.00 बजे तक ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/124931/2026 **परियोजना यंत्री**



**कार्यालय नगर परिषद सोनकच्छ, जिला देवास (म.प्र.)**
OFFICE OF THE NAGAR PARISHAD SONKATCH DIST.DEWAS(M.P.)
REST HOUSE ROAD,SONKATCH Pin 455118, Tel. 07270-222240 Email cmosonkatch@mpurban.gov.in

क्रमांक/लो.नि./2026/529 सोनकच्छ, दिनांक 17/3/2026

**// ई-निविदा सूचना//**

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| S. No. | E-Tender No. & Start Date | Name of Work | Probable Amount (in lacs) & Period of Completion on (Rs in lacs) | Cost of Bid Documents & EMD | Last Date For Submission of Bid |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_ 490891_1 16.03.2026 | Construction Of C.C. Road And Laying Of Paver Block Vishesh Nidhi, (2nd Call) | Rs. 46.63 lacs 6 Months (including rainy season) | 5000/- 35000/- | 30.03.2026 |
| 2 | 2026_UAD_ 490875_1 16.03.2026 | Interception And Diversion of Nallahs with STP works Project of Sonkatch town under SBM 2.0, (1st Call) | Rs. 600.16 lacs 6 Months (including rainy season) | 20000/- 308000/- | 15.04.2026 |

**नोट:-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र मे प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद् सोनकच्छ**



AU SMALL FINANCE BANK — A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)**
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001(CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV [देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना]**

जबकि, अद्योहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए षवित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002ष(2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060129454020, मैसर्स मां जल्पा टेंट हाउस एंड टी स्टॉल (ऋणी), श्रीमती गीता बाई (सहऋणी), मांगीलाल (सहऋणी), बीरम सिंह (सहऋणी) | 12-दिसंबर-25 Rs. 3,28,634/- तीन लाख अट्ठाईस हजार छः सौ चौंतीस रुपये मात्र 11-दिसंबर-25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित डीड नं. Mp309892022A169 6598, मकान नं. 17/3, पी.एच. नं. 93, ग्राम- हीरापुर, तहसील- खिलचीपुर, जिला- राजगढ़, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 732 वर्ग फीट, पूर्व: रास्ता, पश्चिम: सार्वजनिक रास्ता, उत्तर: रास्ता, दक्षिण: रास्ता एवं मुकेश का मकान | 12 मार्च 26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060135377952, भरत कोरी (ऋणी), अनु कोरी (सहऋणी), बिंदावन कोरी (सहऋणी) | 16 सितम्बर 25 Rs. 15,25,585/- पंद्रह लाख पच्चीस हजार पांच सौ पिचासी रुपए मात्र, 11 सितम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित प्रॉपर्टी आईडी नं. 7002613836, मकान नं. 302, महावीर वार्ड नं. 14, मौजा रहली खास, तहसील रहली, जिला सागर, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 1598 वर्ग फीट, पूर्व: बडुकल दादा का खुला प्लॉट, पश्चिम: सड़क, उत्तर: राकेश कोरी का मकान, दक्षिण: पन्नालाल कोरी का मकान | 16 मार्च 26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060831446472, मैसर्स श्री राम किराना स्टोर (ऋणी), रतन लाल (सहऋणी), महेश डांगी (सहऋणी), श्रीमती गुलाब बाई डांगी (सहऋणी) | 11 नवम्बर 25 Rs. 4,34,107/- चार लाख चौंतीस हजार एक सौ सात रुपए मात्र, 10 नवम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पीएच नं. (128) 23, मकान नं. 01, ग्राम खजुरिया, तहसील ब्यावरा, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 864 वर्ग फीट, पूर्व: जगन्नाथ का मकान, पश्चिम: सामान्य सड़क, उत्तर: रामनारायण का मकान, दक्षिण: बद्रीलाल का मकान | 13 मार्च 26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060127115255, मैसर्स सिंघई मशीनरी स्टोर (ऋणी), अभिताभ जैन (सहऋणी), श्रीमती अभिलाषा जैन (सहऋणी) | 12 नवम्बर 25 Rs. 7,70,113/- सात लाख सत्तर हजार एक सौ तेरह रुपए मात्र, 10 नवम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित दुकान नं. 17, श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉम्प्लेक्स, वार्ड नं. 04, मौजा रहलीखास, जिला सागर, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 165 वर्ग फीट, पूर्व: नगर पालिका का शेष भवन, पश्चिम: नगर पालिका का शेष भवन, उत्तर: गैलरी, दक्षिण: नगर पालिका का शेष भवन | 16 मार्च 26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060131598697, मैसर्स राही रेस्टोरेंट जरिए प्रोपराइटर रवि (ऋणी), रामबाबू (सहऋणी), रवि (सहऋणी), श्रीमती सुगन बाई (सहऋणी) | 12 दिसम्बर 25 Rs. 1,81,510/- एक लाख इक्यासी हजार पांच सौ दस रुपए मात्र, 11 दिसम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित सर्वे नं. 391, मकान नं. 11, वार्ड नं. 43, पीएच नं. 47, ग्राम सवांसी, तहसील नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 384 वर्ग फीट, पूर्व: रास्ता, पश्चिम: हरिसिंह का मकान, उत्तर: जगदीश का मकान, दक्षिण: शिवनाथ का मकान | 13 मार्च 26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060126292620, मैसर्स राजपूत आटा चक्की एवं इलेक्ट्रिकल (ऋणी), यशवंत सिंह चंदेल (सहऋणी), श्रीमती कृष्णा बाई (सहऋणी), रामप्रसाद चंदेल (सहऋणी), महेंद्र सिंह राजपूत (सहऋणी) | 12 दिसम्बर 25 Rs. 4,28,035/- चार लाख अट्ठाईस हजार पैंतीस रुपए मात्र, 11 दिसम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित पीएच नं. 49, सरल नं. 2935, मकान नं. 106, ग्राम कमलसरा, तहसील सारंगपुर, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 1037 वर्ग फीट, पूर्व: शंकर का मकान, पश्चिम: सुदेश का मकान, उत्तर: स्थानीय रास्ता, दक्षिण: रास्ता | 13 मार्च 26 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060143086454, मैसर्स डांगी बेल्डिंग मटेरियल एंड कॉन्ट्रैक्टर (ऋणी), हेमराज डांगी (सहऋणी), श्रीमती आनंदी बाई (सहऋणी), श्रीमती रसुम बाई (सहऋणी) | 16 दिसम्बर 25 Rs. 8,34,544/- आठ लाख चौंतीस हजार पांच सौ चवालीस रुपए मात्र, 11 दिसम्बर 25 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान नं. 34, पीएच नं. 58, ग्राम खेड़ी, तहसील नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 4080 वर्ग फीट, पूर्व: लक्ष्मीनारायण की भूमि तत्पश्चात रास्ता, पश्चिम: स्थानीय रास्ता, उत्तर: शिवनारायण जी का मकान, दक्षिण: स्थानीय रास्ता | 13 मार्च 26 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्य जन कों एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ग्रहण कर लिया है।

ऋणियों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के साथ सपठित नियम 8(6) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके अन्तर्गत प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय अर्थात इस सूचना से 30 दिवस के सम्बन्ध में है।

ऋणियों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड" (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

दिनांक: 17.03.2026
स्थान: भोपाल, मध्य प्रदेश

प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड



# रोहित ने शुरू की तैयारी, नेट्स पर बहाया पसीना

## आईपीएल का 19वां सीजन 28 मार्च से, मुंबई इंडियंस 29 मार्च को केकेआर से भिड़ेगी

**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई इंडियंस (एमआई) के स्टार बल्लेबाज और टीम को पांच बार आईपीएल चैंपियन बनाने वाले रोहित शर्मा ने 2026 सीजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। टीम का प्री-सीजन कैंप शुरू होते ही हिटमैन के नाम से मशहूर रोहित नेट्स पर उतर गए और शानदार फॉर्म में नजर आए। आईपीएल के 19वें सीजन का आगाज 28 मार्च से होने जा रहा है। हार्दिक पंड्या की अगुआई वाली मुंबई अपना अभियान 29 मार्च को शुरू करेगी। मुंबई की पहले मैच में वानखेड़े स्टेडियम पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से टक्कर होगी। प्री सीजन कैंप में हेड कोच महेला जयवर्धने के नेतृत्व में भारतीय खिलाडियों का पहला बैच पहले ही जिम और एजिलिटी ड्रिल्स पूरा कर चुका है। रोहित, शार्दुल ठाकुर के अलावा मयंक मार्कंडे, गजनफर, नमन धीर, राजा अंगद बावा, रॉबिन मिंज, रघु शर्मा, मयंक रावत, दानिश मालेवार, मोहम्मद इजहार और अश्विनी कुमार भी कैंप में शामिल हो चुके हैं। 38 वर्षीय दिग्गज ने अभ्यास के दौरान छक्का जड़ने के बाद ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर की टांग खींची, जिसका वीडियो एमआई ने सोशल मीडिया पर शेयर किया। शार्दुल लखनऊ सुपर जाएंट्स से मुंबई इंडियंस में आए हैं।

### रोहित पहले से कहीं ज्यादा फिटः महेला जयवर्धने

मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने मंगलवार को कहा कि रोहित आईपीएल 2026 से पहले काफी फिट और पूरी तरह प्रतिबद्ध नजर आ रहे हैं तथा उन्होंने अपने कौशल पर जमकर काम किया है। जयवर्धने को उम्मीद है कि भारत और मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान टीम का मार्गदर्शन करना जारी रखेंगे। जयवर्धने ने एमआई जूनियर 2026 फाइनल्स के दौरान कहा, उन्होंने काफी मेहनत की है। पिछले सप्ताह उन्होंने अपने कौशल पर काफी काम किया और अभ्यास शिविर के पहले दिन से ही हमारे साथ जुड़ गए। नेट सत्र में वह लय में दिख रहे हैं। उन्होंने कहा, यह रोहित का नया रूप है (काफी फिट और पूरी तरह समर्पित)। मैं उनसे आगे बढ़कर नेतृत्व करने की उम्मीद कर रहा हूं। जयवर्धने ने सूर्यकुमार यादव की भी तारीफ करते हुए कहा कि भारतीय टी-20 कप्तान अपनी व्यक्तिगत फॉर्म को लेकर चिंतित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि -0 विश्व कप में टीम को रिकॉर्ड तीसरा खिताब दिलाने में सूर्यकुमार की कप्तााानी सराहनीय रही। उन्होंने कहा, सूर्यकुमार को अपनी फॉर्म की ज्यादा चिंता नहीं है।

## धोनी शीर्ष छह में बल्लेबाजी करें या फिर हट जाएंः एबी डिविलियर्स

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने बेबाक राय देते हुए कहा कि महेंद्र सिंह धोनी को आईपीएल में शीर्ष छह में बल्लेबाजी करनी चाहिए, क्योंकि आठवें या नौवें नंबर पर आने से उनकी मौजूदगी के साथ न्याय नहीं होता। धोनी 44 साल के हो चुके हैं और 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में सीएसके के लिए खेलेंगे और डिविलियर्स ने इस करिश्माई खिलाड़ी से पिछले कुछ वर्षों में बल्लेबाजी क्रम में बहुत नीचे खेलने की रणनीति को बदलने की अपील की। आगामी आईपीएल सत्र में सीएसके में धोनी की भूमिका पर बात करते हुए डिविलियर्स ने कहा कि यह बहुत मुश्किल है और सीधा-सीधा मामला नहीं है। ब्रांड बनने में वर्षों लगते हैं और सीएसके ने धोनी की शख्सियत के साथ कई वर्षों में यह साम्राज्य खड़ा किया है, जो हमेशा से वहां मौजूद रहे हैं। जब आप



सीएसके का नाम लेते हैं, तो तुरंत आपके दिमाग में धोनी का नाम आता है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में उनकी भूमिका पूरी तरह से उस ब्रांड को जितना हो सके उतना मजबूत बनाए रखने की रही है। इसीलिए मुझे आठ या नौ नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए उनकी कोई भूमिका नजर नहीं आती और ना ही वह पिछले सत्र की तरह कुछ खास कर पा रहे हैं।

## आईपीएल से पहले टीमों को झटका


**हर्षित राणाः** केकेआर के तेज गेंदबाज हर्षित राणा पिछले महीने हुई घुटने की सर्जरी से उबर रहे हैं और वह आईपीएल के अधिकतर मैचों से बाहर रह सकते हैं। बीसीसीआई ने अभी तक उनकी वापसी के लिए कोई समयसीमा तय नहीं की है। राणा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के टी-20 विश्व कप के अभ्यास मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। वह अभी रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं।



**जोश हेजलवुडः** गत चैंपियन आरसीबी तेज गेंदबाज हेजलवुड के बिना अभियान की शुरुआत करने के लिए तैयार नजर आ रही है, जो फिलहाल चोट से उबरने की प्रक्रिया में हैं। 2026 में वह अपनी फ्रेंचाइजी के लिए शुरुआती दो मैच नहीं खेल सकेंगे।



**पेट कमिंसः** देर से आने वाले खिलाड़ियों की सूची में हेजलवुड के साथ एक और ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस का नाम भी जुड़ने की संभावना है। उम्मीद है कि कमिंस भी सनराइजर्स हैदराबाद के शुरुआती कुछ मैच नहीं खेल पाएंगे। जुलाई में लगी पीठ की हल्की चोट से उबरने के लिए कमिंस रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे थे।



## खेल एक नजर

### विश्व कप से पहले मैत्री मैचों के लिए नेमार ब्राजील टीम से बाहर

**रियो डी जनेरियो, जेएनएन।** स्टार स्ट्राइकर नेमार को इस महीने अमेरिका में होने वाले मैत्री मैचों के लिए ब्राजील की फुटबॉल टीम में नहीं चुना गया है, जिससे उनके विश्व कप में खेलने को लेकर संदेह पैदा हो गया है। ब्राजील के पूर्व कप्तान 34 साल के नेमार अक्टूबर 2023 में चोटिल होने के बाद से पूर्ण फिटनेस हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ब्राजील 26 मार्च को बोस्टन में फ्रांस के खिलाफ और चार दिन बाद ऑरलैंडो में क्रोएशिया के खिलाफ मैत्री मैच खेलेगा। ब्राजील के कोच कार्लो एंसेलोटी ने सोमवार को कहा कि यह एक ऐसी टीम है, जिसमें उन खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जो पूरी तरह से फिट हैं। ब्राजीली लीग में सैंटोस और कोरिनथियंस के बीच 1-1 से ड्रॉ रहे मैच में नेमार का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। नेमार ने साओ पाउलो में एक कार्यक्रम में मीडिया से कहा कि दो मैत्री मैचों के लिए ब्राजील की टीम में शामिल न होने से वह दुखी और निराश हैं, लेकिन उन्हें अभी उम्मीद है कि वह विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने में सफल रहेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा पूरा ध्यान हर अभ्यास सत्र और हर मैच में अच्छा प्रदर्शन करने पर है। विश्व कप टीम की घोषणा 18 मई को की जाएगी। टीम का आखिरी अभ्यास मैच 31 मई को रियो डी जनेरियो में पनामा के खिलाफ होगा।



## मैदान से हटकर

### एनिवर्सरी पर जसप्रीत बुमराह ने लिखा दो शब्द का कैप्शन


भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने हाल ही अपनी शादी की पांचवीं सालगिरह मनाई। इस खास मौके पर उन्होंने अपनी पत्नी और स्पोर्ट्स प्रेजेंटर संजना गणेशन के साथ इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा कीं। हालांकि, बुमराह का कैप्शन सिर्फ दो शब्दों का था 'हैप्पी एनिवर्सरी', जिसे लेकर सोशल मीडिया पर मजेदार माहौल बन गया। संजना ने भी इस पोस्ट पर मजाकिया अंदाज में जवाब देते हुए लिखा, यार दिल छू लेने वाला कैप्शन है। उनका यह कमेंट फैंस को काफी पसंद आया और सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद संजना ने भी बुमराह के साथ अपनी कुछ तस्वीरें साझा कीं और एक भावुक कैप्शन लिखा। उन्होंने कहा कि चाहे जिंदगी उन्हें कहीं भी ले जाए या दुनिया कितनी भी शोर क्यों न करे, उनके लिए सबसे खास चीज हमेशा उनका साथ और एक-दूसरे का प्यार रहेगा। उन्होंने लिखा कि पांच साल अपने सबसे अच्छे दोस्त के साथ शादीशुदा जिंदगी बिताना उनकी सबसे पसंदीदा कहानी है। हाल ही में टी-20 विव कप के फाइनल में भी बुमराह ने शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने चार ओवर में चार विकेट लेकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर लगातार दूसरा टी-20 विश्व कप खिताब अपने नाम किया। बुमराह इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में शामिल रहे, जहां उनके साथ वरुण चक्रवर्ती भी संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहे।
(जेएनएन)





## दूसरे टी-20 में कीवियों ने दक्षिण अफ्रीकी टीम को 68 रन से हराया

# न्यूजीलैंड ने टी-20 में दक्षिण अफ्रीका को दी सबसे बड़ी हार, सीरीज बराबर की




**जेएनएन, हैमिल्टन**

सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे ने 60 रन की आकर्षक पारी खेली, जबकि तेज गेंदबाज बेन सीयर्स और लॉकी फर्ग्यूसन ने तीन-तीन विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने मंगलवार को दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को 68 रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। यह न्यूजीलैंड की दक्षिण अफ्रीका पर सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले उसने दक्षिण अफ्रीका को 32 रन से हराया था। प्लेयर ऑफ द मैच कॉनवे की 49 गेंद की पारी में पांच चौके और दो छक्के शामिल हैं। उनके अलावा अन्य बल्लेबाजों ने भी उपयोगी योगदान दिया, जिसमें जोश क्लर्कसन नाबाद 26 रन बनाकर दूसरे बड़े स्कोरर रहे। इससे न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 175 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 15.3 ओवर में 107 रन पर आउट हो गई। उसके बल्लेबाजों को पिच की गति और उछाल से सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई। उनकी टाइमिंग सही नहीं थी, जिसके कारण उसके सभी बल्लेबाज कैच आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका ने अपने आखिरी छह विकेट 40 रन पर गंवाए। जॉर्ज लिंडे की तूफानी पारी के दम पर ही वह 100 रन की संख्या पार कर पाया। लिंडे ने 12 गेंदों में तीन चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 33 रन बनाए। हाल ही में टी-20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के रिजर्व खिलाड़ी रहे सियर्स ने 14 रन देकर तीन, जबकि फर्ग्यूसन ने 16 रन देकर तीन विकेट लिए। तीसरा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच शुक्रवार को ऑकलैंड में खेला जाएगा।

## मंधाना वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार, हरमनप्रीत को फायदा

**दुबई, जेएनएन।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ सातवें पायदान पर पहुंच गई हैं, जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना शीर्ष स्थान पर कायम हैं। रैंकिंग में यह बदलाव न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सोफी डिवाइन के दो स्थान फिसलकर नौवें नंबर पर आने के बाद हुआ। भारत की जेमिमा रोड्रिग्स 12वें स्थान पर बरकरार हैं। न्यूजीलैंड की बल्लेबाज मैडी ग्रीन ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 'आईसीसी महिला चैंपियनशिप सीरीज' के अंतिम मैच में 94 रनों की शानदार पारी खेलकर रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। 33 वर्षीय ग्रीन की डुनेडीन में खेली गई 73 गेंदों की पारी की बदौलत उनकी टीम ने 200 रन से जीत दर्ज करते हुए सीरीज में 3-0 से सूपड़ा साफ किया। इस प्रदर्शन से वह पांच स्थान ऊपर चढ़कर 610 रेटिंग अंकों के साथ 17वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। न्यूजीलैंड की हरफनमौला अमेलिया केर ने आखिरी वनडे में शानदार प्रदर्शन करते हुए 80 रन बनाने के



साथ 22 रन देकर पांच विकेट झटके और प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार अपने नाम किया। इस बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया। इस प्रदर्शन से केर 21वें स्थान से संयुक्त 19वें स्थान पर पहुंच गई हैं। और बल्लेबाजी तथा गेंदबाजी दोनों में 600 से अधिक रेटिंग अंक हासिल किए हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में न्यूजीलैंड की इसाबेल गेज भी तीन स्थान की छलांग लगाकर 61वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

### सलमान आगा का रनआउट नियमों के तहतः एमसीसी

**लंदन, जेएनएन।** क्रिकेट नियमों के संरक्षक मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने कहा है कि तीन मैचों की सीरीज के दूसरे वनडे में पाकिस्तान के सलमान अली आगा को बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज द्वारा गेंदबाजी छोर पर रनआउट किया जाना नियमों के तहत पूरी तरह सही फैसला था। यह विवादित घटना 39वें ओवर में हुई जब मोहम्मद रिजवान ने गेंद को सीधे गेंदबाज की ओर खेला। मेहदी से हल्की टक्कर के बाद आगा गेंद को 'डेड' समझते हुए क्रीज से बाहर निकलकर गेंद उठाने के लिए झुके, लेकिन मेहदी ने गेंद उठाकर स्टंप्स पर मार दी। उस समय आगा क्रीज से काफी बाहर थे। एमसीसी ने कहा, नियमों के अनुसार अंपायर के पास कोई दूसरा विकल्प नहीं था। नॉन-स्ट्राइकर (गेंदबाजी छोर के पास खड़ा बल्लेबाज) स्पष्ट रूप से क्रीज से बाहर था। जब गेंद को विकेट पर थ्रो किया गया, तब वह खेल का हिस्सा था। ऐसे में यह आउट था।

## ओलंपिक में चार दिन पहले शुरू हो जाएंगे फुटबॉल मैच

**लॉस एंजिलिस, जेएनएन।** लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में पुरुषों और महिलाओं के फुटबॉल मैच उद्घाटन समारोह से चार दिन पहले शुरू होंगे और इन्हें अमेरिका के सात शहरों में आयोजित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) ने जो कार्यक्रम तैयार किया है उसके अनुसार शुरुआत से ही टीमों को पिछले ओलंपिक की तुलना में विश्राम के लिए दो अतिरिक्त दिवस मिलेंगे। ओलंपिक में फुटबॉल के मैच 10 जुलाई से शुरू होंगे। इसके ग्रुप चरण और क्वार्टर फाइनल के मैच न्यूयॉर्क, कोलंबस, ओहियो, नैशविले, टेनेसी और सेंट लुई में खेले जाएंगे। नॉकआउट राउंड के बाकी मैच कैलिफोर्निया के सैन जोस, सैन डिएगो और पासाडेना में होंगे। स्वर्ण पदक के लिए होने वाला मैच रोज बाउल स्टेडियम में खेला जाएगा। इसी स्टेडियम में 1994 का पुरुष विश्व कप का फाइनल, 1999 का महिला विश्व कप का फाइनल और 1984 के ओलंपिक खेलों का स्वर्ण पदक का मैच आयोजित किया गया था। टूर्नामेंट का विस्तृत कार्यक्रम इस साल के आखिर में जारी किया जाएगा।

## ऑस्ट्रेलिया एशियाई कप के फाइनल में

**पर्थ, जेएनएन।** सैम केर के दूसरे हाफ में दागे गोल की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को गत चैंपियन चीन को 2-1 से हराकर महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। मध्यांतर तक मुकाबला 1-1 से बराबर था, जिसके बाद चेल्सी की अनुभवी फारवर्ड केर ने 58वें मिनट में बाएं पैर से शॉट लगाकर गोल दागकर स्कोर 2-1 किया, जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। इससे पहले केटलिन फूर्ड ने 17वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिलाई थी, जबकि चीन ने 26वें मिनट में पेनल्टी पर दागे झांग लिनयेन के गोल से बराबरी हासिल की। ऑस्ट्रेलिया की टीम फाइनल में जापान और दक्षिण कोरिया के बीच बुधवार को होने वाले सेमीफाइनल की विजेता टीम से भिड़ेगी।

केर के गोल से गत चैंपियन चीन को 2-1 से शिकस्त दी



### ऑस्ट्रेलिया में शरण लेने वाली ईरान की महिला खिलाड़ियों ने शुरू की प्रैक्टिस

**ब्रिस्बेन, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया में शरण लेने वाली ईरान की महिला फुटबॉल टीम की दो खिलाड़ियों ने ब्रिस्बेन में एक पेशेवर क्लब के साथ अभ्यास शुरू कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया में शरण लेने के बाद यह पहला अवसर है, जबकि वह सार्वजनिक रूप से सामने आई हैं। ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित ए-लीग महिला घरेलू प्रतियोगिता में खेलने वाली टीम ब्रिस्बेन रोर ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिनमें ईरान की खिलाड़ी फातिमेह पसंदिदेह और अतेफेह रामेजानीसादेह को क्लब की महिला टीम के साथ दिखाया गया है, जिसमें उन्होंने क्लब की जर्सी पहन रखी है और वे मुस्कुरा रही हैं। यह तस्वीर ऐसे समय में सामने आई है, जब ईरान की टीम के बाकी सदस्य मलेशिया से ओमान के लिए रवाना हो गए।

### आकर्षी ने ऑरलियन्स मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया

**ऑरलियन्स, जेएनएन।** भारत की आकर्षी कश्यप ने मंगलवार को ऑरलियन्स मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वालिफाइंग दौर में दो जीत दर्ज करते हुए महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 63वें स्थान पर काबिज आकर्षी ने पहले मुकाबले में हमवतन श्रीयांशी वलीशेट्टी को 21-19, 17-21, 21-13 से हराया और फिर अगले मैच में ताइपे की ली वाई एच को 21-17, 21-19 से मात दी। पुरुष एकल के क्वालिफाइंग राउंड में एस सुब्रमणियन को मलेशिया के ली जी जिया से 12-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। महिला युगल में, भारतीय जोड़ी अश्विनी भट के और शिखा गौतम को रुई हिरोकामी और सायका होबारा की जापान की जोड़ी के खिलाफ वॉकओवर मिला।

## स्मिथ व वॉर्नर सहित कई ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी खेलेंगे लीग में

# पीएसएलः पाक ने विदेशी खिलाड़ियों की सुरक्षा चिंताओं को किया खारिज


**कराची, जेएनएन।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पीएसएल में शामिल होने वाले विदेशी खिलाड़ियों की सुरक्षा और यात्रा प्लान को लेकर चिंताओं को पूरी तरह खारिज कर दिया है। गल्फ क्षेत्र में लगातार तनाव बढ़ रहा है, जिससे विदेशी खिलाड़ियों, विशेषकर ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की चिंता बढ़ गई है। पीएसएल का 11वां सीजन 26 मार्च से शुरू हो रहा है। पीसीबी सूत्र ने उन खबरों का खंडन किया है, जिनमें कहा गया था कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और पड़ोसी अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान के सीमा विवाद के कारण ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को देश की यात्रा करने में हिचकिचाहट है। सूत्र ने कहा, सभी यात्रा व्यवस्थाएं और योजनाएं पूरी हो चुकी हैं और पीएसएल के 11वें सीजन के लिए अनुबंध करने वाले सभी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी अगले सप्ताह से आना शुरू कर देंगे। हाल ही में मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने खिलाड़ियों को पेशावर की यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। पीएसएल के लिए स्टीव स्मिथ, डेविड वॉर्नर, एडम जांपा, पीटर सिडले, आरोन हार्डी, मार्नस लाबुशेन, एश्टन टर्नर, जैक फ्रेजर मैकगर्क, जोश फिलिप, रिले मेरेडिथ और बेन मैकडेरमॉट जैसे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने करार किया है।



# फुटबॉल विश्व कपः अपने मैच अमेरिका से मेक्सिको स्थानांतरित करना चाहता है ईरान

**मेक्सिको सिटी, जेएनएन।** मेक्सिको स्थित ईरान के दूतावास ने मंगलवार को कहा कि ईरान अपने विश्व कप मैचों को अमेरिका से मेक्सिको स्थानांतरित करने के लिए फीफा से बातचीत कर रहा है। यह कदम उस समय सामने आया है, जब सह मेजबान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए ईरान को टूर्नामेंट में भाग लेने से हतोत्साहित किया। फीफा की ओर से अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि इस तरह की कोई औपचारिक बातचीत चल रही है या नहीं। फीफा ने इस मामले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। ईरान के अधिकारियों ने पहले कहा था कि विश्व कप के दौरान टीम की सुरक्षा सुनिश्चित करना फीफा और अमेरिका की जिम्मेदारी है। दूतावास ने ईरान फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मेहदी ताज के हवाले से बयान जारी करते हुए कहा कि खिलाड़ी और अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ईरान अपने ग्रुप चरण के मैच मेक्सिको में कराना चाहता है। इस बयान के मुताबिक, जब ट्रंप ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वह ईरान की राष्ट्रीय टीम की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकते, तो हम निश्चित रूप से अमेरिका की यात्रा नहीं करेंगे। हम वर्तमान में फीफा के साथ बातचीत कर रहे हैं कि विश्व कप में ईरान के मैच मेक्सिको में आयोजित किए जाएं। यह विश्व कप अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको की संयुक्त मेजबानी में आयोजित हो रहा है। ईरान को 16 जून को न्यूजीलैंड और 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ कैलिफोर्निया के इंगलवुड में मैच खेलने हैं, जबकि 26 जून को सिएटल में मिस्र के खिलाफ ग्रुप चरण का अंतिम मुकाबला निर्धारित है। विश्व कप शुरू होने से तीन महीने से भी कम समय पहले मैचों का स्थान बदलना अभूतपूर्व कदम होगा। ट्रंप ने पिछले सप्ताह कहा था कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बावजूद ईरान टीम का स्वागत है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि अपने जीवन और सुरक्षा के लिए उनका वहां होना उचित है।





मार्च का दूसरा सप्ताह बीतने के बाद मौसम करवट ले रहा है। उत्तराखंड के चमोली में ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढके पहाड़।

# नाटो देशों की मदद की न तो जरूरत, न ही इच्छा: ट्रंप

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच जारी जंग को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दावा किया है कि अमेरिका को उसके अधिकांश नाटो सहयोगियों से यह जानकारी मिली है कि वे ईरान के खिलाफ चल रहे अमेरिकी सैन्य अभियान में शामिल नहीं होना चाहते। ट्रंप ने कहा कि इसके बावजूद लगभग हर देश इस बात से सहमत है कि ईरान को किसी भी हालत में परमाणु हथियार हासिल करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। ट्रंप ने कहा कि उन्हें नाटो देशों के इस रुख से कोई हैरानी नहीं है। उन्होंने कहा, अमेरिका हर साल सैकड़ों अरब डॉलर खर्च कर इन देशों की सुरक्षा करता है, लेकिन जरूरत में ये कुछ नहीं करते। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने हमेशा नाटो देशों की रक्षा की, लेकिन बदले में सहयोग नहीं मिला।



**ईरान की सैन्य ताकत खत्म करने का दावा:** ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान की सैन्य क्षमता को पूरी तरह तबाह कर दिया है। उन्होंने कहा कि ईरान की नौसेना, वायुसेना, एंटी-एयरक्राफ्ट सिस्टम और रडार सिस्टम खत्म हो चुके हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरान के लगभग हर स्तर के नेता अब नहीं रहे, ताकि वे अमेरिका, उसके मध्य-पूर्वी सहयोगियों या दुनिया को दोबारा धमकी न दे सकें। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को मिली सैन्य सफलता के बाद उसे अब नाटो देशों की किसी मदद की न जरूरत है और न ही इच्छा। उन्होंने जोर देकर कहा, हमें उनकी कभी जरूरत थी ही नहीं। ट्रंप ने यह बात केवल नाटो तक सीमित नहीं रखी और कहा कि जापान, ऑस्ट्रेलिया या दक्षिण कोरिया की मदद की भी अमेरिका को जरूरत नहीं है।

### इराक का तेल निकालने की मंजूरी : तेल मंत्री

इराकी तेल मंत्री के अनुसार, ईरान ने इराक को होर्मुज स्ट्रेट से तेल टैंकर भेजने की मंजूरी दी है। यह निर्णय, अस्थायी राहत के रूप में आया है, इराक को आंशिक रूप से तेल निर्यात फिर से शुरू करने, घरेलू ऊर्जा आपूर्ति स्थिर करने में मदद करेगा। इराक तेल उत्पादन क्षमता का एक-चौथाई हिस्सा को बचाने और निर्यात फिर से शुरू करने का प्रयास कर रहा है।

## दुश्मनों के खिलाफ कार्रवाई नहीं रुकेगी: ईरान

इस बीच ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि पहले अमेरिका और इजराइल से हिसाब लिया जाएगा, उसके बाद ही शांति की बात की जाएगी। उन्होंने कहा कि ईरान अपने दुश्मनों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखेगा और मौजूदा संघर्ष जल्द थमने वाला नहीं है। इस बीच इजराइल ने दावा किया है कि उसने ईरान के सिक्योरिटी चीफ अली लारीजानी को मार गिराया है। हालांकि, इस दावे की ईरान की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुजरात में यूसीसी लागू करने की तैयारी

**अहमदाबाद, जेएनएन।** उत्तराखंड के बाद अब भाजपा सरकार गुजरात ने भी यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने की तैयारी में है। विशेषज्ञ समिति ने अंतिम रिपोर्ट मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को सौंप दी है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार मौजूदा बजट सत्र के दौरान विधानसभा में यूसीसी बिल पेश कर सकती है। इसमें शादी, तलाक और लिव-इन रिलेशनशिप के लिए खास प्रावधान शामिल होंगे। पांच सदस्यीय इस समिति का गठन 4 फरवरी 2025 को किया गया था, जिसकी अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रंजना देसाई कर रही थीं। समिति ने राज्यभर में सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक पक्षों से विचार-विमर्श करने के बाद अपनी सिफारिशें और ड्राफ्ट कानून मुख्यमंत्री को उनके आवास पर सौंप दिया।




### पाक हमले से काबुल में 408 लोग मारे गए

**काबुल, जेएनएन।** अफगानिस्तान सरकार के अनुसार, काबुल में एक नशामुक्ति केंद्र पर हुए पाकिस्तानी हवाई हमले में कम से कम 408 लोगों की मौत हुई है और 265 लोग घायल हुए हैं। यह हमला सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब 9 बजे काबुल के 'ओमिद एडिक्शन ट्रीटमेंट हॉस्पिटल' पर हुआ, जो कि एक 2,000 बिस्तरों वाला केंद्र था। अफगान आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी ने पुष्टि की कि इस हमले में 408 नागरिक मारे गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, परिसर में तीन बम धमाके हुए, जिससे वहां भीषण आग लग गई। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने इन आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया है।



### रील बना रहे युवक से चली गोली, मौत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली के न्यू अशोक नगर इलाके के दल्लूपुरा में रील बना रहे एक युवक ने खुद को गोली मार ली। सोशल मीडिया के लिए रील बनाने के दौरान 28 वर्षीय पवन कुमार की अपनी ही गोली लगने से मौत हो गई। हादसा सोमवार को पूर्वी दिल्ली के दल्लूपुरा इलाके में हुआ। पवन चचेरे भाई हिमांशु की लाइसेंसी पिस्टल के साथ रील बना रहा था। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि पवन पिस्टल में मैगजीन डालकर लोड करता है। रील के दौरान उसने पिस्टल को सीने के बाईं ओर रखा और ट्रिगर दबा दिया, जिससे गोली चल गई। वीडियो बना रहा उसका भाई हिमांशु उसे टोक रहा था और कह रहा था, चलाना मत भाई। पवन को लगा कि पिस्टल लॉक है, लेकिन वह लॉक नहीं हुई और फायर हो गया?



### यूरोप और कनाडा के लिए एअर इंडिया की 36 उड़ानें

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एअर इंडिया ने पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के कारण हवाई यात्रा के विकल्पों में आई कमी और अंतरराष्ट्रीय यात्रा की बढ़ती मांग को देखते हुए 19 मार्च से 28 मार्च के बीच यूरोप और कनाडा के लिए 36 अतिरिक्त उड़ानें संचालित करने की घोषणा की है। ये उड़ानें पांच महत्वपूर्ण रूटों दिल्ली-लंदन (हीथ्रो), मुंबई-लंदन (हीथ्रो), दिल्ली-फ्रैंकफर्ट, दिल्ली-ज्यूरिख, दिल्ली-टोरंटो के बीच उड़ान भरेंगी। इन 36 अतिरिक्त उड़ानों के माध्यम से कुल 10,012 अतिरिक्त सीटें उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे पहले एअर इंडिया ने 10 से 18 मार्च के बीच 9 मार्गों पर 78 अतिरिक्त उड़ानें भी संचालित की थीं।

# टीएमसी ने काटे 74 विधायकों के टिकट, ममता-सुवेंदु फिर भिड़ेंगे

## भाजपा नेता ने पिछली बार नंदीग्राम में सीएम को हराया था, इस बार भबानीपुर में टक्कर

**कोलकाता/तिरुवनंतपुरम/चेन्नई, जेएनएन।** टीएमसी ने मंगलवार को प. बंगाल विधानसभा चुनाव की कुल 294 सीटों में से 291 पर उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया। बाकी 3 सीटें सहयोगी बीजीपीएम को दी हैं। ममता ने 74 विधायकों (एक तिहाई) के टिकट काट दिए हैं। 15 विधायकों की सीटें बदली गई हैं। ममता बनर्जी भबानीपुर से चुनाव लड़ेंगी। उनका मुकाबला भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी से होगा। 2021 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में सुवेंदु ने ममता को नंदीग्राम सीट पर हरा दिया था। ममता ने कहा, मैं भाजपा से कहना चाहती हूं कि आप डर क्यों रहे हैं। अगर लड़ना है तो गैस संकट पैदा मत कीजिए। मैदान में आकर सही तरीके से मुकाबला कीजिए। ममता ने सेलिब्रिटी चेहरों से दूरी बनाई। जमीनी नेता और कार्यकर्ताओं पर ज्यादा भरोसा जताया। 2021 में 15 सेलिब्रिटी को टिकट दिया था। इस बार 2 सेलिब्रिटीज को टिकट मिला है। लिस्ट में 52 महिलाएं हैं। 47 उम्मीदवार अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। 40 साल से कम उम्र के 42 उम्मीदवारों को टिकट मिला। लिस्ट में 95 कैंडिटेट्स एससी/एसटी कैंडिडेंट्स हैं।



### तीन बार से ममता बनर्जी ही सीएम

14 साल से सीएम ममता के सामने भाजपा मुख्य चुनौती है। 2026 के चुनाव में टीएमसी जीती तो ममता बनर्जी लगातार चौथी बार मुख्यमंत्री बनेंगी। वे ऐसा करने वाली देश पहली महिला होंगी। जयललिता के नाम 5 बार तमिलनाडु की मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड है। हालांकि, वह 1991 से 2016 तक अलग-अलग कार्यकाल (लगातार नहीं) में मुख्यमंत्री पद पर रहीं।

### केरलम: कांग्रेस का 55 उम्मीदवारों का ऐलान

कांग्रेस ने आगामी केरलम विधानसभा चुनाव के लिए 55 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। राज्य पार्टी अध्यक्ष सनी जोसेफ को पेरावूर सीट से, वीडी सतीसन को परवूर से, चांडी ओम्मन को पुथुपल्ली से, रमेश चेन्निथला को हरिपद से, राम्या हरिदास को चिरयिनकीझु से और के मुरलीधरन को वट्टियूरकावु सीट से मैदान में उतारा गया है।

### चुनाव आयोग ने शानदार खेल दिखाया: ममता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कोलकाता में कहा, उम्मीदवारों की सूची घोषित करने से पहले, मैं बंगाल की जनता का धन्यवाद करती हूं। मैं मां माटी मानुष बंग्लार संस्कृति सभी को समर्पित करती हूं। चुनाव आयोग ने शानदार खेल दिखाया। भाजपा के पास कोई मौका नहीं है। इस बार आपकी सीटें पिछली बार के मुकाबले कम होंगी। यह पश्चिम बंगाल के अस्तित्व की लड़ाई है। बंगाल जीतेगा। 'दिल्ली का लड्डू' नहीं जीतेगा।

### आयोग ने 19 वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का किया तबादला

निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव से पहले एक और फेरबदल करते हुए प. बंगाल में एडीजी, एसपी, और आयुक्तों समेत 19 वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का तबादला करने का आदेश दिया। बयान के अनुसार, आईपीएस अधिकारी राजेश कुमार सिंह को दक्षिण बंगाल का नया एडीजी नियुक्त किया गया है, जबकि के. जयरमन को उत्तर बंगाल का एडीजी बनाया गया है। दोनों 1997 बैच के अधिकारी हैं। आसनसोल-दुर्गापुर, हावड़ा, बैरकपुर और चंदननगर के लिए नए पुलिस आयुक्तों की नियुक्ति की गई है।

**12 जिलों के एसपी बदले:** वहीं 12 जिलों के पुलिस अधीक्षकों का भी तबादला किया गया है। पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को होंगे। मतगणना चार मई को होगी।

# हिमाचल में नेताओं की सैलरी में 20 फीसदी कट, सुविधाएं रोकीं

### वीआईपी कल्चर पर वार 'कैबिनेट रैंक' किया खत्म

**शिमला, जेएनएन।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने 'कैबिनेट रैंक' के दर्जे को वापस ले लिया है। अब बोर्ड, निगम और आयोगों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रधान सलाहकार और अन्य अधिकारियों के पास कैबिनेट रैंक नहीं रहा। इसे लेकर मंगलवार को आदेश जारी कर दिए है। सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशों के मुताबिक-इनके वेतन का 20 फीसदी हिस्सा भी 30 सितंबर 2026 तक कट जाएगा। सरल भाषा में समझें तो यदि किसी नेता को अभी 2.50 लाख रुपए मासिक सैलरी मिल रही है तो उन्हें अब 2 लाख रुपए मिलेंगे। राज्य में कैबिनेट रैंक वाले नेताओं की मासिक सैलरी 2 से 2.50 लाख रुपए के बीच है। कैबिनेट रैंक वापसी को लेकर सरकार ने सभी प्रशासनिक सचिवों को कह दिया है कि वे इन निर्देश को अपने-अपने विभागों व संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाएं और आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाए।

**इन नेताओं को दे रखा था 'कैबिनेट रैंक':** सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य वन निगम में केहर सिंह खाची, प्रधान मीडिया सलाहाकार नरेश चौहान, पॉलिटिकल एडवाइजर सुनील कुमार बिट्टू, राज्य योजना बोर्ड में भवानी सिंह पठानिया, राज्य पर्यटन निगम में आरएस बाली, 7वें वित्त आयोग में चेयरमैन नंदलाल और सीएम के आईटी सलाहाकार गोकुल बुटेल को कैबनेट रैंक दे रखा है।

नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा में दिए संकेत

## सम्राट चौधरी हो सकते हैं बिहार के नए मुख्यमंत्री

**पटना, जेएनएन।** राज्यसभा चुनाव में जीत के बाद की पहली समृद्धि यात्रा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को अपने उत्तराधिकारी के बारे में संकेत दे दिया। उनकी सभा बैजानी में थी। नीतीश ने सरकार की उपलब्धियां गिनाई। एनडीए नीति केंद्र सरकार के सहयोग का बखान करते हुए लोगों को भरोसा दिया कि राज्य में आगे भी सबकुछ अच्छा रहेगा। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने भीड़ से हाथ उठाने का आग्रह किया। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और संसदीय कार्य मंत्री मंच पर अगल-बगल में खड़े थे। अन्य नेता भी खड़े थे।



**पीठ पर रखा हाथ, दूसरा हाथ हवा में लहराया:** मुख्यमंत्री मंच पर तेज कदम बढ़ाते हुए बढ़े। कई नेताओं को किनारे करते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पास पहुंचे। उनकी पीठ पर एक हाथ रखा। दूसरा हाथ हवा में लहरा दिया। सम्राट के दोनों हाथ जुड़ गए। भीड़ ने भीड़ से सम्राट चौधरी जिंदाबाद का नारा बुलंद किया। सम्राट के बगल में विजय चौधरी खड़े थे। इस सभा में एक तरह से नीतीश ने अपने उत्तराधिकारी का साफ संकेत दिया। भीड़ से उस पर मुहर भी लगवा दी। संयोग यह कि मंच का संचालन कर रही महिला ने भी सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री कह कर संबोधित किया। प्रायः सभी समृद्धि यात्रा में सीएम नीतीश कुमार के साथ सम्राट चौधरी जाते रहे हैं, लेकिन राज्यसभा के लिए नामांकन के बाद की समृद्धि यात्रा के हरेक मंच पर सम्राट को पहले की तुलना में अधिक तरजीह मिल रही है। इससे पहले, सीमांचल की समृद्धि यात्रा में भी नीतीश ने सम्राट की पीठ पर हाथ रखकर भीड़ का अभिवादन करवाया था।

राहुल के खिलाफ 204 अफसरों का पत्र

## संसद परिसर में आचरण नियमों के खिलाफ

**नई दिल्ली, जेएनएन।** 204 रिटायर्ड सैन्य अधिकारी, आईएएस, आईपीएस और वकीलों ने राहुल गांधी को ओपन लेटर लिखकर देश से माफी मांगने को कहा है। उन्होंने लिखा कि 12 मार्च को संसद परिसर में किया गया विरोध संसदीय नियमों और संसद की गरिमा के खिलाफ था।

ओपन लेटर में कहा गया कि संसद परिसर में प्रदर्शन या विरोध न करने को लेकर स्पीकर की ओर से पहले ही निर्देश जारी किए गए थे। इसके बावजूद राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में विरोध किया। लेटर में आगे कहा कि राहुल गांधी कुछ सांसदों के साथ संसद की सीढ़ियों पर बैठकर चाय और बिस्कुट लेते हुए विरोध करते दिखाई दिए। यह संसदीय अधिकार और संसद की मर्यादा की अनदेखी है। संसद की सीढ़ियां राजनीतिक प्रदर्शन का मंच नहीं हैं। दरअसल, 12 मार्च को विपक्ष ने एलपीजी संकट को लेकर सकार के खिलाफ प्रदर्शन किया था। इस दौरान राहुल गांधी कुछ सांसदों के साथ संसद की सीढ़ियों पर बैठे दिखाई दिए।

# ओडिशा में 3 कांग्रेसी विधायक निष्कासित

## राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग, हरियाणा में 5 विधायकों को नोटिस की तैयारी




**भुवनेश्वर/चंडीगढ़, जेएनएन।** ओडिशा में कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले तीन विधायकों को पार्टी से निकाल दिया है। पार्टी ने तीनों विधायकों को विधानसभा से अयोग्य घोषित करने के लिए स्पीकर को लेटर भी लिखा है। उधर, हरियाणा में कांग्रेस पांच विधायकों को नोटिस देने की तैयारी कर रही है। इस बीच हरियाणा कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष रामकिशन गुर्जर ने पार्टी छोड़ दी है। ओडिशा में कांग्रेस ने रमेश जेना, दशरथी गोमांगो और सोफिया फिरदौस को पार्टी से निकाला है। तीनों विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप राय के पक्ष में वोट दिया था। क्रॉस वोटिंग से कांग्रेस-बीजेडी के संयुक्त उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ा। दरअसल, दोनों राज्यों में कांग्रेस के कुल 8 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी। 16 मार्च को 11 सीटों पर हुए चुनाव में 9 सीटें एनडीए के खाते में गईं।

### राज्यसभा चुनाव: एनडीए ने 37 में से 22 सीटें जीतीं, 10 सीटों का फायदा

राज्यसभा चुनाव 2026 में एनडीए ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 37 में से 22 सीटों पर जीत दर्ज की है, जिससे उसे 10 सीटों का फायदा हुआ है। वहीं, कांग्रेस और विपक्षी दलों को 10 सीटों का नुकसान हुआ है। हरियाणा और ओडिशा में कांग्रेस विधायकों द्वारा क्रॉस वोटिंग के चलते कांग्रेस को झटका लगा है। हरियाणा की दो सीटों के लिए मतदान के दौरान 5 कांग्रेस विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की। भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल बहुत कम अंतर (0.66 वोट) से कांग्रेस के करमवीर सिंह बौद्ध से हार गए। भाजपा के संजय भाटिया और कांग्रेस के कर्मवीर सिंह बौद्ध ने जीत हासिल की। मतगणना के दौरान हरियाणा विधानसभा में रात तक हंगामा चलता रहा। कांग्रेस ने अनिल विज के वोट और भाजपा ने कांग्रेस के दो विधायकों के वोट रद्द करने की मांग की थी।

### ओडिशा में भाजपा का दबदबा

ओडिशा में भाजपा ने 3 सीटें (निर्दलीय दिलीप रे सहित) जीतीं, जबकि बीजू जनता दल को एक सीट मिली। क्रॉस वोटिंग के बाद कांग्रेस ने अपने 3 विधायकों को निलंबित कर दिया है। बिहार में 5 सीटों पर एनडीए ने सभी 5 उम्मीदवार जीत लिए। हरियाणा में कांग्रेस को क्रॉस वोटिंग के कारण नाक बचानी पड़ी, जबकि ओडिशा में कांग्रेस विधायकों की बगावत ने भाजपा को बड़ी सफलता दिलाई।

हल्का-फुल्का अंदाज

संसद में राजीव शुक्ला ने शिवराज सिंह चौहान की ली चुटकी

# 'अरे कितनी चमचागिरी भई, कुछ तो शांत हो जाओ'

**नई दिल्ली, जेएनएन।** संसद की कार्यवाही के दौरान अक्सर तीखी बहस और हंगामे की तस्वीरें सामने आती हैं, लेकिन कभी-कभी कुछ ऐसे हल्के-फुल्के पल भी आते हैं जो लंबे समय तक चर्चा में रहते हैं। ऐसा ही कुछ हुआ जब कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला विनियोग विधेयक पर अपनी बात रखने खड़े हुए। उन्होंने मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर अपने खास चुटीले अंदाज में ऐसा तंज कसा कि पूरा सदन और अब सोशल मीडिया ठहाकों से गूंज रहा है।

दरअसल, सांसद राजीव शुक्ला सदन में बोलने जा रहे थे, तभी सत्ता पक्ष के लोग शोर मचाने लगे, इस पर टोकते हुए राजीव शुक्ला ने कहा, अरे कितनी चमचागिरी भाई? कुछ तो शांत हो जाओ। आप कह रहे हैं कि आप मोदी जी को जानते हैं, तो मैं भी उन्हें 30 साल से जानता हूं। उन्हें इतनी तारीफ पसंद नहीं है जितनी आज यहां हुई है।



### ट्वीट वाली बात पर लगा ठहाका

राजीव शुक्ला यहीं नहीं रुके, उन्होंने तंज कसते हुए आगे कहा, आज मेरी समझ में आया कि मोदी जी को जब किसी का भाषण अच्छा लगता है, तो वह ट्वीट करके उसकी तारीफ करते हैं, लेकिन शिवराज जी, आप इतना लंबा-चौड़ा भाषण देते हैं, कम से कम 200 बार उनका नाम लिया होगा, फिर भी उन्होंने आज तक आपकी तारीफ में ट्वीट नहीं किया।

**इतिहास को लेकर घेरा:** शुक्ला ने शिवराज के उस दावे पर भी सवाल उठाए जिसमें उन्होंने 2014 के बाद ही सब कुछ होने की बात कही थी। उन्होंने कहा, शिवराज जी ने ऐसा कह दिया कि 2014 के पहले देश में न बिजली के खंभे थे, न रेल थी, न सड़क। अटल जी और देवगौड़ा जी भी प्रधानमंत्री रहे, क्या उनके जमाने में कुछ नहीं हुआ? सब 2014 के बाद ही हुआ?

### सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

इस चुटीले अंदाज वाले वीडियो को कांग्रेस के आधिकारिक हैंडल्स और मप्र कांग्रेस ने खूब शेयर किया है। लोग इस वीडियो पर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। यही नहीं, सदन में मौजूद पीठासीन अधिकारी रजनी अशोकराव पाटिल भी सांसद राजीव शुक्ला के इस बेबाक और मजाकिया अंदाज को देखकर मुस्कुराती नजर आईं।

### व्यवस्था में सुधार के लिए दिए सुझाव

आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने संसद में आम लोगों से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए वित्तीय व्यवस्था में सुधार के लिए तीन अहम सुझाव दिए। उन्होंने भाषण का शीर्षक आई डू नॉट ऑपोज, आई राइज टू प्रपोज रखा और कहा कि उनका उद्देश्य केवल विरोध करना नहीं बल्कि समाधान देना है। चड्ढा ने कहा कि देश की आर्थिक व्यवस्था को ज्यादा मानवीय और न्यायसंगत बनाने की जरूरत है। संसद में बोलते हुए चड्ढा ने कहा कि आम लोगों को कई रोजमर्रा की आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

दैनिक जागरण वर्गीकृत

जागरण क्लासीफाइड डबल धमाका
हमारा वादा, कम में ज्यादा
एक के साथ एक फ्री स्कीम
रनिंग क्लासीफाइड के साथ
भोपाल संस्करण ₹300/- संपूर्ण म.प्र. संस्करण ₹500/-
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें 9826065324
डिस्प्ले क्लासीफाइड ₹50/- per sqcm
Email : advtbhopaljagran@gmail.com

अण्डा
BHOPAL EGG RATE 415/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

सलाह
पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

### 20वां आवरी माता मेला 19 मार्च से लगेगा

**जागरण, नीमच।** जिले के चिंताखेड़ा के पास आरोग्य देवी महामाया आवरी माताजी के 20वें विशाल मेले की तैयारियां अब आखिरी दौर में हैं। यह 9 दिनों का उत्सव 19 से शुरू होकर 27 मार्च तक चलेगा। यह मेला न केवल मध्य प्रदेश के नीमच-मंदसौर बल्कि राजस्थान के प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ और गुजरात तक काफी मशहूर है। मेले की तैयारियों को लेकर मंगलवार को दुकानदारों को जगह बांट दी गई है, जिसके बाद से काफी चहल-पहल बढ़ गई है।

### झिरनिया के चार गांवों के 150 आदिवासी ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे

**जागरण, खरगोन।** जिले के आकांक्षी ब्लॉक झिरनिया में बिजली, पानी, सड़क और पुलिया जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहे चार गांवों के 150 से अधिक आदिवासी ग्रामीण मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया, जिसके बाद उन्हें जनपद स्तर से कार्रवाई का आश्वासन दिया। यह ग्रामीण मोहद, घोड़ी बुजुर्ग, अगसिया और अर्दला पालदा गांवों से आए थे।

### "ट्वीट ऑफ द डे"



आर अश्विन
पूर्व क्रिकेटर

सोशल मीडिया पर फैंस का बढ़ता असर भारतीय क्रिकेट के लिए चिंता की बात है। ऑनलाइन जो बातें लोग कहते हैं, उनमें से कई बातें वह पहले ही क्रिकेट से जुड़े लोगों से सुन चुके होते हैं। इसके अलावा 'सुपरस्टार कल्चर' की वजह से अब खिलाड़ियों की इमेज और ब्रांड पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है, जिससे खेल की असली अहमियत कम हो रही है। ये ट्रेंड चिंता बढ़ाने वाला है। कई बार बिजनेस और पीआर के कारण लोगों की सोच और बातें भी बदल जाती हैं, जो खेल के लिए ठीक नहीं है।

# तीन चक्रवातों से घिरा प्रदेश, दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय, आंधी-बारिश की संभावना

## उत्तर प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से लगे बॉर्डर पर बने हैं चक्रवात

**नगर संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश का मौसम एक बार फिर पलट सकता है। आने वाले दिनों में तेज बारिश और आंधी की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी अनुसार वर्तमान में मप्र के ऊपर तीन साटक्लोनिक सर्कुलेशन सक्रिय हैं। जबकि दो सर्कुलेशन हरियाणा और पंजाब में सक्रिय हैं। इस तरह कुल चक्रवातीय संचरण एक्टिव हैं। इसी के साथ उत्तर भारत और पाकिस्तान से लगे क्षेत्र में दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हैं। उक्त सभी सिस्टम मिलकर मध्य प्रदेश के साथ साथ राजस्थान और उत्तर प्रदेश में बारिश व आंधी ला सकते हैं। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 18 से लेकर 22 मार्च तक प्रदेश का मौसम बदल सकता है। इसमें कभी बारिश, कभी तेज हवाएं और कभी आसमान पर बादल छाए रह सकते हैं।

### दो शक्तिशाली पश्चिमी विक्षोभ

पहला सिस्टम भारत के हिमालयी क्षेत्र ऊपर के सक्रिय है, जो 5.8 किमी की ऊंचाई पर है। यह वर्तमान में उत्तर भारत के मौसम को प्रभावित कर रहा है। जबकि दूसरा सिस्टम ईरान/अफगानिस्तान के पास तैयार है। इसका मतलब है कि आने वाले दिनों में मौसम का एक और दौर आएगा।



**चक्रवातीय घेरे का जाल**

- **हरियाणा:** 1.5 किमी की ऊंचाई पर।
- **पश्चिमी राजस्थान और पाकिस्तान:** 1.5 किमी की ऊंचाई पर।
- **पूर्वी राजस्थान और उत्तर मध्य प्रदेश:** 0.9 किमी की ऊंचाई पर
- **उत्तर प्रदेश ( पूर्व और पश्चिम ):** 0.9 किमी की ऊंचाई पर।

**प्रदेश पर असर:** पूर्वी राजस्थान और उससे सटे उत्तर मध्य प्रदेश के ऊपर 0.9 किमी की ऊंचाई पर एक चक्रवातीय हवाओं का घेरा बना हुआ है। इसके प्रभाव से ग्वालियर-चंबल संभाग और भोपाल के आसपास के क्षेत्रों में बादलों की आवाजाही और नमी बढ़ सकती है। हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ऊपर भी हवा के कम दबाव के क्षेत्र बने हुए हैं, जिससे उत्तर भारत से आने वाली हवाएं मध्य प्रदेश के तापमान को प्रभावित करेंगी। ईरान की ओर से आ रहे एक और पश्चिमी विक्षोभ के कारण अगले 3-4 दिनों में उत्तर-पश्चिम भारत के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश की संभावना बन सकती है।

### ग्वालियर-चंबल में बादलों का असर और खरगौन सबसे गर्म

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क रहा, लेकिन ग्वालियर और चंबल संभाग में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बादल छाए रहे। खरगौन प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां पारा 38.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। भोपाल में अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से करीब 2.3 डिग्री सेल्सियस अधिक है। इंदौर, जबलपुर और उच्जैन में भी तापमान 35 से 37 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहा।

### उत्तरी मध्य प्रदेश में तेज हवाओं का दौर

ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सिंगरौली और रीवा जैसे जिलों में बादल छाए रहे। इस दौरान कहीं-कहीं 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। मौसम विज्ञानी ने बताया कि 18 मार्च से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है, जिससे प्रदेश के तापमान में हल्की गिरावट आ सकती है। 18 मार्च से लेकर 20 मार्च तक प्रदेश के कई संभागों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। इस दौरान कहीं-कहीं 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाओं के चलने के आसार हैं। अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश का मौसम शुष्क रहेगा। तापमान में विशेष कोई परिवर्तन नहीं होगा।

# शिकायत: प्रकरण निपटाने में पटवारियों ने की लेटलतीफी

## 129 से ज्यादा मामालों पर की गई सुनवाई

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** साहब में कोविंद बाजपेई अधिवक्ता हूं, मेरी क्लाइंट सरिता वाजपेयी का अकबरपुर गांव में 3000 वर्गफीट का प्लॉट है, लेकिन खसरा क्रमांक 18 में जमीन की बंटान करने में पटवारी अभिषेक शर्मा जानबूझकर देरी कर रहे हैं। इतना ही नहीं पटवारी ने प्रकरण की फाइल भी गुमा दी है। नए पटवारी अतुल की ओर से फिर से कार्रवाई के लिए फाइल रीडर को दी है। इससे हमें परेशान होना पड़ रहा है। ऐसी ही एक अन्य शिकायत सुरेश नामक व्यक्ति ने भी एडीएम अंकुर मेश्राम से की। सुरेश ने एडीएम मेश्राम को हस्तलिखित पत्र में शिकायत करते हुए बताया कि ताज नामक पटवारी मुआवजे की फाइल आगे बढ़ाने के नाम पर 5 हजार की रिश्वत मांग रहा था। बाद में आधे मुआवजे की ही मांग करने लगा। इस कारण मैं बहुत परेशान हो गया हूं। ऐसे में अधिकारियों ने अकबरपुर ग्राम वाले मामले में तहसीलदार कोलार और सुरेश वाले मामले में तहसीलदार बैरागढ़ को जांच सौंपी है। मंगलवार को आयोजित हुई जनसुनवाई में ऐसे ही 129



प्रकरणों पर एडीएम सुमित पांडेय, अंकुर मेश्राम सहित अन्य अधिकारियों ने सुनवाई की।

**सीबीएसई स्कूल के नाम पर एडमिशन लेकिन नहीं हुआ भवन निर्माण :** ऐशबाग निवासी कपिल साहू ने आवेदन देते हुए बताया कि उनका बेटा युवराज साहू सहित कई अन्य छात्र सीबीएसई से संबंद्ध सेम इंटरनेशनल स्कूल में अध्ययनरत हैं, लेकिन इस स्कूल में आरटीई के नियमों को ठेंगा दिखाते हुए धोखाधड़ी की जा रही है। इससे छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। आरटीई के तहत मेरे बेटे का स्कूल रायसेन रोड सेम इंटरनेशनल में आंवटित किया गया था।

### टीसी के लिए 40 हजार मांग रहा स्कूल संचालक

इसी तरह छावनी पठार निवासी नैना कुंडे ने शिकायती आवेदन देकर बताया कि उनके बच्चे न्यूटन हायर सेकंडरी स्कूल में अध्ययनरत थे। लेकिन आर्थिक तंगी की वजह से परिवार इंद्रपुरी से छावनी पठार शिफ्ट हो गया। वे खुद झाड़ू पोछा कर घर का खर्च चलाती हैं। पति भी एक निजी कारखाने में काम करते हैं। इसलिए स्कूल से टीसी की मांग की, ताकि छावनी पठार में ही किसी स्कूल में बच्चों का एडमिशन कराया जाए, लेकिन स्कूल का प्राचार्च वाल्मीकि तिवारी टीसी के बदले 40 हजार रुपए मांग रहा है। कई बाद प्राचार्य को टीसी देने के लिए निवेदन किया, उन्होंने टीसी नहीं दी। इस पर डीपीसी को जांच के निर्देश दिए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### भोज विवि ने बढ़ाई अंतिम तिथि, अब 30 होंगे प्रवेश

**नगर संवाददाता, भोपाल।** भोज मुक्त विश्वविद्यालय में जनवरी सत्र के लिए यूजी और पीजी कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। विश्वविद्यालय ने अंतिम तारीख 30 मार्च तक बढ़ा दी है। इससे पहले प्रवेश की आखिरी तारीख 15 मार्च थी। यूजी और पीजी कोर्स में अब तक 5 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। प्रवेश की संख्या कम होने के कारण विश्वविद्यालय ने तारीख बढ़ाई है। भोज विश्वविद्यालय को यूजीसी के डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो (डीईबी) से यूजी, पीजी और पीजी डिप्लोमा स्तर के लगभग 45 कोर्सों की मान्यता मिली हुई है। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि नई व्यवस्था के तहत छात्रों को पहले डीईबी पोर्टल पर जाकर अपनी यूनिक आईडी बनानी होगी। इसके बाद ही वे भोज विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। अधिकारियों के अनुसार डीईबी आईडी से दूरस्थ शिक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का डेटा सुरक्षित रहेगा और उनकी शैक्षणिक जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हो सकेगी। इससे प्रवेश प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनेगी।

### डिप्रेशन के चलते बुजुर्ग ने की खुदकुशी, मौत

**जागरण, भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र में बुजुर्ग ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक ने कोई सुसाइड नोट नहीं छोड़ा है। जिससे आत्महत्या के कारणों खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस की शुरुआती जांच में डिप्रेशन का शिकार होने के चलते बुजुर्ग ने आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 76 वर्षीय अर्जुन सिंह प्रजापति नगर में रहते थे। वह सिलाई मशीन सुधारने का काम करते थे। पत्नी की मौत के बाद वह अकेले रह रहे थे। जिसके चलते मानसिक रूप से तनाव में रहते थे। मंगलवार सुबह 9 बजे उन्होंने गमछे से फांसी का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। पड़ोसी कमलेश राठौर की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

### तहसीलदार की जमानत याचिका सुको से खारिज

**जागरण, श्योपुर।** जिले की विजयपुर तहसील में पदस्थ तहसीलदार अमिता सिंह तोमर की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। 2021 में आई भीषण बाढ़ के दौरान राहत कार्यों में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार के आरोपों में फंसी तोमर की अग्रिम जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी है। यह मामला उस समय का है, जब श्योपुर में आई बाढ़ के बाद राहत सामग्री और मुआवजे के वितरण में अनियमितताओं के आरोप सामने आए थे।

# बैसली नदी किनारे बसे 140 परिवारों को बेदखली नोटिस

**जागरण, ग्वालियर।** प्रदेश के ग्वालियर में बैसली नदी किनारे बसे 140 परिवारों को नगर निगम द्वारा जारी किए गए बेदखली नोटिस अब राजनीतिक विवाद का कारण बन गए हैं। इस मुद्दे ने भारतीय जनता पार्टी के भीतर ही मतभेद उजागर कर दिए हैं। वहीं प्रभावित परिवार भी दो गुटों में बंट गए हैं और अलग-अलग नेताओं के माध्यम से न्याय की मांग कर रहे हैं। कुछ परिवार पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल के जरिए अपनी समस्या उठा रहे हैं, जबकि अन्य भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल के माध्यम से प्रशासन तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। एक ही मुद्दे पर पार्टी के भीतर अलग-अलग आवाजें उठने से राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई हैं। पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल ने



**पीड़ितों ने निगमायुक्त और कलेक्टर तक रखा अपना पक्ष**

आरोप लगाया है कि बैसली नदी के किनारे हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में भेदभाव किया जा रहा है। उनका कहना है कि रसूखदार लोगों के अतिक्रमण को नजरअंदाज कर गरीब परिवारों को नोटिस जारी किए हैं। वे लंबे समय से अतिक्रमण हटाने की मांग कर रहे हैं।

### पन्ना में महिला ने तीन बच्चों को दिया जन्म

**जागरण, पन्ना।** शहर के निजी अस्पताल में महिला ने जटिल ऑपरेशन के बाद एक साथ तीन बच्चों (दो लड़के और एक लड़की) को जन्म दिया। इस दौरान महिला का हीमोग्लोबिन लेवल कम था, लेकिन डॉक्टरों की टीम और युवक के समय पर किए गए रक्तदान से जच्चा-बच्चा की जान बचाई जा सकी। रामपुर निवासी संजीदा खातून (पति अमीन खान) को गंभीर स्थिति में अस्पताल लाया गया था, उनका हीमोग्लोबिन स्तर गिरकर मात्र 4 पर पहुंच गया था। तीन बच्चों की डिलीवरी के साथ इतना कम हीमोग्लोबिन डॉक्टरों के लिए एक बड़ी चुनौती थी। डॉक्टरों और नर्सों की टीम ने चुनौतीपूर्ण सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। उन्होंने विशेषज्ञता से संजीदा की जान बचाई और तीनों नवजातों को सुरक्षित दुनिया में लाए। रात करीब 1 बजे सरफराज मोहम्मद ने तुरंत रक्तदान कर जान बचाने में मदद की।

# क्रिकेटर कुलदीप का ग्रैंड रिसेप्शन, सीएम योगी समेत कई दिग्गज हस्तियां पहुंचीं

**लखनऊ, जेएनएन।** टीम इंडिया के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव की शादी के बाद मंगलवार को लखनऊ में उनका भव्य रिसेप्शन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में क्रिकेट दिग्गजों के साथ मशहूर राजनीतिक हस्तियों का जमावड़ा देखने को मिला। कुलदीप यादव ने 14 मार्च को अपनी बचपन की दोस्त वंशिका सिंह के साथ शादी की थी। यह शादी उत्तराखंड के खूबसूरत हिल स्टेशन मसूरी में परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में हुई थी। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी क्रिकेटर कुलदीप यादव के रिसेप्शन में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कुलदीप और वंशिका को आशीर्वाद दिया और क्रिकेटर के परिजनों के साथ फोटो खिंचाई। लखनऊ में हो रहे इस रिसेप्शन में क्रिकेट और राजनीति



की कई बड़ी हस्तियां शामिल हुईं। भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर और युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल रिसेप्शन में पहुंचे। वहीं पूर्व ओपनर शिखर धवन और ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा भी अपनी पत्नी के साथ समारोह में पहुंचे।

### ९०० से ज्यादा मेहमान, चार चार्टर्ड प्लेन का इंतजाम

रिसेप्शन में करीब ९०० से ज्यादा मेहमानों को न्योता दिया था। खास मेहमानों के लिए चार चार्टर्ड प्लेन का इंतजाम किया था। वीवीआईपी मेहमानों को देखते हुए होटल में सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। परिसर में बम और डॉग स्क्वॉड भी तैनात की, ताकि कार्यक्रम पूरी तरह सुरक्षित तरीके से संपन्न हो सके। इससे पहले शादी के बाद जब कुलदीप यादव अपने घर कानपुर पहुंचे तो उनका भव्य स्वागत किया गया। उनके घर के बाहर सड़क से लेकर घर के गेट तक रेड कारपेट बिछाया गया था।

# शहर में हो रही 65 फीसदी की प्रस्तावित बढ़ोत्तरी का विरोध, यह बाजार मूल्य से अधिक: विशेषज्ञ

### जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में आज 63 आपत्तियों पर होगा विचार

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** कलेक्टर गाइडलाइन में होने वाली संभावित बढ़ोत्तरी को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक की जाना है। गत सप्ताह भी जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें बैठक में शामिल हुए जनप्रतिनिधियों, विभिन्न कालोनियों के रहवासियों और कालोनाइजर से दावे आपत्ति बुलवाए गए थे। इस दौरान करीब 63 आपत्तियां जिला मूल्यांकन समिति को विचार करने के लिए प्राप्त हुई हैं। जिन पर आज बैठक के दौरान चर्चा की जानी है। बता दें कि बैठक में जमीनों के दामों में की गई बेतहाशा बढ़ोत्तरी का मुद्दा छाया रहेगा। इस दौरान 65 फीसदी की प्रस्तावित बढ़ोत्तरी को लेकर भी आपत्ति आई है, जिसे लेकर प्रो. रूपक राव ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए शहर की प्रस्तावित दर बढ़ाकर 48,000 रुपए प्रति वर्ग मीटर कर दी गई है, जो लगभग 65 फीसदी अधिक है। जो की बाजार के वास्तवित मूल्य से कई अधिक है। प्रो राव ने समिति से अनुरोध किया है कि दरों पर एक बार फिर से विचार किया जाए।

आपत्तियों में ज्यादातर इलाकों में असामान्य रूप से की बढ़ोत्तरी का विरोध किया है। कई जगहों पर मौजूदा गाइडलाइन भाव से भी कम दाम पर रजिस्ट्री हो रही है। इसके बाद भी दाम बढ़ाए जा रहे हैं।

**यह प्रमुख आपत्तियां पहुंची समिति के पास**

- बैरासिया के ग्राम माहोली में जमीन का वर्तमान भाव 12 हजार रुपए वर्ग मीटर है। जबकि यहां के सागरधाम, पाल विहार, माया विहार, रतन नगर में यह साढ़े 6 हजार है। नई गाइड लाइन में माहोली का भाव 25 हजार रुपए प्रति वर्ग मीटर कर दिया गया है, जो कि बहुत अधिक है।
- भौंरी में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा कम, जबकि रजिस्ट्री कराने पर दर अधिक है। इस पर अजलम सिंह मीना व अन्य लोगों ने आपत्ति ली है। मीणा ने बताया कि भौंरी क्षेत्र की शासकीय गाइडलाइन प्रति हेक्टेयर 5 करोड़ निर्धारित की थी, अब शासन उस क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण कर रहा है। इसलिए किसानों को 2 करोड़ 40 लाख रुपए की दर जो कि मौजूदा गाइडलाइन से लगभग 58 प्रतिशत कम प्रस्तावित की गई है।
- शिवानी होम्स करोंद निवासी सागर जैन ने आपत्ति लेते हुए बताया कि भौंरी जोन में आवासीय दर 14 हजार रुपए वर्ग मीटर प्रस्तावित है, जो बिल्कुल उचित नहीं है। क्योंकि वर्तमान गाइडलाइन दर 10 हजार रुपए वर्ग मीटर से भी काफी कम दाम पर प्लाटों की रजिस्ट्री हो रही हैं। भौंरी में ज्यादातर प्लॉट 500 वर्गफुट से लेकर 600 वर्गफुट के काटे गए हैं। इसलिए वर्तमान गाइडलाइन दर को 10 हजार रुपए वर्ग मीटर से भी कम कर देना चाहिए।




# दिमागी सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है परफॉर्मेंस अप्रेजल ?


**नई दिल्ली, जेएनएन।** एम्प्लॉई की प्रोफेशनल ग्रोथ के लिए परफॉर्मेंस अप्रेजल सबसे महत्वपूर्ण होता है। लेकिन यह वक्त मेंटल और ब्रेन हेल्थ के लिए काफी चैलेंजिंग भी होता है। इस वक्त प्रोफेशनल वर्कर्स को एंग्जायटी, स्ट्रेस, डिसऑर्डर्स का सामना करना पड़ता है। आमतौर पर उन्हें इस बात की जानकारी नहीं होती कि वो किस मेंटल कंडीशन से गुजर रहे हैं और यह स्थिति उनकी हेल्थ के साथ अप्रेजल पर नेगेटिव इफेक्ट डाल देती है। लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि कुछ उपायों से मेंटल हेल्थ को कंट्रोल में रखकर बेस्ट अप्रेजल मिल सकता है।

हेल्थ-वॉच

### परफॉर्मेंस अप्रेजल टाइम बढ़ा देता है एंग्जायटी

परफॉर्मेंस अप्रेजल का टाइम एम्प्लॉई के मन में अक्सर एंग्जायटी बढ़ा देता है। क्योंकि, यह पीरियड उनके आने वाले साल की प्रोफेशनल ग्रोथ को तय करने वाला साबित होता है। इस वजह से उन्हें डर लगा रहता है कि एक गलत रिव्यू उनके पूरे करियर के ग्राफ के बिगड़ने का कारण बन सकता है और उनकी मेहनत पर पानी फेर सकता है। इसी कारण उनपर अपनी वैल्यू साबित करने का प्रेशर लगातार बना रहता है, जिससे कई मेंटल प्रोब्लम्स हो सकती हैं। अप्रेजल के दौरान अक्सर देखी जाने वाली मेंटल प्रोब्लम्स में परफॉर्मेंस एंग्जायटी सबसे आम है। एंप्लाई को इस बात की लगातार चिंता लगी रहती है कि उनके काम को पॉजीटिव तरीके से आंका जाएगा या फिर नेगेटिव तरीके से। इस एंग्जायटी की वजह से ओवरथिंकिंग, कॉन्फिडेंस में कमी और गलती होने का डर बना रहता है। कुछ मामलों में लोगों को पूरे साल अच्छा परफॉर्म करने के बाद भी अपनी कैपाबिलिटी पर शक होने लगता है।

**एडजस्टमेंट डिसऑर्डर की समस्या:** अप्रेजल साइकिल की वजह से लोगों को एडजस्टमेंट डिसऑर्डर का भी सामना करना पड़ सकता है। जिम्मेदारियों व टीम स्ट्रक्चर में बदलाव और खराब परफॉर्मेंस रेटिंग के बाद कुछ लोगों को एडजस्ट करने में मुश्किल होने लगती है। जब व्यक्ति इन बदलावों को भावनात्मक रूप से स्वीकार नहीं कर पाता है तो बेचैन, तनावग्रस्त और हतोत्साहित हो जाता है।




मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या.** : 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।